# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 12 सितंबर 2026


## खबर संक्षेप

### ईशान किशन ने बनाया 16 मैचों से कप्तानी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ईशान किशन की कप्तानी में ईस्ट जोन ने 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन चैंपियन बना।



ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए, जबकि साउथ जोन 336 रन पर सिमट गया। कप्तान के तौर पर ईशान का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अजेय क्रम 16 मैचों तक पहुंच गया है।

### राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए मिली अनुमति

**इंदौर।** राहुल गांधी के कार्यक्रम से नौ दिन पहले इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने कांग्रेस को रीजनल पार्क मैदान की अनुमति दे दी है।



50 हजार वर्गफीट जमीन तीन दिन के लिए दी गई है। इसके एवज में जीएसटी समेत कुल 10.08 लाख रुपए जमा करने को कहा गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मुताबिक राशि जमा कर दी गई है और अनुमति मिल गई है।

### रसोइए ने पति के साथ हेडमास्टर को पीटा

**श्योपुर।** किला रोड स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईया नसीर बानो और



उसके पति इस्माइल ने हेडमास्टर कमलजीत सिंह से मारपीट कर दी। आरोप है कि महिला ने दौड़ा-दौड़ाकर चप्पलों से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हेडमास्टर के मुताबिक, उन्होंने बानो से कहा था कि बच्चों को उनके हाथ का खाना पसंद नहीं आता।

### भालू के हमले में ग्रामीण की गई जान

**रायसेन।** बाड़ी थाना क्षेत्र के पाली गांव के जंगल में भालू के हमले में 50 वर्षीय ग्रामीण गुड्डू धानक की मौत हो गई। गुड्डू गुरुवार दोपहर



लकड़ी लेने जंगल गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। ग्रामीणों को वह जंगल में गंभीर हालत में मिले। भालू ने उनके चेहरे और जबड़े को बुरी तरह नोंच दिया था, जबकि आंखों पर भी गंभीर चोटें आई थीं। अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में दो दिवसीय यात्री परिवहन विजन समिट-2026 का किया शुभारंभ

# सीएम ने कहा - 2030 के अंत तक 75 प्रतिशत गांवों तक बसें पहुंचाएंगे

**मप्र में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ 25 सितंबर से**



*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक बसों और 5 लाख किमी सड़कों का नेटवर्क तैयार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में इसी महीने 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक बसों और 5 लाख किमी सड़कों का नेटवर्क तैयार है। यह परिवहन सेवा सभी की जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए सुगम, सरल, सुरक्षित, आधुनिक और भरोसेमंद बस सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 2030 के अंत तक प्रदेश के 75 प्रतिशत गांवों तक बसें पहुंचा देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत 'यात्री परिवहन विजन समिट-2026' के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बस परिवहन सेवा हमारे लिए चुनौती के साथ ही एक बड़ा अवसर भी है। उन्होंने निजी बस ऑपरेटर्स, बस निर्माता कंपनियों, इंडस्ट्री पार्टनर्स और स्टेक होल्डर्स से अपील करते हुए कहा कि बदलते समय में मप्र में बढ़ते अवसरों को पहचाने और प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए सरकार के साथ जुड़ें।

**देश की फाइनेस्ट पब्लिक ट्रांसपोर्ट मॉडल बनेगी मप्र की सुगम बस सेवा**



रिमोट से एमपी मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज 2026 का शुभारंभ करते सीएम

**आधुनिक, सुरक्षित, भरोसेमंद, ग्रीन एंड डिजिटल मोबिलिटी वाली बस सेवा बनेगी प्रदेश की पहचान**

**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से मजबूत होगी ग्रामीण अंतर्जिला और अंतर्राज्यीय बस कनेक्टिविटी**

### मप्र में सुरक्षित, सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था

सचिव परिवहन मनीष सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित, सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की गई है। उन्होंने समिट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की जरूरत, पृष्ठभूमि, नवीन व्यवस्था के सृजन, व्यवस्था के तीन प्रमुख स्तंभ और संस्थागत संरचना का अपने संबोधन में प्रस्तुतीकरण दिया।

**सचिव परिवहन मनीष सिंह ने बताया**

- प्रदेश के 55 जिलों का रूट सर्वे किया जा चुका
- लगभग 150 सिटी, 450 इंटरसिटी और 436 इंटरस्टेट मार्ग विकसित किए जाएंगे
- बसों में सीसीटीवी, जीपीएस, पैनिक बटन एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग

### मप्र में बने बने इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजन देश-दुनिया में सप्लाई हो रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि प्रदेश में ई-व्हीकल्स शुरू हो रहा है। अब हमारी धरती पर बने इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजन देश-दुनिया में सप्लाई हो रहे हैं। एक विशेष एमओयू भी किया गया है। उसके माध्यम से यात्रियों को टू-व्हीलर से सुगम परिवहन बस तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल के कार्यकाल में मप्र में सबसे तेज गति से 74 हजार किमी राजमार्गों का निर्माण हुआ है। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे कॉरिडोर मप्र में 8 लेन होकर गुजरता है।

### 'लेट्स क्रिएट ए लोगो' प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्री परिवहन विजन समिट-2026 स्मारिका और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन तक आम नागरिकों की पहुंच को अधिक सुगम बनाने और फर्स्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए एमपीवायपिल और रैपिडो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया।



मेले में भीड़

### छिंदवाड़ा के गोटमार मेले में जमकर पत्थरबाजी

## 1321 घायल, 8 गंभीर जख्मी नागपुर रेफर, विधायक ने भी फेंके 'पत्थर'



ग्रामीणों के सिर फूटे

- झंडे पर कब्जे के लिए पांढुर्णा सावरगांव पक्ष आमने-सामने
- पत्थरबाजी के बीच युवक ने काटा पलाश का झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा में शुक्रवार को गोटमार मेले के दौरान झंडे पर कब्जे को लेकर पांढुर्णा और सावरगांव पक्ष के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें 1321 लोग घायल हुए, जबकि गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया। शाम को पांढुर्णा पक्ष के एक युवक ने जाम नदी के बीच लगे पलाश के झंडे को कुल्हाड़ी से काट दिया। झंडा चंडी माता मंदिर पहुंचते ही मेले का समापन हो गया।

### जयपुर में एक घर में 4 हत्याएं

## सुबह 4 बजे पत्नी और तीन बेटियों को मार डाला

पत्थरों के टुकड़ों से सिर पर किए ताबड़तोड़ वार



दाएं पत्नी के साथ आरोपी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के करधनी थाना इलाके के गोविंदपुरा क्षेत्र में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी और 3 बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। घर के अंदर खून से सनी 4 लाशें मिलने के बाद से आसपास के पड़ोसी और स्थानीय लोग सहम गए हैं। वहीं, हत्याकांड के बाद से आरोपी मौके से फरार चल रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आरोपी राहुल झा ने शुक्रवार सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच अपने ही घर में पत्नी और 3 जवान बेटियों की हत्या कर दी।

**ये हाल है :** सीधी में सांसों के लिए तड़पता रहा मासूम

# अस्पताल में न मास्क मिला न एंबुलेंस में ऑक्सीजन, छह साल के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

चुरहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल पहुंचे छह वर्षीय बैगा समुदाय के बच्चे को समय पर ऑक्सीजन मास्क नहीं मिल सका। गंभीर हालत में रीवा रेफर किए गए बच्चे के लिए 108 एंबुलेंस भी करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची। रास्ते में हालत बिगड़ने पर बच्चे ने दम तोड़ दिया। कैमोर निवासी रोहित बैगा की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसकी मां मुन्नी बैगा उसे लेकर चुरहट अस्पताल पहुंचीं। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया।



अचेत हालत में मासूम

**चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला**

**पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज किया केस, मां और उसका प्रेमी फरार**

खून से लथपथ हालत में पिता के पास पहुंची पीड़िता

# मां ने ही कथित प्रेमी से कराया नाबालिग बेटी से दो बार दुष्कर्म





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बमीठा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने उसकी मां और 35 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी को खेत में ले जाकर उसके साथ दो बार दुष्कर्म कराया। घटना के बाद पीड़िता दर्द और खून से लथपथ हालत में पिता के पास पहुंची, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पिता बच्ची को लेकर बमीठा थाने पहुंचे। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता कक्षा आठवीं की छात्रा है और उसके पिता खेती-किसानी करते हैं।

बरायठा के जंगल में पुलिस और आरोपी रवि के बीच हुई फायरिंग

# सागर में जहरीली शराब कांड के आरोपी को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ा, 20 हजार था इनाम

- एक अन्य आरोपी से अतिक्रमण मुक्त कराई 4.79 हेक्टेयर भूमि
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सागर में जहरीली शराब मामले में शुक्रवार को मुख्य आरोपी रवि लखेरा को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बरायठा के जंगल में पुलिस और रवि के बीच फायरिंग हुई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। इस पर 20 हजार का इनाम था। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने इसकी पुष्टि की है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर माफिया और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सागर जिले में कार्रवाई जारी है।



आरोपी रवि लखेरा अस्पताल में भर्ती

**आरोपी ने पुलिस पर की 3 राउंड फायरिंग**

पुलिस अधीक्षक सुजानिया ने बताया कि आरोपी रवि लखेरा की लोकेशन बरायठा के जंगल में यूपी बॉर्डर के पास खैराहा गांव में मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रवि अपने दो साथियों के साथ बाइक से भागने लगा।

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती 3 और मरीजों ने दम तोड़ा

जहरीली शराब पीने से अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है।



गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती 3 और मरीजों ने दम तोड़ा था। हालांकि, प्रशासन 16 मौतों की ही पुष्टि कर रहा है। पुलिस ने अब तक 33 लोगों को आरोपी बनाया है।




डीआईएलआरएमपी 3.0 के दिशा-निर्देश लॉन्च, शिवराज ने किया शुभारंभ

# एकीकृत, जीआईएस आधारित 'लैंड स्टैक' किया जाएगा विकसित, हर भू-खंड को मिलेगा 14 अंकों वाला भू-आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) 3.0 के परिचालन दिशानिर्देशों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यों के राजस्व मंत्रियों, प्रधान सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। 2026-2031 के लिए 565.50 करोड़ के बजटीय प्रावधान के साथ एकीकृत, जीआईएस-आधारित 'लैंड स्टैक' विकसित किया जाएगा। देश के प्रत्येक भू-खंड को 14 अंकों वाला यूनिवर्सल लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर भू-आधार प्रदान किया जाएगा।

### भूमि किसानों के गौरव और पीढ़ियों की पहचान का प्रतीक



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि डीआईएलआरएमपी 3.0 ग्रामीण नागरिकों, किसानों और संपत्ति मालिकों के लिए जीवन को आसान बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में भूमि का संबंध भावनात्मक और पारिवारिक पहचान से गहराई से जुड़ा है, इसलिए भूमि से जुड़े सटीक और आसानी से उपलब्ध दस्तावेज अहम हैं।

**99.90% अभिलेखों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया**

चौहान ने कहा कि डीआईएलआरएमपी के पिछले चरणों में 99.90फीसदी अधिकार अभिलेख और 97फीसदी कैडस्ट्रल मैप्स का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है। 99 फीसदी सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण भी पूरा हो चुका है। अब पूरी प्रणाली के एकीकरण की दिशा में काम होगा।

### सभी जानकारी एक साथ होंगी

इसमें जियो-रेफरेंस्ड कैडस्ट्रल मैप, अधिकारों के रिकॉर्ड, संपत्ति पंजीकरण और संबंधित अदालती मामलों जैसी भूमि से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से एक साथ लाया जाएगा।

### 75 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बनेंगे आधुनिक पंजीकरण सेवा केंद्र

ज्यादा भीड़ वाले 75 सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर आधुनिक पंजीकरण सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केंद्रों में डिजिटल कतार प्रबंधन और नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सीधे भूमि रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा

राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाकर सीधे भूमि रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा। लंबित मामलों की संख्या कम करना और म्यूटेशन से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी लाना है।

### शहरी भूमि रिकॉर्ड के लिए 'नक्शा' को मिलेगी गति

अर्बन लैंड मैपिंग (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट को गति दी जाएगी। इसके तहत सटीक और जीआईएस आधारित शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जाएंगे तथा अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड जारी किए जाएंगे। इससे शहरी क्षेत्रों में संपत्तियों की पहचान और रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 100% केंद्रीय वित्तपोषण

डीआईएलआरएमपी 3.0 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 100 फीसदी केंद्रीय वित्तपोषण के साथ चरणबद्ध और प्रदर्शन आधारित व्यवस्था के तहत लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का वित्तीय प्रबंधन सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### शाह ने डॉ. भागवत को शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि संघ प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक का उनका सफर राष्ट्र सेवा, सामाजिक सद्भाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति समर्पण का एक बेमिसाल उदाहरण है।

### फरार पीजी संचालक त्यागी ने किया आत्मसमर्पण



**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत ढहने के मामले में फरार आरोपी और पीजी संचालक शुभम त्यागी ने शुक्रवार को पटियाला हाउस अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने इमारत ढहने की परिस्थितियों के बारे में पूछताछ और जांच के लिए त्यागी को 2 दिन के लिए हिरासत में देने की मांग की है।

### अलायंस एयर का विमान आपात स्थिति में उतरा



**नई दिल्ली।** अलायंस एयर का विमान इंजन में खराबी आने के बाद शुक्रवार अपराह्न आपात स्थिति में दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। विमान में करीब 40 लोग सवार थे। विमान सुरक्षित रूप से उतरा। एयरलाइन कंपनी प्रयागराज से राष्ट्रीय राजधानी के लिए एटीआर 72-600 विमान से उड़ान संख्या 9आई 698 का संचालन कर रही थी। यह दो इंजन वाला विमान है।

### कैफे के बाहर 15 राउंड फायरिंग, 2 घायल



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कम्युनिटी सेंटर के पास एक कैफे के बाहर स्कूटर सवार 2नकाबपोश लोगों ने कथित तौर पर गोलीबारी कर दी। इसमें दो लोग घायल हुए। हमलावरों ने करीब 15 गोलियां चलाईं और दोनों को गोली लगी। घायल मोहम्मद इरशाद ने बताया वह और दूसरा पीड़ित रात करीब डेढ़ बजे कैफे से बाहर निकले थे। तभी स्कूटर आए।

### नांदेड़ में 9 लोगों की मौत प्रधानमंत्री ने शोक जताया



**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसा नांदेड़-भोकर हाईवे पर वाकद गांव के पास सीताखंडी इलाके में हुआ। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हादसे पर प्रधानमंत्री ने शोक जताया है।

---

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में सीतारमण ने कांग्रेस पर कसा तंज

# 'नाराज फूफा' देश की क्षमताओं पर संदेह का कोई मौका नहीं छोड़ रहे

## कुछ लोग जनसांख्यिकीय लाभांश को हमेशा निराशा भरी नजरों से देख रहे

देश डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में अव्वल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की तेज वृद्धि और युवा शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तविक समय में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का अनुभव कर रहा है। देश डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में विश्व में अग्रणी है। यूपीआई के जरिए अरबों के लेनदेन हो रहे हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने विरोधी दलों पर भी करारा तंज कसा।

उन्होंने संशयवादियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जनसांख्यिकीय लाभांश को सदा निराशा भरी नजरों से देखते हैं। प्रधानमंत्री के शब्द 'नाराज फूफाजी' का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोग भारत की आगे बढ़ने की गति और युवाओं की क्षमताओं पर संदेह करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वे टेलीविजन स्टूडियो में बहस करते हुए समय बिताते हैं। उनका सवाल होता है कि क्या जनसांख्यिकीय लाभांश हाथ से निकल गया है या बोझ बन गया है।

### भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत



सीतारमण ने इस सोच को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा तय कर रहा है। हमें इस प्रगति का उत्सव मनाना चाहिए। नकारात्मक सोच वाले लोगों की तरह नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह देश के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार है।

### एक संघीय उद्योग मंच बनाने पर जोर दिया

सीतारमण ने एक संघीय उद्योग मंच बनाने पर जोर दिया। यह मंच व्यापक भारतीय प्रौद्योगिकी परिवेश को एक साथ लाएगा। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक को थोक और खुदरा केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा पायलट को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। यह कदम डिजिटल वित्तीय प्रणाली को मजबूत करेगा। यह नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

### भाजपा प्रवक्ता पात्रा बोले

#### भारत की प्रगति नहीं पचा पा रहा विपक्ष, नकारात्मक माहौल बना रहा



भाजपा ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर 'नकारात्मक माहौल' बनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, विपक्षी दल भारत की इस प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। भाजपा ने कहा कि जहां 2011-12 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान ब्रिक्स के भीतर भारत अपनी स्थिति खोता हुआ दिख रहा था, वहीं आज सभी ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत में मौजूद हैं।

**ब्रिक्स पर कांग्रेस के नेता आपस में ही भिड़े, एक ने इसे विकासशील देशों के लिए अहम मंच बताया**

### चिदंबरम ने कहा- इससे क्या मिला? थरूर ने गिना दिए भारत को मिलने वाले फायदे भूमिका व कूटनीतिक ताकत बताई, सम्मेलन की मेजबानी देश के लिए गर्व की बात

ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस के भीतर ही अलग-अलग राय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने सवाल उठाया था कि 2-3 ब्रिक्स सम्मेलनों से भारत को आखिर कितने ठोस फायदे मिले हैं? अब उनकी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर ने इस के महत्व और भारत को इससे होने वाले कुछ फायदों को गिनाया है। थरूर ने कहा कि ब्रिक्स स्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के लिए अहम मंच है। उन्होंने कहा कि 100 से ज्यादा देश हैं, लेकिन इसमें 11 प्रमुख देश विचारों को सामने रखते हैं।



शशि थरूर और पी. चिदंबरम

#### भारत को जारी करनी पड़ी थी चेयर की घोषणा

थरूर ने कहा कि विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक में ब्रिक्स देशों के बीच साझा घोषणा पर सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद भारत ने ब्रिक्स अध्यक्ष के तौर पर अपनी ओर से चेयर की घोषणा जारी की थी। अगर फिर साझा बयान पर सहमति नहीं बनती है तो कुछ लोग इसे झटकामान सकते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों के मतभेदों को संभालना और उनके बीच सहमति बनाना भारतीय राजनयिकों के सामने बड़ी चुनौती होगी।

---

गणेश पूजा में शराब की बिक्री

# रोक लगाने से भड़का हाईकोर्ट 10 दिन में तो बीमार हो जाएंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की धूम रहती है। 10 दिन तक चलने वाले इस पूजा के दौरान पुणे के जिला प्रशासन ने शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। जब यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचा तो जज ने जिला प्रशासन के इस फैसले की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि सिर्फ एक जिले को ही क्यों चुना गया, जबकि मुंबई सहित महाराष्ट्र के किसी भी जिले में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासन को यह आदेश वापस ले लेना चाहिए वरना कोर्ट को दखल देना पड़ेगा। जिला प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ होटल मालिकों और शराब की दुकान के मालिकों के संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। चीफ जस्टिस एमसी त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा कि जिन्हें शराब बेचने का लाइसेंस प्राप्त है उन्हें 10 दिन तक अपना कारोबार करने से रोकने के लिए कहना पूरी तरह से मनमाना है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी पाबंदी से शराब की लत वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। चीफ जस्टिस त्रिपाठी ने मजाकिया लहजे में कहा,अगर उन्हें 10 दिनों तक शराब नहीं मिली तो वे अस्पतालों में भर जाएंगे।

### सिर्फ एक जिले में क्यों बैन?

पुणे कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 14 सितंबर से शुरू होने वाले गणेश उत्सव के दौरान बिक्री पर रोक लगाई गई थी। बेंच ने कहा कि सिर्फ पुणे को चुनने के पीछे क्या तर्क है? हम ऐसी प्रथा की निंदा करते हैं। आप पूरे राज्य में से सिर्फ एक जिला चुन रहे हैं।

### खालिद के समर्थन में नारे लगाना राष्ट्र विरोधी नहीं



मुंबई की एक कोर्ट टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के छात्र अभिरूप आशीष पॉल को जमानत दे दी है। पॉल को जेल में बंद दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया था।अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दत्तात्रेय शंकरराव खेडेकर ने टिप्पणी की कि पॉल से पहले ही पर्याप्त समय तक हिरासत में पूछताछ की जा चुकी है। उन्हें किसी माओवादी या अन्य प्रतिबंधित संगठन से जोड़ने वाला कोई सबूत नहीं है। नप्रथम दृष्टया संदेह के अलावा, आरोपी की गतिविधियों को माओवादी मानसिकता से जोड़ने या राष्ट्र के विरुद्ध या भारत के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन से संबद्ध होने का कोई सबूत नहीं है।

---

महोबा में फसल सर्वे के नाम पर वसूली

# सर्वेयरों को पहना दी चूड़ी पेटीकोट और जूतों की माला

एजेंसी ▶▶ महोबा



फसल सर्वे के नाम पर किसानों से रुपए वसूले जाने के आरोप से भड़के ग्रामीणों ने 2सर्वेयरों को पकड़कर अनोखा विरोध किया। कोतवाली चरखारी क्षेत्र के नटर्रा गांव में ग्रामीणों ने दोनों सर्वेयरों को महिलाओं के कपड़े और चूड़ियां पहनाईं। इसके बाद गले में जूतों की माला डालकर पूरे गांव में घुमाया। इसके बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कृषि विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले में लगातार हुई बारिश से उड़द, मूंग, तिल और मूंगफली की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का दावा है कि कई जगह फसलें 90 फीसदी तक खराब हो गई हैं और खेतों में अब भी पानी भरा है। किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया था और नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के टोल-फ्री नंबर पर दी थी।

गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम

# भारत में एचपीवी वैक्सीन की 80 लाख खुराकें दी जा चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के प्रयासों में अहम उपलब्धि हासिल की है। फरवरी 2026 में शुरू हुए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन की 80 लाख से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के जरिए एचपीवी टीकाकरण की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है और किशोरियों के लिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। टीकाकरण अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री की ओर से फरवरी 2026 में किया गया था। 14 वर्ष की लड़कियों को माता-पिता की सहमति से सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वैच्छिक और निःशुल्क एकल खुराक एचपीवी टीकाकरण प्रदान किया जाता है।

बैंक फ्रॉड केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गया से गुरुग्राम और दिल्ली तक 9 ठिकानों पर छापेमारी

## 131.79 करोड़ रुपए का घालमेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गया के एक होटल ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने गया में 9 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड, इसके निदेशक अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत और नितेश से जुड़े मामले में की। यह मामला सीबीआई की एफआईआर और चार्जशीट के आधार पर दर्ज किया गया है। कथित अपराध से जुड़ी राशि करीब 131.79 करोड़ बताई गई है। ईडी का आरोप है सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह ने करीब 85 करोड़ का लोन दिया था। इसमें से लगभग 58 करोड़ गलत तरीके से दूसरी जगह इस्तेमाल किया। कुछ संपत्तियां गिरवी रखी।

### डीआरएम ऑफिस से 50 हजार की रिश्वत में अरेस्ट



**प्रयागराज** । प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (डीआरएम) में सीबीआई ने सहायक कार्मिक अधिकारी और कार्यालय अधीक्षक को कथित तौर पर 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। लोको पायलट के स्थानांतरण के मामले में दोनों आरोपी हैं।

---

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी का बड़ा ऐलान

# देश में मार्च 2027 तक लागू होगा बैरियर फ्री रूल

## टोल प्लाजा का नया नियम तैयार, सरकार 'वन टैग' सुविधा भी शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। भारत अब पूरी तरह से डिजिटल और बैरियर-फ्री टोलिंग प्रणाली की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि नई एआई आधारित प्रणाली मार्च 2027 तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके बाद गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा।इससे सालाना टोल राजस्व में करीब 10,000 करोड़ की बढ़ोतरी का अनुमान है। इसके साथ ही सरकार 'वन टैग' सुविधा भी शुरू करने जा रही है, जिससे बिना नया फास्टैग खरीदे अपना बैंक अकाउंट आसानी से बदल सकेंगे।

### टोल चौकियों पर नहीं रुकना पड़ेगा



गडकरी ने घोषणा की कि इसके चालू होने के बाद वाहन चालकों को टोल चौकियों पर बिना रुके गुजरने की सुविधा मिलेगी। एआई और निर्बाध टोल प्रणाली के जरिए टोल पर रुकने की व्यवस्था हटेगी।

**इस तरह काम करेगी यह**

यह नई व्यवस्था टोल वसूली के लिए स्वचालित वाहन नंबर प्लेट पहचान और फास्टैग को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेट) करेगी। इससे टोल प्लाजा पर वाहनों का वेटिंग टाइम पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। यदि फास्टैग का बैंक बदलना चाहते हैं, तो नया टैग लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### 80 से 90 प्रतिशत तक वेटिंग समय घटा

फास्टैग की सफलता का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसे 2014 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था और 2021 में अनिवार्य कर दिया गया। आज देश के 98 फीसदी से अधिक वाहनों में फास्टैग का उपयोग हो रहा है और 13 करोड़ से अधिक टैग जारी किए जा चुके हैं। फास्टैग ने पहले के 12 से 30 मिनट के प्रतीक्षा समय को 80 से 90 प्रतिशत तक घटा दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर फास्टैग का उपयोग अब 98 प्रतिशत से अधिक हो गया है। अब तक देश में 13 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस नई बाधा-मुक्त डिजिटल टोलिंग प्रणाली से जहां वाहन चालकों के समय की बचत होगी,पारदर्शिता भी आएगी।

नीति आयोग के सीईओ बोले

# 2047 तक विकसित देश बनने के लिए समावेशी वृद्धि जरूरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुराग जैन ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है और 2047 तक विकसित देश बनने के लिए उसे समावेशी वृद्धि की जरूरत है। जैन ने वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में कहा कि कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य और शिक्षा के मानकों पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन कुछ राज्य पीछे रह गए हैं, इसलिए हमें उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समावेश के जरिए समृद्धि हासिल करने के लिए भारत के पास मजबूत आधार है। इसके तहत सभी लोगों को उचित शिक्षा और लाभकारी रोजगार या उद्यमिता के लिए कौशल तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। हम विकसित राष्ट्र बनने के लिए समावेशी वृद्धि चाहते हैं। आय के स्तर पर जब प्रति व्यक्ति आय को मापते हैं, तो केवल यह पर्याप्त नहीं है।

जबलपुर

शनिवार 12 सितंबर 2026

- भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-2
- वर्ष : 21, अंक : 130
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7 'जेन जी' ने बदल दिया चुनावी सिलेबस

मैट्रो
14 न्याय में भरोसा ही न्यायपालिका ....


## ब्रिक्स की बढ़ती आर्थिक ताकत का जिक्र पश्चिमी देशों पर प्रतिस्पर्धा बिगाड़ने का आरोप

दिल्ली में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलनः पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात, पुतिन ने मोदी को वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस आने का न्योता दिया



गले मिलते पीएम मोदी और पुतिन

# ब्रिक्स के मंच से 'जी-7' देशों को दिखाया आईना

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 2006 में जब इस समूह की शुरुआत हुई थी, तब इसमें केवल चार देश थे। आज ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों को मिलाकर इसका परिवार 21 देशों तक पहुंच गया है*

### पुतिन ने इन आंकड़ों से बताया ब्रिक्स को आगे

**ब्रिक्स**
- पिछले 5 वर्षों में ब्रिक्स देशों ने विश्व की 40% से अधिक जीडीपी बनाई

**जी-7**
- जी-7 का हिस्सा केवल 29% रहा

**ब्रिक्स**
- दुनिया की आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 50% से अधिक रही

**जी-7**
- जी-7 केवल 18% का योगदान दे सका

**ब्रिक्स**
- विश्व का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार ब्रिक्स देशों के बीच

**जी-7**
- दुनिया के कुल व्यापार में लगभग 25% से 30% की हिस्सेदारी

**जी-7 में कौन देश**

अमेरिका, ब्रिटेन , फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा। इसके अलावा यूरोपीय संघ भी इसका प्रतिनिधित्व करता है

**ब्रिक्स में कौन देश**

ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका,मिस्र,इथियोपिया,ईरान, संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब और इंडोनेशिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस साल दोनों नेताओं की यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 31 अगस्त को किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन में उनकी मुलाकात हुई थी। बैठक में दोनों नेताओं ने राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, कौशल और लोगों के बीच संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। दोनों ने 9 से 11 सितंबर तक भारत में पहली बार आयोजित रूस की औद्योगिक प्रदर्शनी 'इनोप्रोम इंडिया' का स्वागत किया और व्यापार एवं औद्योगिक संबंधों को बढ़ाने में इसके महत्व पर जोर दिया।



पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक

## पुतिन बोले- पता नहीं क्यों इसे 'ग्रेट-7' कहते हैं?

## मोदी ने कहा- भारत दुनिया में 'आर्थिक पुल' बना रहा

### मोदी-पुतिन ने एक ही गाड़ी में किया सफर

दुनिया की तमाम उठापठक और अमेरिका-ईरान युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक खास तस्वीर निकलकर सामने आई। दोनों नेता एक कार में सवार होकर भारत मंडपम में प्रदर्शनी के लिए पहुंचे।




पुस्तक भेंट करते हुए

## मोदी ने पुतिन को प्राचीन तमिल क्लासिक 'तिरुक्कुरल' का रूसी अनुवाद भेंट किया

भारत मंडपम में रूसी राष्ट्रपति के पहुंचते ही पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया और उन्हें एक पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक रूस में अनुवाद किया गया है। 'तिरुक्कुरल' तमिल भाषा में लिखी गई रचना है। इसे तमिल कवि संत तिरुवल्लुवर ने लिखी थी, जिन्हें वल्लुवर भी कहा जाता है। तिरुक्कुरल का हिंदी मतलब है पवित्र दोहे। इस पुस्तक को करीब दो हजार साल पहले लिखा गया था।

### पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

1. ब्रिक्स देश वैश्विक नवाचार और समाधान के प्रमुख केंद्रों के रूप में भी उभर रहे हैं। जमीनी स्तर की पहलों से लेकर अत्याधुनिक तकनीकों तक नवाचार की नई संभावनाएं हमारे देशों में आकार ले रही हैं। ब्रिक्स के बढ़ते स्तर, गति और उम्मीद का असर हमारे बीच साफ दिखाई देता है।
2. भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका आधार 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है।

### राष्ट्रपति पुतिन के भाषण की प्रमुख बातें

1. पुतिन ने भारत की महिंद्रा, चीन की हुआवेई, ब्राजील की एम्ब्रेयर और यूएई की डीपी वर्ल्ड का उल्लेख किया। उन्होंने रूस की रोसाटॉम को शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में शामिल बताया।
2. पुतिन ने पश्चिमी देशों पर प्रतिस्पर्धा में अनुचित तरीके अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने, परिवहन गलियारों में बाधा डालने, समुद्री जहाजों को जब्त करने और प्रतिबंध लगाने जैसे कदमों का जिक्र किया।

**खबर संक्षेप**

### बैंक में मिर्च पावडर झोंका, 4.53 लाख लूटे

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एसबीआई की शाखा में एक आरोपी ने बैंक कर्मचारियों की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 4.53 लाख रुपए लूट लिए। घटना सक्करदरा थाना क्षेत्र की है। आरोपी सूरज बोरकर मुंह पर कपड़ा बांधकर बैंक में घुसा था। उसका पीछा किया गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया।



### कान्हा में हाथियों को मिलेगा 7 दिन आराम

**मंडला।** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में सालभर वन्यजीव सुरक्षा और गश्त में जुटे विभागीय हाथियों को सात दिन आराम मिलेगा। सुपखार परिक्षेत्र में 15 से 20 सितंबर तक पुनर्जीवन (रिजुविनेशन) कैंप आयोजित किया जाएगा। कान्हा में 16 विभागीय हाथी हैं, जिनमें 9 नर, 6 मादा और एक नवजात शामिल है।



## 8 लाख बैंककर्मियों की हड़ताल का असर

**देशभर में करीब 300 लाख करोड़ का कारोबार 'प्रभावित'**



एमपी नगर में प्रदर्शन

**मध्यप्रदेश में 15 लाख करोड़ और भोपाल में 3 लाख करोड़ का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित**

**एक लाख शाखाओं में कामकाज रहा बंद**

**भोपाल।** 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने सहित लंबित मांगों के निराकरण को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल हुई। हड़ताल में एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित सरकारी तथा कुछ निजी बैंकों के करीब 8 लाख अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। यूनियनों के अनुसार, हड़ताल से देशभर में करीब 300 लाख करोड़ रुपए, मध्यप्रदेश में 15 लाख करोड़ रुपए और भोपाल में करीब 3 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित हुआ।

**50 लाख रुपए की रिश्वतखोरी की जांच**

रिश्तेदार के खाते में ऑनलाइन रकम ट्रांसफर होने का दावा

## ड्रग्स हेराफेरी के आरोप में सीबीएन अधिकारी के घर सीबीआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार शाम नीमच स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कॉलोनी में अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव के सरकारी आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई नशीली दवाओं की जब्ती से जुड़े एक मामले में 30 से 50 लाख रुपए की कथित रिश्वतखोरी और मामले को दबाने के आरोपों की जांच के सिलसिले में की गई। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई को ऑनलाइन पैसों के संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर टीम अचानक अधिकारी के आवास पर पहुंची। तलाशी देर रात तक चली। जांच में सामने आया कि कथित रिश्वत की रकम सीधे अधिकारी के खाते में न जाकर किसी करीबी रिश्तेदार के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई।


सिद्धार्थ श्रीवास्तव

**बालाघाट में 40, दमोह में 24 घंटों में 144 मिलीमीटर बारिश**

राजधानी में गरज-चमक के साथ जमकर बरसे बादल

## लीजिए, छोटे से ब्रेक के बाद लौट आया मानसून आज भी 16 जिलों में भारी बारिश का 'अलर्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मानसूनी सिस्टम एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शुक्रवार से प्रदेश के मध्य से निकलने वाली मानसूनी ट्रफ ने प्रदेश को तरबतर कर दिया। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से आने वाले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

जिसकी वजह से शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में झमाझम बारिश हुई। शाम तक बालाघाट में 40 मिलीमीटर, दतिया में 34 मिलीमीटर और उमरिया में 33 मिलीमीटर पानी बरसा। इसके अलावा गुना, ग्वालियर, जबलपुर और सागर समेत कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई है।


भोपाल के करोंद रोड पर बारिश

**प्रदेश में कहां कितनी हुई वर्षा**

| शहर | मिलीमीटर में |
|---|---|
| सागर | 12.0 |
| सिवनी | 12.0 |
| राजगढ़ | 10.0 |
| दमोह | 7.0 |
| गुना | 4.0 |

**प्रदेश के चार बड़े शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.2 | 23.6 |
| इंदौर | 32.4 | 21.8 |
| ग्वालियर | 32.7 | 26.9 |
| जबलपुर | 31.0 | 23.0 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)




## भारत यूपीआई तकनीक द्वारा दुनिया में कारोबार के सामने आए बैरियर्स को करना चाहता है खत्म

ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पीएम मोदी बोले

# 4 से शुरू हुआ ब्रिक्स 21 देशों का परिवार आधे विश्व के बराबर, 25 फीसदी दुनिया का व्यापार इन सदस्य देशों में

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी आर्थिक वृद्धि दर दुनिया की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ी है। ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर तकनीक तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। ब्रिक्स का बढ़ते स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है।

» विश्व व्यापार के लिए समुद्री रास्तों को सुरक्षित करना होगा

» यह फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेस फोरम

» भारत में स्पेस, बायोटेक समेत कई चीजों में नई संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी मौजूद रहे। ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शामिल सभी नेताओं का पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2006 में जब ब्रिक्स समूह की शुरुआत हुई थी, तब इसमें महज 4 देश शामिल थे। आज ब्रिक्स और ब्रिक्स के सहयोगी देशों को मिलाकर 21 देशों का परिवार हो चुका है। इस समूह की जब आज दुनिया की 50 फीसदी आबादी, 25 फीसदी दुनिया का ट्रेड इन देशों में है। हमारी आर्थिक वृद्धि दर दुनिया की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ी है। ग्रासरूट से लेकर फ्रंटियर तकनीक तक हमारे देशों में इनोवेशन की नई संभावनाएं आकार ले रही हैं। ब्रिक्स का बढ़ते स्केल, स्पीड और ऑप्टिमिज्म हमारे बीच साफ दिखाई दे रही है। भारत में आयोजित यह फोरम अब तक का सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेस फोरम है।



दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026 के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के नेताओं, ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल के अध्यक्षों और ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस की अध्यक्षों के साथ समूह तस्वीर खिंचवाई

### भारत में 2 लाख स्टार्टअप्स : पीएम



पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज तेजी से विकास कर रहा है। हमने स्पेस, बायोटेक समेत कई चीजों में नई संभावनाएं तैयार की हैं। मेक इन इंडिया, इनोवेट इन इंडिया और स्केल फॉर द वर्ल्ड के तहत भारत में स्टार्टअप रिवॉलूशन हो रहा है। भारत में दो लाख स्टार्टअप्स हैं। आज विश्व के 50 फीसदी रियलटाइम पेमेंट भारत की यूपीआई तकनीक के आधार पर होते हैं। हमें ब्रिक्स के जरिए दुनिया तक पहुंचना है। पीएम मोदी ने कहा कि हम दुनिया में कारोबार के सामने आए बैरियर्स को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नाम लिए बिना कहा कि व्यापार के रूटों को सुरक्षित करना होगा। समुद्री रास्तों को सुरक्षित करना होगा।

### पश्चिमी देश प्रतिस्पर्धा करने से डरते: पुतिन



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स देशों के आपसी संबंध मजबूत हो रहे हैं। आपसी कारोबार को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य है। ब्रिक्स देशों के बीच दुनिया का करीब 40 फीसदी व्यापार होता है। ब्रिक्स के जरिए मुश्किलों का सामना कर सकते हैं। भारत की आईटी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ ही हैं। जीडीपी में जी-7 से ब्रिक्स आगे निकल गया है। उसकी जीडीपी तो 18 फीसदी ही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश प्रतिस्पर्धा करने से डरते हैं। रूस पर गलत प्रतिबंध थोपे गए हैं। इन प्रतिबंधों के बावजूद रूस आगे बढ़ा है। दुनिया में गहरे संरचनात्मक और व्यापक बदलाव हो रहे हैं।

### दुनिया कठिन दौर से गुजर रही: पेजेशकियन



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दुनिया आज सबसे जटिल दौर में से एक से गुजर रही है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और राजनीतिक दबाव बनाने के लिए आर्थिक साधनों के बढ़ते इस्तेमाल ने देशों के लिए आर्थिक माहौल को और जटिल बना दिया है। भारत में बैठक की मेजबानी के लिए सरकार और लोगों का आभार जताया। उन्होंने ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की वास्तविक ताकत सदस्य देशों की व्यापार, निवेश और संयुक्त वित्तपोषण के नेटवर्क में है।

### ब्रिक्स ने खुद को मजबूत किया: विएरा



ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा कि दुनिया के वैश्विक परिदृश्य में गहरे बदलाव हो रहे हैं और इसके पीछे ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं की दशकों से जारी लगातार वृद्धि प्रमुख वजह है। हालिया विस्तार के बाद ब्रिक्स ने खुद को दुनिया की कुछ सबसे गतिशील और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाले मंच के रूप में मजबूत किया है। ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संरक्षणवाद, आर्थिक दबाव और एकतरफा प्रतिबंधों से खतरे में है, हमारे उत्पादन क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

### महिला नेतृत्व वाले कारोबार बढ़ाएं: गोयल



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट पूरी कर ली है, जिसमें 44 से अधिक सिफारिशें शामिल हैं। ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस की पिछले दो दिनों में बैठक हुई और इसमें ब्रिक्स देशों में महिला नेतृत्व वाले कारोबारों की बड़ी भूमिका के लिए आगे की दिशा तय की गई। आज सदस्य देशों और साझेदार देशों के 2,000 से अधिक कारोबारी नेता और प्रतिनिधि यहां जुटे हैं।

### इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल ट्रेड फेयर का दौरा



पीएम नरेंद्र ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ मिलकर ब्रिक्स समिट के दौरान इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल ट्रेड फेयर 'इनोप्रोम इंडिया' का दौरा किया। यह प्रदर्शनी भारत में पहली बार आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में 130 से ज़्यादा भारतीय और रूसी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों को एक साथ लाती हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और इंडस्ट्री में सहयोग को बढ़ावा देती हैं।


ब्रिक्स बिजनस फोरम समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच अच्छी केमेस्ट्री देखने को मिली। पीएम मोदी मजबूती के साथ हाथ पकड़कर ईरानी राष्ट्रपति को ग्रुप फोटो सेशन के लिए ले जाते हुए।


मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम का राज्य मंत्री कीर्तिवर्द्धन सिंह ने स्वागत किया। दोनों देश व्यापार, निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है।


अबू धाबी के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का गर्मजोशी से स्वागत राज्य मंत्री के.वी. सिंह ने किया। यह यात्रा साझा समृद्धि के लिए मजबूत व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित है।

### 1200 से अधिक उत्पाद प्रस्तुत

ब्रिक्स सम्मेलन में 'एक जिला, एक उत्पाद' प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें देश भर के 70 अनोखे कला और हथकरघा उत्पाद दिखाए गए हैं। यह प्रदर्शनी 770 जिलों के 1,200 से अधिक अनोखे उत्पादों को दुनिया के सामने लाने की मुहिम का हिस्सा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में 'एक जिला एक उत्पाद' की वरिष्ठ सहायक उपाध्यक्ष एवीपी सोनिया दुहन ने कहा कि इस पहल के तहत सभी राज्य काम कर रहे हैं।



### पुरी में रेत से ब्रिक्स नेताओं की तस्वीरें

ओडिशा के पुरी में रेत कलाकार मानस कुमार साहू ने शुक्रवार को रेत से एक खास कला बनाई। यह भारत आ रहे ब्रिक्स नेताओं के स्वागत के लिए तैयार की गई। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के चित्र हैं। मानस कुमार साहू ने यह पूरी कलाकृति 8 घंटे में तैयार की। यह कला पूरी तरह रेत से बनाई गई है।



## बंगाल की निमकी से तमिलनाडु का मुरुक्कू तक का मिलेगा स्वाद

सम्मेलन में भाग लेने आए नेताओं के रुकने के लिए दिल्ली के बड़े होटल्स में बंदोबस्त किया गया हैं। द लीला पैलेस, ताज महल और द ललित जैसे होटल्स ने विदेशी मेहमानों के लिए खास मेन्यू तैयार किया जा रहा हैं।


ताज महल होटल

### ताज महल परोसेगा 6 क्षेत्रों का स्वाद

ताज महल होटल के शेफ ने स्पेशल मेन्यू तैयार किया है, जिसमें वो ट्रेडिशन टू टेबल नाम के मेन्यू के साथ सबका वेलकम करेंगे। ताज महल के जनरल मैनेजर डॉ. अनमोल अहलूवालिया के मुताबिक हमने अपने मेन्यू में भारत के 6 इलाकों की ट्रेडिशनल और टेस्टी डिशेज को शामिल किया हैं। कश्मीर के मसालेदार अखरोट, पुरानी दिल्ली का मैदा काजू, राजस्थान की मिनी कचौरी, बंगाल का क्रिस्पी स्नैक कुचो निमकी, महाराष्ट्र की कुरकुरी भाकरवाड़ी और तमिलनाडु का क्रंची मुरुक्कू परोसेंगे।

### गलौटी कबाब परोसेगा ललित होटल

ललित होटल ने के मेन्यू में गलौटी कबाब, तंदूरी रोटियां और बाजरे की डिशेज रखी गई हैं। शेफ ने स्पेशली मिसो पेस्ट के साथ ब्रेज्ड बैंगन, स्लो प्लेम पर पकी हुई चाइनीज पत्ता गोभी और एम्बर सॉस के साथ मीठी जापानी स्टाइल राजमा को मेन्यू का खास हिस्सा बनाया हैं। वहीं, द लीला मेहमानों को मिलेट्स से बनी चीजें सर्व करने वाला है और ताज महल भारतीय स्नैक्स ब्रिक्स डेलिगेशन को चखाने वाला हैं।

### भारत-रूस आर्थिक सहयोग को करेंगे मजबूत

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूस के प्रथम डिप्टी पीएम डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की। यह बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने और उसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार हुआ। बैठक की सबसे अहम बात यह रही कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसका मकसद दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ऐसा ढांचा तैयार करना है, जिससे दोनों पक्षों को फायदा हो। भारत और रूस ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर जारी बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच निवेश के प्रवाह और आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है।



### तिब्बत कार्यकर्ताओं ने ने चीनी प्रतिनिधिमंडल का किया विरोध

राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के चलते शुक्रवार को भारत मंडपम के पास स्थित एक टनल के पास 8 से 10 तिब्बती कार्यकर्ता पहुंचे और उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे चीनी प्रतिनिधिमंडल का विरोध किया। वहीं, विरोध-प्रदर्शन करने वालों में 'स्टूडेंट्स फार फ्री तिब्बत' संगठन के कार्यकर्ता भी शामिल थे, जिन्होंने भारत मंडपम के नजदीक तिब्बती राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सड़कों पर लगे खंभों पर चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने तीन तिब्बती कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और उन्हें तिलक मार्ग थाने ले गए।


इथियोपिया के पीएम अबिय अहमद अली का राज्य मंत्री सेठ संजय ने स्वागत किया। भारत और इथियोपिया के बीच रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।


मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी का राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वागत किया। भारत और मिस्र के बीच दोस्ती के गहरे संबंध हैं और हम मिलकर एक मजबूत ब्रिक्स साझेदारी बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

### *9 देशों के कलाकारों ने बनाया आर्ट वर्क 'संगमः संस्कृतियों का मिलन'*

'संगमः संस्कृतियों का मिलन' नाम से 9 देशों के कलाकारों द्वारा मिलकर बनाया गया एक बड़े पैमाने का पब्लिक आर्ट प्रोजेक्ट है। 'संगम' की भारतीय अवधारणा से प्रेरित होकर- जहां अलग-अलग जगहों से निकली नदियां मिलती हैं और एक साथ बहती हैं- यह कलाकृति दोस्ती और विविधता में एकता का जश्न मनाने के लिए ब्रिक्स देशों के कलाकारों और संस्कृतियों को एक साथ लाती है।





न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष सुश्री डिल्मा रूसेफ का स्वागत किया गया। यह दौरा ग्लोबल साउथ में विकास की साझेदारियों को मजबूत करने और टिकाऊ व समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के महत्व को फिर से रेखांकित करता है।

---

### नेपाल कैबिनेट ने दी मंजूरी
## पीएम बालेन यूएन में देंगे उदबोधन 'क्लाइमेट जस्टिस' की करेंगे मांग

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल कैबिनेट ने पीएम बालेंद्र शाह के इस महीने के आखिर में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भागीदारी को मंजूरी दे दी हैं। उम्मीद है कि वे हाल ही में आई भयानक अचानक बाढ़ के बाद जलवायु परिवर्तन के असर पर बात करेंगे।



शाह 22 से 26 सितंबर तक न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र में नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद होने वाली यह यात्रा, मार्च में पद संभालने के बाद शाह की पहली विदेश यात्रा होगी। संयुक्त राष्ट्र के आधिकारिक भाषण कार्यक्रम के अनुसार, शाह 24 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करने वाले हैं। अपने संबोधन के दौरान, उनके जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बात करने और इसे 26 अगस्त को आई भयानक भोटेकोशी अचानक बाढ़ से जोड़ने की उम्मीद हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 81वां सत्र 8 सितंबर को शुरू हुआ हैं। इसमें दुनिया भर के नेता 22 से 28 सितंबर तक चलने वाली जनरल डिबेट में 193 सदस्यों वाले इस संगठन को संबोधित करेंगे। नेपाल बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,385 हो गई है।

### बंद हो सकता है बाब-अल मंदेब
## हूतियों ने यमन के बड़े इलाके पर किया कब्जा, पेरिम द्वीप तक पहुंचे

एजेंसी ▶▶ सना

यमन के हूती विद्रोहियों ने बीते कुछ दिनों में सऊदी समर्थित सेनाओं के खिलाफ बहुत तेजी से बढ़त बनाई है। हूती विद्रोहियों ने यमन की पोर्ट सिटी मोखा पर कब्जा कर लिया है। साथ ही तटीय इलाकों में आगे बढ़ते हुए पश्चिमी यमन के 2,600 वर्ग किलोमीटर इलाके पर नियंत्रण बना लिया है। यमन का लाल सागर से सटा इलाका हूतियों के नियंत्रण में हैं। वह जब चाहें बाब-अल-मंडेब बंद कर सकते हैं, जो सऊदी की मुश्किल और बढ़ा देगा। हूतियों की इस बड़ी 'जीत' के पीछे ईरान से मिले हथियारों का अहम रोल माना जा रहा है। हूतियों ने यमनी सेनाओं



पर हमले करते हुए पश्चिमी ताइज और दक्षिणी अल-हुदैदाह प्रांतों को निशाना बनाया और कई जिलों से होते हुए आगे बढ़े। सरकारी और नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज (तारिक सालेह की टुकड़ियां) ने बड़े मोर्चे छोड़ दिए हैं और वे अदन की ओर पीछे हट रही हैं। हूतियों ने जिन जगहों को यमनी सेना से छीना है, उनमें हेस, अल-खौखा, अल-वाजियाह, मोखा और रणनीतिक रूप से अहम खालिद इब्न अल-वलीद मिलिट्री कैंप शामिल हैं।

### पाकिस्तान को हाईकोर्ट का झटका
## पीओजेके में इंटरनेट बंदी पर 10 दिन में सेवा बहाल करने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

संचार सेवा ठप करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में हुए नरसंहार को दबाने की कोशिश में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। पीओजेके हाईकोर्ट ने सरकार को 10 दिन के भीतर इंटरनेट सेवा बहाल करने का निर्देश देते हुए जवाब भी तलब किया है। इससे सेना व स्थानीय प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई है। संचार सेवा की बहाली के बाद से पूरा विश्व पीओजेके की त्रासदी को देखेगा और करीब से जान भी सकेगा। बता दें, 5 जून को जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रस्तावित



मार्च और धरने के मद्देनजर पाकिस्तान ने पीओजेके के लोगों की आवाज उठाने वाली जेएएसी को प्रतिबंधित कर दिया। कार्यकर्ताओं को आतंकी बताते हुए मारना शुरू कर दिया। इसके बाद 5 जून की रात करीब 11:30 बजे पूरे क्षेत्र में मोबाइल और इंटरनेट सेवा बंद कर दी। आंदोलन को कुचलने के लिए रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी तैनात कर दिया। इसके लिए सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति और संभावित हिंसा को आधार बनाया।

### एच-1बी वीजा पर ट्रंप सरकार का सख्त
## नौकरी छूटने के बाद मिलने वाली 60 दिन की मोहलत खत्म करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने एच-1बी वीजा धारक पेशेवरों सहित कुछ विदेशी कामगारों को काम छूटने के बाद दूसरी नौकरी तलाशने के लिए मौजूदा समय में मिलने वाली 60 दिन की मोहलत (ग्रेस पीरियड) को समाप्त करने के लिए एक नए नियम का प्रस्ताव किया है। इस प्रस्ताव को कानूनी जामा पहनाकर क्रियान्वित किये जाने की स्थिति में भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों पर सबसे अधिक नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है जिन्हें प्रौद्योगिकी कंपनियों और अन्य कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर काम पर रखा है। सरकार द्वारा 'विवेकाधिकार से दिए




जाने वाली 60 दिन की मोहलत को समाप्त करने' का नया नियम शुक्रवार को संघीय पंजी में प्रकाशित किया गया और गृह मंत्रालय द्वारा आम जनता की राय अगले 60 दिन में आमंत्रित की जाएगी। अगर यह नियम लागू होता है, तो उन विदेशी कर्मचारियों को वीजा अवधि समाप्त होने से पहले नौकरी छूटने की स्थिति में और अमेरिका में रहने की कोई विशेष अनुमति की अनुपस्थिति में तुरंत स्वदेश लौटना होगा।

## लंबे समय तक अलग रहने मात्र से नहीं होता परित्याग

**फैमिली कोर्ट ने विवाह विच्छेद की याचिका खारिज की**

**मारपीट के आरोपों के समर्थन में साक्ष्य नहीं मिले**



**जबलपुर।** फैमिली कोर्ट के पीठासीन अधिकारी मुकेश कुमार दांगी ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल लंबे समय तक अलग रहने मात्र से परित्याग या वैवाहिक क्रूरता सिद्ध नहीं होती। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब पति-पत्नी आपसी सहमति से अलग रहने के लिए समझौता कर चुके हों। कोर्ट ने मारपीट जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में मेडिकल रिपोर्ट, शिकायत अथवा अन्य विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने को भी महत्वपूर्ण माना। इन आधारों पर कोर्ट ने पति की ओर से प्रस्तुत विवाह विच्छेद की याचिका खारिज कर दी।

नई दिल्ली निवासी सुरंजन साहा ने विवाह विच्छेद के लिए याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि उसका विवाह 19 जनवरी, 2001 को अधारताल, जबलपुर निवासी रूम्पा साहा के साथ हुआ था। दोनों की एक पुत्री है। याचिका में पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी वर्ष 2015 से उससे अलग रह रही है और इस प्रकार लंबे समय से अलग रहना वैवाहिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। याचिका में पत्नी पर मारपीट सहित अन्य आरोप भी लगाए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया। कोर्ट ने पाया कि पत्नी के अलग रहने को मात्र इस आधार पर परित्याग नहीं माना जा सकता कि दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं। विशेष परिस्थितियों में पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से अलग रहने का समझौता भी हुआ था। इसी तरह मारपीट जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई मेडिकल रिपोर्ट, पुलिस शिकायत या अन्य विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने इन परिस्थितियों को देखते हुए पति द्वारा विवाह विच्छेद के लिए प्रस्तुत आधारों को पर्याप्त नहीं माना और याचिका खारिज कर दी।

## बिना अनुमति जिंक बेचने और पांच साल से उर्वरक का व्यापार बंद रखने पर हुई कार्रवाई

## निरीक्षण में कई अनियमितताएं पाये जाने पर नुनसर के शौर्य कृषि केंद्र का उर्वरक लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पाटन विकासखंड के ग्राम नुनसर स्थित शौर्य कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद उप संचालक कृषि ने लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण दल में उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे, परियोजना संचालक आत्मा डॉ इंदिरा त्रिपाठी, उर्वरक निरीक्षक पाटन पंकज श्रीवास्तव और प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीमा राउत शामिल थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शौर्य कृषि केंद्र द्वारा पिछले पांच वर्षों से उर्वरक का कोई व्यापार नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा बिना "ओ " फॉर्म के जिंक का अवैध रूप से व्यापार किया जा रहा था, स्टॉक बुक का संधारण नहीं था और ना ही बिल बुक निर्धारित प्रोफार्मा में संधारित था। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने मौके पर ही उर्वरक निरीक्षक पाटन को शौर्य कृषि केंद्र नुनसर का उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

## नुनसर में जन विश्वास अभियान के तहत अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस चौकी और पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण, ग्रामीणों से किया जनसंवाद**

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पाटन विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अधिकारियों के साथ नुनसर क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। दल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नुनसर का निरीक्षण कर दवाइयों, एंबुलेंस एवं जननी वाहन की उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर ने डॉग बाइट के उपचार में उपयोग होने वाले टीकों की उपलब्धता की भी जानकारी ली। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इसके बाद नुनसर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि चौकी के नए भवन का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। विधायक अजय विश्नोई ने वर्तमान भवन में जल रिसाव की समस्या को देखते हुए टीन शेड लगाने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने पीएम श्री मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुनसर का भी निरीक्षण किया। विद्यालय भवन की स्थिति और विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग रखी, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने विद्यार्थियों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया।

### ग्रामीणों की समस्याएं पोर्टल पर होंगी दर्ज

ग्राम पंचायत नुनसर में आयोजित जनसंवाद में विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली जा रही है। ग्रामीणों की शिकायतें पोर्टल पर दर्ज कर उनके निराकरण की निगरानी की जाएगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सीएम हेल्पलाइन 181 की तर्ज पर होगी, जिसमें शिकायत के वास्तविक निराकरण की पुष्टि भी की जाएगी।



कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से वास्तविक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के आवेदन लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने की जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर प्रति प्रकरण प्रतिदिन 250 रुपये के दंड का प्रावधान है। कलेक्टर ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख की 17 सितंबर से निःशुल्क रजिस्ट्री, फार्मर आईडी एवं आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने स्वरोजगार के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे लोगों को प्रोत्साहित करने और उनके अनुभव अन्य लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ग्रामीणों से आपसी विवादों में सुलह एवं मध्यस्थता को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव और यातायात नियमों के पालन को लेकर भी जागरूक किया।

## *जमीन मामले में सस्पेंड सीएसपी नेहा ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका*

**जबलपुर।** कटनी की निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने जमीन मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त कराने के लिए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई 16 सितंबर 2026 को होगी। नेहा पच्चीसिया के खिलाफ कटनी के कुठला थाने में एफआईआर दर्ज है। आरोप है कि कन्हवारा क्षेत्र की करीब 1.07 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन की रजिस्ट्री 18 लाख रुपये में कराई गई। मामले में उनके साथ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पच्चीसिया ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत आवेदन दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख करते हुए एफआईआर निरस्त करने की मांग की है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## पाटन में उद्यम संवाद एवं जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न

**ग्रामीणों की समस्याओं पर अधिकारियों ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पाटन जनपद पंचायत में उद्यम संवाद एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पाटन विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नीता राठौर एवं शैलेन्द्र सिंह सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उद्यम संवाद में स्थानीय उद्यमियों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। विधायक विश्नोई, कलेक्टर सिंह, एसपी उपाध्याय एवं सीईओ गहलोत ने स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों से उनके उत्पादों और व्यवसाय की जानकारी ली। इस दौरान उद्यमियों ने अपनी उपलब्धियों एवं अपेक्षाओं से अधिकारियों को अवगत कराया। पात्र हितग्राहियों को हितलाभ एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जनसंवाद में ग्रामीणों ने अवैध कब्जे, पट्टा नवीनीकरण, बिजली बिल, पेयजल, खराब हैंडपंप, राशन, पेंशन एवं राजस्व प्रकरणों से जुड़ी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। अभियान के तहत गठित पांच टीमों ने नुनसर, उड़ना, सकरा, सहसन धनेटा एवं नगर परिषद पाटन क्षेत्र का भ्रमण कर स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल एवं राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने, वार्ड क्रमांक 2 की आंगनवाड़ी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने तथा राशन वितरण में पारदर्शिता के निर्देश दिए गए। विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। वहीं ग्राम कुकुर भुका के ग्रामीणों की मांग पर गांव का नाम 'कौशलपुर' किए जाने की बात कही गई।

## अमावस्या पर खेरमाई मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

**जबलपुर।** चेरीताल स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर में अमावस्या के अवसर पर महाकाली माता की भव्य महाआरती आयोजित की गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था और शाम तक मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त उमड़ पड़े। माता महाकाली एवं खेरमाई का विशेष श्रृंगार कर मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया। महाआरती के दौरान 'जय महाकाली, जय खेरमाई माता' के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के रामस्वरूप रजक ने बताया कि अमावस्या पर महाकाली माता की पूजा और महाआरती का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सच्चे मन से आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में रमेश प्रसाद रजक, अंशु, अजय रजक, सचिन पटेल, आनंद पटेल, गुड्डा महाराज, दिनेश पटेल, राजू पटेल, पप्पू श्रीनिवास, लालू नामदेव, ओमप्रकाश राय, शिवम नामदेव, विवेक रजक एवं विनोद रजक सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## नवाचार, गुणवत्ता और तकनीक को कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाएं : महाप्रबंधक




**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शुक्रवार को कोटा मंडल के दौरे के दौरान अधिकारियों से संवाद किया और विभागों में किए जा रहे नवाचारों एवं तकनीकी सुधारों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेलवे की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए नवाचार, गुणवत्ता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। कार्य व्यवस्था व्यक्ति आधारित न होकर मजबूत प्रणाली पर आधारित हो।

इसके बाद अधिकारी क्लब, कोटा में आयोजित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर के 17, भोपाल के 12 और कोटा के 11 सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में प्रबंधन कौशल, नेतृत्व क्षमता, एआई, आधुनिक तकनीक और कार्यस्थल प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। महाप्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कोटा अनिल कालरा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक मनीष कुमार पटेल ने किया। महाप्रबंधक ने उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग, कार्यों के अनुकूलन तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल पर जोर देते हुए प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को कार्यस्थल पर लागू करने का आह्वान किया।

## नवोदय के पूर्व छात्र राघव ने बढ़ाया नगर और देश का गौरव

**जबलपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बरगी नगर के पूर्व छात्र राघव ने यूजीसी-सीएसआईआर नेट 2026 परीक्षा में 99.3 परसेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 64वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से माता-पिता, विद्यालय और जिले के साथ उनके गांव का भी नाम गौरवान्वित हुआ है। राघव की माता माधुरी कुमारी जवाहर नवोदय विद्यालय बरगी नगर में नर्स हैं, जबकि पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। राघव की सफलता पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 13 सितंबर को ओंकार प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

**जबलपुर।** पूर्व राज्यमंत्री स्वर्गीय ओंकार प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि पर 13 सितंबर को पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार सुबह 11 बजे योजना क्रमांक-41 स्थित ओंकार तिवारी नगर के निर्भय उद्यान में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे, जबकि अध्यक्षता सांसद आशीष दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद, मंडल पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इसी दिन दोपहर में नर्मदा तट गौरीघाट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में भंडारा-प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। स्व. पं. ओंकार प्रसाद तिवारी स्मृति आयोजन समिति के रवि गुप्ता, राजेश पाठक प्रवीण, अनिल तिवारी, आलोक तिवारी एवं अनूप तिवारी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## जन्माष्टमी की छठी पर सजी मनमोहक झांकियां



**जबलपुर।** जन्माष्टमी की छठी के अवसर पर श्रीकृष्ण गीता मंदिर, गली नंबर-4 घमापुर में आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां सजाई गईं। झांकियों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं महाराष्ट्र से आए साधु-संतों ने भी आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक महंत शिव व्यास बाबा, अध्यक्ष रवींद्र आनंद, संरक्षक राजेश कुमार आनंद, राजेश सेठी, अरुण आनंद, प्रभारी सोनल सेठी, सीमा आनंद, पूनम आनंद, डिम्पल आनंद, किरण साहनी एवं नीरू मसीन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महासभा में जबलपुर के तीन प्रतिनिधियों को मिला दायित्व

**जबलपुर।** तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन की प्रांतीय महासभा में प्रदेश के शासकीय एवं स्वशासी इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और मांगों पर चर्चा हुई। महासभा में इंजी. मेघराज सिंह चौहान को निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष तथा इंजी. सोनवीर सिंह को संरक्षक चुना गया। जबलपुर से राजकुमार मेहरा, आलोक बाजपेयी एवं शैलेश पुनवटकर को प्रतिनिधित्व मिला। महासभा में कर्मचारी हितों से जुड़े 17 प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें शासन के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। इनमें वेतन विसंगतियां दूर करने, समयमान वेतनमान का लाभ देने तथा विभिन्न संवर्गों के वेतनमान को समान एवं न्यायसंगत करने की मांग प्रमुख रही। प्रयोगशाला तकनीशियन, मेंटेनेंस टेक्नीशियन, इंस्ट्रूमेंट रिपेयर एवं इंस्ट्रक्टर के वेतनमान में सुधार पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में स्वशासी इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की प्रशासनिक एवं कर्मचारी व्यवस्था मजबूत करने, स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति, आहरण एवं संवितरण अधिकार देने, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति तथा संचालनालय स्तर के रिक्त पद भरने की मांग रखी गई। साथ ही स्वशासी संस्थानों को पूर्व की भांति शासकीय किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की गई।

### सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**उज्जैन।** हाईकोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ दायर दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण व्यापक जनहित का विकास कार्य है और मौजूदा परिस्थितियों में मस्जिद की संपत्ति का छोटा हिस्सा इसमें बाधा बन रहा है। गार्डन अथवा सामने की व्यावसायिक जमीन से वैकल्पिक चौड़ीकरण के सुझाव को भी कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। सिंहस्थ कुंभ 2028, करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, यातायात प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए कोर्ट ने चौड़ीकरण को आवश्यक माना। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम एवं राज्य की कार्रवाई मनमानी या असंवैधानिक नहीं है तथा संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन नहीं हुआ। दोनों याचिकाएं मेरिटलेस मानते हुए खारिज कर दी गईं।

## कृषि अधिकारियों ने धान की फसल का अवलोकन कर किसानों को दी कीट एवं रोग नियंत्रण की सलाह



**जबलपुर।** धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की स्थिति का जायजा लेने उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास उमेश कटहरे के नेतृत्व में कृषि अधिकारियों ने गत दिवस पनागर विकासखंड के कई ग्रामों का भ्रमण कर किसानों को फसल सुरक्षा के संबंध में आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया।

कृषि अधिकारियों ने ग्राम जुनवानी में कृषक सुरेन्द्र नुनिया, ग्राम कालाडूमर में सरपंच प्रदीप पटेल एवं कृषक रामदास पटेल, ग्राम बम्हनौदा में कृषक भोला पटेल तथा ग्राम उर्दुआ कलां में कृषक जितेन्द्र पटेल के खेत का अवलोकन कर फसल की वर्तमान स्थिति, कीट एवं रोग प्रकोप तथा अपनाए जा रहे फसल प्रबंधन उपायों की जानकारी ली। अवलोकन के दौरान धान की विभिन्न किस्मों में ब्राउन प्लांट हॉपर का प्रकोप पाया गया। इसके साथ ही कुछ खेतों में अन्य कीट एवं रोगों के लक्षण भी पाए गए। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि धान के पौधों के निचले हिस्से एवं तने के पास नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा कीटों की अधिक होने पर ही अनुशंसित कीटनाशकों का प्रयोग करें। किसानों को बताया गया कि धान में ब्राउन प्लांट हॉपर की स्थिति में खेत में अनावश्यक रूप से पानी भरा न रखें तथा आवश्यकता होने पर 3-4 दिन के लिए पानी निकालकर खेत को सुखाने की व्यवस्था करें। अत्यधिक नत्रजन के उपयोग, घनी फसल एवं लगातार पानी भरे रहने से इस कीट का प्रकोप बढ़ सकता है। प्रारंभिक अवस्था में नीम आधारित उत्पाद या नीम तेल जैसे जैविक विकल्पों का उपयोग भी समेकित कीट प्रबंधन के अंतर्गत किया जा सकता है। ब्राऊन प्लांट हार्पर का प्रकोप अधिक होने पर कृषि विभाग की अनुशंसा के अनुसार पाइमेट्रोजिन आधारित उत्पाद अथवा अन्य अनुशंसित कीटनाशक का प्रयोग किया जा सकता है। धान के तना छेदक एवं लीफ फोल्डर के नियंत्रण के लिए खेत में नियमित निगरानी, फेरोमोन ट्रैप तथा आवश्यकता के अनुसार जैविक नियंत्रण उपायों को अपनाने की सलाह दी गई। इसी प्रकार धान में ब्लास्ट रोग की रोकथाम के लिए संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खेत की नियमित निगरानी तथा रोग की प्रारंभिक अवस्था में अनुशंसित फफूंदनाशी का प्रयोग करने की सलाह दी गई। शीथ ब्लाइट की स्थिति में खेत में अत्यधिक नमी एवं घनी फसल से बचने तथा रोग के लक्षण दिखाई देने पर अनुशंसित फफूंदनाशी का उपयोग करने की सलाह दी गई।

# देवरी तिराहा–इमलई मार्ग पर बढ़ा हादसों का खतरा, सड़कों पर उभरे गहरे गड्ढे



**पनागर।** देवरी तिराहा से इमलई होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद जर्जर बनी हुई है। करीब 10 से 15 गांवों को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं तथा सड़क की ऊपरी परत भी कई स्थानों पर उखड़ चुकी है। इससे ग्रामीणों, किसानों, दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अंडरब्रिज से मुख्य मार्ग तक सड़क की स्थिति विशेष रूप से खराब बताई जा रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जबकि रात में दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। इमलई क्षेत्र में जुपिटर वैगन फैक्ट्री लिमिटेड होने के कारण इस मार्ग पर औद्योगिक वाहनों और कर्मचारियों की आवाजाही भी रहती है।

## पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय लोगों ने सड़क की बदहाली को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और संबंधित ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूर्व में मरम्मत या पैचवर्क कराया गया था, तो सड़क दोबारा इतनी जल्दी खराब कैसे हो गई। इससे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण करें तथा निर्माण और मरम्मत कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की गई सामग्री, कार्यादेश और तकनीकी परीक्षण की जांच कराई जाए। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी कमी सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

## तत्काल मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से देवरी तिराहा–इमलई–रेलवे अंडरब्रिज मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने तथा सभी बड़े गड्ढों को प्राथमिकता से भरने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की स्थिति जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है और विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के साथ जनहित में आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# गणेश विसर्जन पर चाकचौबंद रहेंगी निगम की व्यवस्थाएं

### विसर्जन कुंडों पर पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित अन्य सुविधाओं की होगी व्यवस्था

**जबलपुर।** श्री गणेश उत्सव एवं 25 सितंबर को होने वाले प्रतिमा विसर्जन को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल, प्रकाश, स्वास्थ्य एवं सभी संभागीय अधिकारियों को विसर्जन कुंडों सहित शहर में सफाई और अन्य नागरिक सुविधाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने हनुमानताल, गौरीघाट, जिलेहरीघाट, तिलवाराघाट, देवताल, अधारताल एवं गोकलपुर सहित अन्य विसर्जन कुंडों पर विसर्जन प्रक्रिया पूरी होने तक उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं समयपाल की तैनाती कर व्यवस्थाओं की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में स्वयं मौजूद रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। गणेश प्रतिमा स्थापना स्थलों एवं मंदिरों के आसपास विशेष सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव, चूने की लाइन, पर्याप्त प्रकाश एवं पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं जुलूस मार्गों के गड्ढों की पुराई और आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्यौहार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# फैकल्टी डुप्लीकेसी पर कॉलेजों को भरना होगा 3 लाख जुर्माना

## नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को परीक्षा और रिजल्ट में राहत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों से जुड़े मामले में विद्यार्थियों को राहत देते हुए 189 Suitable Colleges के छात्रों को परीक्षा में शामिल होने और पूर्व परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की अनुमति दी है। जस्टिस आनंद पाठक एवं जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने 8 सितंबर 2026 को यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने फैकल्टी डुप्लीकेसी वाले कॉलेजों पर प्रति डुप्लीकेट फैकल्टी 3 लाख रुपये का आर्थिक भार तय किया है। इसमें 2 लाख रुपये MPNRC तथा 1 लाख रुपये Juvenile Justice Fund में जमा करना होगा। राशि 30 दिन में जमा करने के साथ कॉलेजों को 50 पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कोर्ट के अनुसार 189 कॉलेजों में से 35 कॉलेज बिना डुप्लीकेट फैकल्टी के Suitable पाए गए हैं। इन कॉलेजों के विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में शामिल होने तथा पूर्व परीक्षाओं के परिणाम जारी कराने की अनुमति दी गई है। B.Sc., M.Sc. और Post Basic B.Sc. के विद्यार्थियों को भी यह लाभ मिलेगा। हाईकोर्ट ने MPNRC को नए नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर और योग्य फैकल्टी की पूरी जांच करने के निर्देश दिए हैं। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जा सकती है।



# धान की फसल में भूरा फुदका कीट का प्रकोप

### कृषि उपसंचालक ने किया खेतों का निरीक्षण



**पनागर।** धान की फसल को कीट एवं रोगों से बचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार खेतों का निरीक्षण कर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में उपसंचालक कृषि श्री यू.के. कटारे ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में धान के खेतों का आकस्मिक निरीक्षण किया और फसल की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम जुनामानी में कृषक सुरेन्द्र नुनिया, कलाडूमर में सरपंच प्रदीप पटेल एवं कृषक रामदास पटेल, भामनोफा में कृषक भोला पटेल तथा उरदुकला में कृषक जितेन्द्र पटेल के खेतों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान की पीबी-1, पीबी-1885 एवं धान-444 किस्मों में भूरे फुदके कीट का प्रकोप पाया गया। कुछ खेतों में अन्य कीट एवं रोगों के लक्षण भी मिले।कृषि अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि पौधों के निचले हिस्से और तने के आसपास नियमित निगरानी रखें। लगातार पानी भरा रहने, अत्यधिक नत्रजनयुक्त उर्वरक के प्रयोग और फसल के अधिक घने होने से भूरा फुदका बढ़ सकता है। आवश्यकता होने पर 3-4 दिन खेत से पानी निकालकर सुखाने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने प्रारंभिक अवस्था में नीम आधारित उत्पाद एवं नीम तेल जैसे जैविक विकल्प अपनाने तथा तना छेदक और पत्ती मोड़क कीट के लिए नियमित निरीक्षण व गंध-पाश के उपयोग पर जोर दिया। झुलसा एवं पर्णावरण झुलसा रोग से बचाव के लिए संतुलित उर्वरक, उचित जल प्रबंधन और नियमित निगरानी की सलाह दी गई। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि कीट या रोग की सही पहचान किए बिना किसी दवा का छिड़काव न करें। अधिक प्रकोप होने पर केवल विभाग द्वारा अनुशंसित कीटनाशक या कवकनाशी का निर्धारित मात्रा में प्रयोग करें और एक ही रसायन का बार-बार उपयोग करने से बचें। निरीक्षण के दौरान कृषि विकास अधिकारी पनागर श्री पंकज शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी श्री एस.जी. मनजी सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का एसडीओपी कार्यालय घेराव आज

**सिहोरा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला सिहोरा द्वारा आज शनिवार 12 सितम्बर को दोपहर 1 बजे एसडीओपी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। संगठन द्वारा आरोप लगाया गया है कि हिंदुओं के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार,अवैध गतिविधियों,सट्टा,लव जिहाद तथा बढ़ते रोहिंग्या संबंधी मामलों सहित अनैतिक व्यापार और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसे विषयों को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी। जारी सूचना के अनुसार, संगठन का कहना है कि संगठन-विरोधी रवैये को लेकर विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ अधिकारी के साथ एसडीओपी द्वारा कथित अभद्रता की गई। इन आरोपों के विरोध में सकल हिंदू समाज के साथ मिलकर अर्थी जुलूस निकालते हुए एसडीओपी कार्यालय का घेराव करने की बात कही गई है। संगठन ने यह भी बताया है कि प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री,गृह मंत्रालय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सर्वोदय ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी घोषित



**सिहोरा।** सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा की प्रथम बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, एकता और रचनात्मक कार्यों को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई प्रबंध कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई। जिसमें जयप्रकाश तिवारी के अध्यक्ष,दिनेश उपाध्याय महामंत्री,शीतल प्रसाद दुबे कोषाध्यक्ष,उपाध्यक्ष अंजनी गौतम,बालमुकुंद चौबे,रमेश दत्त मिश्रा,प्रकाश कुररिया,प्रशांत परोहा

सह सचिव अर्जुन गर्ग,अमित कुररिया,संगठन मंत्री रवि प्रकाश मिश्रा,धीरेंद्र पांडे,के.के. कुररिया,सुरेन्द्र मिश्रा,घनश्याम बड़गैंया,हृदेश पाण्डेय के साथ जगदीश प्यासी को कार्यालय मंत्री,इसी तरह विश्वनाथ तिवारी,शिव कुमार गर्ग,अजय किशोर तिवारी, राजेंद्र दुबे, संतोष कुमार पांडेय, श्रीमती सविता बृजेंद्र कुररिया

,आशुतोष परोहा,दीपक दत्त दुबे, सुनील तिवारी और नवनीत शुक्ला को मंत्री बनाया गया है। योगेंद्र मिश्रा को मीडिया प्रभारी तथा नारायण मिश्रा को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। अजय पाठक डब्बूअध्यक्ष नवयुवक मंडल तथा श्रीमती राखी तिवारी को अध्यक्ष महिला मंडल नियुक्त किया गया।

# पेंशनरों की महंगाई राहत 2 प्रतिशत बढ़ाने की मांग

**मझौली।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश, तहसील शाखा मझौली के पेंशनरों ने राज्य सरकार से महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि करने की मांग की है। पेंशनरों का कहना है कि केंद्र सरकार अपने पेंशनरों को वर्तमान में 60 प्रतिशत महंगाई राहत दे रही है, जबकि राज्य के पेंशनरों को 58 प्रतिशत ही मिल रही है। उन्होंने शीघ्र 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत की घोषणा की मांग की।पेंशनरों ने यह भी मांग की कि 1 जुलाई 2023 से पहले सेवानिवृत्त तथा 35 वर्ष से अधिक सेवा पूरी कर चुके पेंशनरों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिया जाए। मांग करने वालों में तहसील अध्यक्ष नादिर कुरैशी, हिमाचल सिंह ठाकुर, बलवीर सिंह, राजेंद्र सोनी, लालजी दुबे, उमेश गर्ग, चरण लाल सेन, विजय पटेल, वेद प्रकाश साहू, राजेंद्र दुबे, मुहम्मद हुसैन, चंद्र कुमार उपाध्याय, के.एल. विश्वकर्मा, भरत तिवारी एवं विजय धुर्वे सहित अन्य पेंशनर शामिल हैं।

# गुरु का स्थान ईश्वर से बड़ा : संतोष बरकडे

## सिहोरा के अनेक वरिष्ठ शिक्षक सम्मानित




**सिहोरा।** भारतीय ज्ञान परम्परा में गुरु का स्थान ईश्वर से बड़ा है क्योंकि ईश्वर तो सब जगह है पर उसे पहचानने का ज्ञान,ईश्वर तक पहुंचने का रास्ता दिखाने के साथ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य गुरु रुपी शिक्षक ही करते हैं। ।उक्ताशय के विचार संतोष बरकडे विधायक सिहोरा ने ध्वनि पैलेस में आयोजित वरिष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यस्त किए। आयोजन स्वर्गीय डॉ गोविंद दत्त दुबे एंव स्वर्गीय डॉ श्रीमती रानी दुबे पूर्व विधायक बहोरीबंद की स्मृति में पुत्र पंकज दुबे द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में बहुमुल्य योगदान देने के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक आर एस शुक्ला,कृष्ण दत्त गौतम,अश्वनी कुमार पाठक,एम सी जैन,नागेन्द्र कुररिया आदि को शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक कराओके ग्रुप के

कलाकार सुधीर अवस्थी,रवि दुबे,अरविंद उपाध्याय, सुनील दुबे,बंटू खरया,नरेंद्र त्रिपाठी, राजेश ठाकुर,पी वी संजय,बिजयंत साहू,सुनील साहू,नारायण तिवारी,संजू गुप्ता,बसंत बिलैया के द्वारा गीत संगीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। सम्मानित होंने वाले शिक्षकों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का इसी तरह सम्मान किए जाने पर बल दिया आगे कहा बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिए जाने चाहिए ।कार्यक्रम में दिलीप दुबे पूर्व विधायक,राकेश पाठक,रवि गुप्ता,संजय जैन,अरूण जैन,राजेश दाहिया,दीपक दुबे,अनुपम सराफ,अंकित तिवारी,सतीश पटेल,मंसूर मंसूरी ,पुश्किन जानवानी सहित नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नीरज गौतम द्वारा किया गया।

# नेशनल लोक अदालत आज, करों के अधिभार में मिलेगी 100% तक छूट

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा 12 सितंबर 2026, शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को पुराने बकाया संपत्तिकर एवं जलकर के अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में वन टाइम सेटलमेंट के तहत यह लाभ केवल एक बार दिया जा रहा है। संपत्तिकर में 50 हजार रुपये तक बकाया होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत, 50 हजार से 1 लाख रुपये तक 50 प्रतिशत तथा 1 लाख रुपये से अधिक बकाया पर 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। इसी प्रकार जलकर में 10 हजार रुपये तक 100 प्रतिशत, 10 हजार से 50 हजार रुपये तक 75 प्रतिशत तथा 50 हजार रुपये से अधिक बकाया पर 50 प्रतिशत अधिभार की छूट दी जाएगी। छूट के बाद राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा की जा सकेगी, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करना अनिवार्य होगा।

## 90 बड़े बकायादारों को धारा 175 का नोटिस

नगर निगम के अनुसार करीब 7.50 करोड़ रुपये के बकाया कर की वसूली के लिए 90 बड़े बकायादारों को धारा 175 के तहत तीन दिन का नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर बाजार मूल्य के आधार पर संपत्तियों का आकलन कर नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग की उपायुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन एवं देवेन्द्र पटैल ने बताया कि बड़े बकायादारों में बलवीर कौर/सरदार तेजेंदर सिंह, डॉ. प्रभजीत कौर, डॉ. जसविंदर कौर, सुशांत अग्रवाल, गुरमीत कौर, नर्बद प्रसाद साहू, डॉ. मुकेश जायसवाल, नंदलाल जैन/एस.एल. जैन, पूरन चन्द्र जैन, दाकरवेनी मुस्लिम मुसाफिर खाना, अजय कुमार पांडे, अखिलेश सिंह-विनोद सिंह-प्रामोद सिंह, पवन कुमार जैन, जे.के. सर, नरसिंग दास मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी, मो. रियाज-अब्बास-महमूद, पुनीत खत्री, शंकर प्रसाद गुप्ता, शिवकुमार रघुवंश, प्रभुदयाल कोडवानी, अजय पटेल, सोमवंती, माया यादव, प्रतिभा स्थली ट्रस्टी अशोक कुमार जैन, कासिम मौलाना, संजय कुमार जैन/के.डी. जैन, विजय कुमार छानिया, महबूब अहमद खान, अनुराग जैन, नरेन्द्र अवस्थी, सोनेलाल उर्फ सुंदरलाल, नरेन्द्र शर्मा, देवी प्रसाद किरार ट्रस्ट, सीएसवी बिल्डकॉन, आनंदी पटेल, प्रभा पटेल, गनी/अ. हुसैन-अ. रहमान एवं राजेश नंदवानी सहित अन्य नाम शामिल हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि इन बकायादारों के अतिरिक्त अन्य बड़े करदाताओं के नाम भी क्रमशः सार्वजनिक किए जाएंगे तथा बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पाटन में जनसंवाद के साथ योजनाओं का किया निरीक्षण

**पाटन।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के तहत अपर कलेक्टर नीता राठौर ने शुक्रवार को दल के साथ पाटन नगर का भ्रमण कर जनसंवाद, उद्यम संवाद एवं यशस्वी संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। वार्ड क्रमांक 9 के सामुदायिक भवन में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पीएम स्वनिधि हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने वार्ड 1 व 2 के आंगनवाड़ी केंद्र, एसटीपी प्लांट, वार्ड 7 के आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास, वार्ड 13 के पशु चिकित्सालय, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र तथा शासकीय प्राथमिक शाला चौधरी मोहल्ला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया। पीएम श्री विद्यालय में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया।

अपर कलेक्टर ने गुरू पिपरिया स्थित एमआरएफ, सीएंडडी एवं एफएसटीपी प्लांट, आजीविका मिशन के सिलाई केंद्र व मटर फ्रोजन केंद्र का भी निरीक्षण किया। इसके बाद जनपद पंचायत पाटन में जनसंवाद एवं उद्यम संवाद में शामिल हुईं।इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह, पार्षद देवकुमार यादव, प्रदीप पटेल, रंजीत गौड़, राघवेन्द्र यादव, राकेश चौधरी, जमना पटेल, गजेन्द्र सिंह, आदित्य नामदेव, कैलाश पाठक, सत्यम मेहरा, शेख अमजद, दीपक जैन, महेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, सिद्धांत नायक, गनपत बर्मन, वैभव व्यास एवं विनय अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान, नायब तहसीलदार रश्मि, डॉ. संजय छत्तानी, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम वर्वे, पर्यवेक्षक ज्योति जैन, प्रबंधक दीपनारायण कुशवाहा, उपयंत्री राजेन्द्र कुमार सोनी, फील्ड इंजीनियर नवीन त्रिपाठी, कृषि अभियांत्रिकी से प्रकाश कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी रविन्द्र सिसोदिया, प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सोनाली बाजपेयी, उच्चतर माध्यमिक शिक्षक वंदना वैद्य, जन शिक्षक रघुनाथ सिंह ठाकुर एवं नर्मदा पेयजल योजना के अभिषेक पांडेय सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**श्री मोनू पटेल-** अधारताल निवासी श्री परमानंद पटेल के पुत्र श्री मोनू पटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश सारवान-** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड राम मंदिर के पीछे निवासी श्री जगदीश सारवान (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कल्पना सेठ-** ओबेराय चंदन काम्पलेक्स प्रेरमनगर मदनमहल निवासी श्री गोविंद लाल सेठ की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सेठ (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई रैकवार-** आजाद नगर गोकलपुर निवासी श्री शंकर लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई रैकवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज बेन-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री मनोज बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती केसरवानी-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री किशोरी लाल केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती केसरवानी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशोर विश्वकर्मा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मोहनलाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री किशोर विश्वकर्मा (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश गिरी-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री रमेश गिरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सपना पासवान-** संजय नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री रामनरेश पासवान की धर्मपत्नी




श्रीमती सपना पासवान (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चूरामन-** महाराजपुर ग्राम पंचायत कार्यालय के पास निवासी श्री चूरामन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अनिल विष्णुपंत वालदे-** थीम पार्क के पास तिलहरी निवासी श्री अनिल विष्णुपंत वालदे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुंवर लाल-** सिद्धनाथ छापर रामपुर निवासी श्री कुंवर लाल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रीतम-** गढ़ा रानी दुर्गावती वार्ड निवासी श्री प्रीतम (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शैलजा अग्रवाल-** न्यू शोभापुर निवासी श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल की पुत्री कु. शैलजा अग्रवाल (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जीतेंद्र कुमार पासी-** बगीचा नं. 54, जैक आरआरसी के पास सदर निवासी श्री मोती लाल पासी के पुत्र श्री जीतेंद्र कुमार पासी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तारेंद्र कुमार देशराज-** आईडियल इस्टेट गौरीघाट रोड निवासी श्री तारेंद्र कुमार देशराज (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

कु. **अंजली गुप्ता-** दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री दिनेश गुप्ता की पुत्री कु. अंजली गुप्ता (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# सेबी ने कॉरपोरेट बांड के लिए टोकन व्यवस्था 'डीमैट 2-0' शुरू की

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने कॉरपोरेट बांड के लिए टोकन व्यवस्था से जुड़ी प्रायोगिक परियोजना 'डीमैट 2-0' शुरू करने की घोषणा की। इससे लेनदेन का तत्काल और एक साथ निपटान संभव होगा।

- लेनदेन का तत्काल और एक साथ निपटान होगा संभव

'डीमैट 2-0' भारतीय रिजर्व बैंक की थोक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से जुड़ा है। इसके लिए रिजर्व बैंक के एकीकृत बाजार इंटरफेस (यूएमआई) का इस्तेमाल किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की।

## एनपीसीआई ने पेश की यूपीआई की नई सुविधाएं

### भारत पहला देश

सेबी ने कहा कि भारत पहला देश है जहां कॉरपोरेट बांड को मूल रूप से वितरित बही-खाते तकनीक पर जारी किया गया है। इसमें स्वामित्व का रिकॉर्ड देश की डिपॉजिटरी के पास रहता है और धनराशि का अंतिम निपटान केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा में मौजूदा विनियमित बाजार ढांचे के भीतर होता है।

### कई देशों में टोकन व्यवस्था शुरू हो चुकी

बाजार नियामक के अनुसार, दुनिया के कई देशों में टोकन व्यवस्था से जुड़े प्रयोग और व्यावसायिक स्तर पर इसकी शुरुआत हो चुकी है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर टोकन व्यवस्था मुख्य रूप से अलग-अलग मंचों पर अलग-अलग जारीकर्ताओं द्वारा की गयी है।



**सभी जानकारी एकसाथ दिखाई देती है :** साझा बही-खाते या डिजिटल फाइल में बांडधारक की जानकारी सभी अधिकृत संस्थाओं को एक साथ दिखाई देती है और देय तिथि पर भुगतान सीधे बॉन्डधारकों के केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा वाले खातों में पहुंच जाता है। सेबी ने कहा, 'इन सुविधाओं से कॉरपोरेट बांड जारी करने, उनके निपटान और उनसे जुड़ी सेवाओं की प्रक्रिया तेज और अधिक दक्ष होने की उम्मीद है।'

**बिक्री केंद्रों पर लगी मशीन से भुगतान :** इनमें बिक्री केंद्रों पर लगी मशीन (पीओएस) पर 'यूपीआई टैप एंड पे' और राष्ट्रीय भुगतान निगम की लघु भाषा मॉडल (एफआईएमआई) आधारित ग्राहक सहायता सुविधा 'माईयूपीआई' शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि 'डीमैट 2-0' नई बाजार अवसंरचना है।

### तीन कंपनियों ने जारी किया 1,025 करोड़ का बांड

अब तक तीन कंपनियों...आरईसी, एलएंडटी और आईआईएफएल...ने टोकन व्यवस्था के तहत कुल 1,025 करोड़ रुपये के बांड जारी किए हैं। सेबी ने कहा कि इस प्रायोगिक परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है और पहले चरण के तहत बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया जारी है। ''यूपीआई टैप एंड पे'' सुविधा के तहत उपयोगकर्ता अपने निकट क्षेत्र संचार (एनएफसी) सुविधा वाले स्मार्टफोन के जरिये एनएफसी-सक्षम बिक्री केंद्र मशीन पर स्पर्श करके तेजी से भुगतान कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### केनरा बैंक बांड के जरिए 4,500 करोड़ रुपए जुटाएगा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने बासेल-तीन मानकों के अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड के जरिये 4,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की घोषणा की। बैंक यह राशि मुख्य रूप से कारोबार विस्तार के लिए जुटा रहा है। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह पूंजी जुटाने की योजना का हिस्सा है।

### बीओआई ने एफसीएनआर से 2.2 अरब डॉलर जुटाए




**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया ने एफसीएनआर(बी) जमा के जरिये 2.2 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। इससे बड़े जमा की जगह लेने में मदद मिलेगी और इतनी नकदी उपलब्ध होगी कि बैंक की करीब तीन महीने की कर्ज जरूरत पूरी हो सके। नकदी से बैंक करीब एक तिमाही की कर्ज जरूरत पूरी कर सकेगा और बड़े जमा पर उसकी निर्भरता भी कम होगी।

### डेकाथलॉन थोक कारोबार पांच साल में 20 गुना बढ़ा




नई दिल्ली। खेल सामान बनाने एवं खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी डेकाथलॉन स्पोर्ट्स इंडिया के थोक कारोबार में पिछले पांच वर्षों में 20 गुना वृद्धि हुई है। कंपनी के कारोबार में हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत है। कंपनी पंजीयन में दाखिल के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में डेकाथलॉन इंडिया की परिचालन आय 4,133.10 करोड़ रुपये रही थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 44.9 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में रिकॉर्ड 44.90 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 11.47 अरब डॉलर बढ़कर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### पेप्सिको को भरोसा, भारत शीर्ष 10 बाजारों में होगा




**गुवाहाटी।** वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत उसके दुनिया के शीर्ष 10 बाजारों में शामिल होगा। कंपनी के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा कि देश में विनिर्माण क्षमता और खपत की संभावनाएं बढ़ने से निवेश आकर्षित हो रहा है। भारत

### पॉकेट एंटरटेनमेंट का सालाना राजस्व 50 करोड़ डॉलर के पार




**नई दिल्ली।** ऑडियो मनोरंजन मंच पॉकेट एफएम एवं माइक्रो-ड्रामा ऐप पॉकेट सागा की मूल कंपनी पॉकेट एंटरटेनमेंट का सालाना राजस्व 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पार पहुंच गया है। कंपनी ने सालाना आधार पर 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह वृद्धि पॉकेट एफएम के वैश्विक विस्तार और सामग्री तैयार करने, उत्पादन, निजीकरण तथा वितरण में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से हुई है। क

## ब्रिक्स बिजनेस फोरम में केंद्रीय मंत्री का ब्रिक्स देशों से अनुरोध

# गोयल का भुगतान प्रणालियों को जोड़ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का आग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से अपनी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाने का शुक्रवार को आग्रह किया।'ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026' के उद्घाटन सत्र को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

भारत का यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) सालाना 250 अरब से अधिक लेनदेन का आंकड़ा पार कर चुका है, जो दुनियाभर में लेनदेन की संख्या के हिसाब से आधे से अधिक है। उन्होंने कहा, ''आज इसे (यूपीआई को) 11 देशों में भी स्वीकार किया जाता है और मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों तथा साझेदार देशों से आग्रह करूंगा कि वे हमारी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ें, एक-दूसरे की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करें, डिजिटल व्यापार को वैश्विक बनाएं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए मिलकर काम करें।''

- दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा
- भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में की पहल
- भारत का यूपीआई सालाना 250 अरब से अधिक का लेनदेन कर चुका




**किसानों के लिए मिलकर समाधान निकाले :** गोयल ने कहा, ''मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों और साझेदार देशों से आग्रह करता हूं कि वे अपने बाजार खोलें तथा साथ ही नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं माल की खेप को तेजी से मंजूरी देने में सहयोग करें।'' उन्होंने खाद्य सुरक्षा के हित में ब्रिक्स देशों के किसानों के लिए मिलकर समाधान विकसित करने के लिए कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का भी आह्वान किया।

### एक-दूसरे के लिए सेवा बाजार खोले

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आइए, वास्तविक अर्थों में एक-दूसरे के लिए अपने सेवा बाजार खोलें। पेशेवरों को सीमाओं के पार आसानी से आने-जाने दें और एक-दूसरे की पेशेवर योग्यताओं को मान्यता देना आसान बनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि, दवा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, वाहन, वाहन कलपुर्जे और सेवाओं समेत क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

### ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक चौथाई हिस्सा है

सत्र को संबोधित करते हुए रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं और सतत भविष्य के लिए एक मजबूत आवाज हैं। रेशेतनिकोव ने कहा, ''हम मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हरित तथा डिजिटल बदलाव को तेज करने के लिए ठोस कदमों के पक्ष में हैं... रूस विदेशी कारोबारों का हमारे देश में आने के लिए जोरदार स्वागत करता है। आज हम अवसरों की अर्थव्यवस्था हैं।''

### कई अवरोधों के बीच हो रहा सम्मेलन

'बिजनेस फोरम' दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित किया गया। भारत शनिवार से इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह सम्मेलन रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध और अमेरिकी प्रशासन की शुल्क नीतियों से उत्पन्न एवं बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच हो रहा है।

### रूस ने ढांचा बनाने कई कदम उठाए

गोयल ने कहा कि रूस ने निर्यात बढ़ाने, आर्थिक वृद्धि को गति देने और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में निर्यात की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत है।रूसी मंत्री ने कहा, ''तीन साल पहले रूसी निर्यात के लिए भुगतान में डॉलर और यूरो की संयुक्त हिस्सेदारी 85 प्रतिशत थी। अब यह आंकड़ा करीब 11 प्रतिशत है।

# देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया चार्जिंग में आगे : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन चार्जिंग गतिविधियों में सबसे आगे हैं, जबकि चार पहिया वाहन कुल खपत होने वाली ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट में बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार इससे पता चलता है कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे को वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को ध्यान में रखकर तैयार करने की जरूरत है।

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क संचालक 'बोल्ट.अर्थ' की 'स्टेट ऑफ चार्ज' रिपोर्ट के अनुसार, छह प्रमुख महानगरों में चालू वित्त वर्ष में अब तक हुई चार्जिंग गतिविधियों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 78.1 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 71.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, चार पहिया वाहनों की चार्जिंग गतिविधियों में हिस्सेदारी केवल 16 प्रतिशत रही, लेकिन उन्होंने कुल खपत होने वाली ऊर्जा का 67.3 प्रतिशत इस्तेमाल किया। वित्त वर्ष 2024-25 में यह हिस्सेदारी 58.1 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अंतर ऐसे चार्जिंग बुनियादी ढांचे की जरूरत को दर्शाता है, जो वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत, दोनों को पूरा कर सके।

*छोटे शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही*

*वहीं, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश), राजामहेंद्रवरम (आंध्रप्रदेश) और तिरुवनंतपुरम (केरल) जैसे उभरते मझोले और छोटे (दूसरी और तीसरी श्रेणी) शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही है।*

- चार पहिया वाहनों की ऊर्जा खपत ज्यादा
- बुनियादी ढांचा वाहनों की संख्या व जरूरतों के आधार पर हो तैयार

### बेंगलुरू सबसे बड़ा बाजार बना हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु 1,90,954 चार्जिंग गतिविधियों और 5,26,990 किलोवाट-घंटे (केडब्ल्यूएच) ऊर्जा खपत के साथ सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है, जबकि हैदराबाद और कोच्चि में महानगरों के बीच वृद्धि सबसे तेज है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में चार्जिंग बुनियादी ढांचे का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हो रहा है।

# अमेरिका में डीजल की कीमत छह डॉलर प्रति गैलन के पार

- अमेरिका में डीजल की कीमतों का नया रिकॉर्ड
- खाड़ी युद्ध के कारण ईंधन की आपूर्ति में हो रही बाधा

एजेंसी ▶▶| शिकागो



अमेरिका में डीजल की कीमतों ने शुक्रवार को एक और नया रिकॉर्ड बनाया और इसका औसत भाव छह डॉलर प्रति गैलन (लगभग 135 रुपये प्रति लीटर) के पार पहुंच गया। वाशिंगटन और ईरान के बीच युद्ध से दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी हुई। मोटर क्लब 'एएए' (अमेरिकन ऑटोमोबाइल एसोसिएशन) के अनुसार 6.05 डॉलर प्रति गैलन का राष्ट्रीय औसत पिछले सप्ताह के 5.85 डॉलर और पिछले वर्ष इसी अवधि के 3.70 डॉलर प्रति गैलन से अधिक है। डीजल की ऊंची कीमतों का मतलब रोजमर्रा के सामानों की एक लंबी सूची के लिए परिवहन का अधिक महंगा होना है। इसका कारण कई माल ढुलाई और वितरण नेटवर्कों में डीजल का उपयोग किया जाता है।

**खाद्य पदार्थों पर महंगे डीजल का दबाव :** मांस और कृषि उपज जैसे जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को महंगे डीजल के सबसे तात्कालिक दबाव का सामना करना पड़ता है। इन लागतों का असर खुदरा स्तर तक पहुंचने में समय लग सकता है, लेकिन डीजल की कीमतों में यह उछाल जल्द समाप्त होता नहीं दिख रहा है। इस सप्ताह, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी कच्चा तेल दोनों कई महीनों में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गए।

## भारत का लक्ष्य 6जी की दौड़ में नेतृत्व करना : सिंधिया




**मुंबई।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत का लक्ष्य छठी पीढ़ी (6जी) की मोबाइल प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व करना और वैश्विक प्रौद्योगिकी मानकों को तय करने वाला देश बनना है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी के बाजार से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी का निर्माता बन रहा है।सिंधिया ने ''ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026'' में कहा कि भारत 4जी के मामले में दुनिया से पीछे था, लेकिन 5जी में देश ने दुनिया के साथ कदम मिलाया और अब छठी पीढ़ी की मोबाइल संचार प्रौद्योगिकी में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि भारत का 6जी मिशन पहले ही शुरू हो चुका है।

# एनएसई के आईपीओ का आकार 15 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए जून में बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा प्रस्ताव (डीआरएचपी) दाखिल किए जाने के बाद कई बदलाव हुए हैं। इनमें निर्गम के आकार में करीब 15 प्रतिशत की कटौती सबसे प्रमुख है। एनएसई ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत बेचे जाने वाले शेयरों की संख्या 14.9 करोड़ से घटाकर 12.64 करोड़ कर दी है जो करीब 15 प्रतिशत कम है। चूंकि आईपीओ पूरी तरह ओएफएस है, इसलिए शेयरों की संख्या घटने से कुल निर्गम आकार भी कम हो गया है। एनएसई ने आईपीओ के लिए 1,700-1,785 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

- मसौदा प्रस्ताव दाखिल होने के बाद कई बदलाव हुए
- ओएफएस के तहत शेयरों की संख्या घटाकर 12 .64 करोड़ कर दी

### एसबीआई ने भी बिक्री घटाकर 1.6 करोड़ शेयर की

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने प्रस्तावित बिक्री 2.47 करोड़ से घटाकर 1.6 करोड़ शेयर कर दी है। एमएस स्ट्रैटेजिक (मॉरीशस) लिमिटेड भी निर्गम में 1.6 करोड़ के बजाय 1.1 करोड़ शेयरों की ही बिक्री करेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रस्तावित बिक्री 1.09 करोड़ से घटाकर 76.9 लाख शेयर और स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 1.08 करोड़ से घटाकर 61.87 लाख शेयर कर दी है।

# सोना 2,700 रुपए टूटा और चांदी 10,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना फिसलकर 1,55,900 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया
- चांदी लुढ़कर 2,34,600 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,700 रुपये फिसलकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी का भाव 10,000 रुपये टूटकर 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,700 रुपये घटकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसी तरह चांदी की कीमत 10,000 रुपये घटकर 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम था। सराफा कारोबारियों ने कहा कि कीमती धातुओं में हाल के दिनों में आई तेजी के बाद स्थानीय बाजार में बिकवाली दबाव के चलते घरेलू सर्राफा कीमतों में तेज गिरावट आई है। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में तेजी के बावजूद देखने को मिली। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 49.82 डॉलर यानी 1.15 प्रतिशत बढ़कर 4,366.58 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत बढ़कर 64.77 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## 'बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम' एक अक्टूबर से होगा लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करने के लिए आधुनिक कानूनी ढांचा उपलब्ध कराने वाला 'बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम, 2026' एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 10 सितंबर को जारी अधिसूचना के जरिये एक अक्टूबर, 2026 को इस कानून के प्रावधानों के लागू होने की तारीख तय की गई है। राष्ट्रपति ने पिछले महीने इस कानून को मंजूरी दी थी। यह कानून समकालीन बैंकिंग गतिविधियों के अनुरूप बैंकिंग रिकॉर्ड के साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल के लिए आधुनिक ढांचा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि कानून में प्रौद्योगिकी-तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया गया है।

- बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकेगा

## तेल-गैस खोज की समयसीमा 15 नवंबर तक बढ़ाई गई



**नई दिल्ली।** सरकार ने गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों में तेल एवं गैस खोज के लिए बोली जमा करने की समयसीमा दो महीने और बढ़ाकर 15 नवंबर, 2026 कर दी है। यह समयसीमा खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के दसवें और 11वें दौर के तहत बोली के लिए रखे गए गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों के लिए बढ़ाई गई है। इन क्षेत्रों के लिए बोली जमा करने की अंतिम तारीख पहले 17 सितंबर, 2026 तक बढ़ाई गई थी। यह इस समयसीमा का एक और विस्तार है। हालांकि डीजीएच ने समयसीमा बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया है।

## कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में गिरावट



- संसेक्स 121 और 79 .70 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कारोबार के दौरान करीब एक प्रतिशत तक गिरने के बाद संभल गए और मामूली नुकसान के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में नरमी और एचडीएफसी बैंक तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनयों के शेयर में खरीदारी से बाजार को निचले स्तर से उबरने में मदद मिली। बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.83 अंक गिरकर 74,781.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 742.43 अंक तक गिरकर 74,160.16 अंक पर आ गया था। इसी तरहनिफ्टी भी 79.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत गिरकर 23,398.10 अंक पर बंद हुआ।

## अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने कुछ सालों से खरीद रहा सोना

# चीन की दिवानगी, 22 महीनों से लगातार खरीद रहा गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने के लिए चीन की दीवानगी कम होती नजर नहीं आ रही है। गोल्ड रिजर्व का होना किसी भी देश के लिए अच्छी बात है। भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाएं भी पिछले कुछ सालों से लगातार सोना खरीद रही हैं।

- चीन ने अगस्त 2026 में सोने के भंडार में 20 .2 टन सोना शामिल किया

इस बीच, भारत की खरीद में बेशक कुछ कमी आई है, लेकिन चीन टस से मस नहीं हो रहा है। चीन अपने सोने का भंडार लगातार बढ़ाता ही जा रहा है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने अगस्त 2026 में अपने सोने के भंडार में 6,50,000 औंस (लगभग 20.2 टन) सोना शामिल किया है, जो अक्टूबर 2023 के बाद से महीने भर में की गई सबसे बड़ी खरीद है। यह खरीदारी इसलिए भी सबसे खास है क्योंकि अगस्त के दौरान वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत का जोरदार उछाल देखा गया था। चीन ने बढ़ती कीमतों की परवाह न करते हुए अपनी आक्रामक खरीदारी जारी रखी।

### चीन क्यों कर रहा ऐसा?

*फाइनेंशियल एनालिस्ट और ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन किसी शॉर्ट-टर्म मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि भविष्य का सोचकर अपने गोल्ड रिजर्व को बढ़ा रहा है। यह उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक कदम का हिस्सा है।अगस्त 2026 में अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा लंबी अवधि के सरकारी बांड के बायबैक को दोगुना करने का अप्रत्याशित फैसला लिया गया, जिससे डॉलर में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर मुद्रा अवमूल्यन को लेकर चिंताएं बढ़ीं। इसके विकल्प के रूप में चीन ने सोने में निवेश को और तेज किया।*



**रूस से ली सबक :** यूक्रेन में जंग के बाद रूस पर लगे पश्चिमी प्रतिबंधों को देखते हुए चीन यह समझ चुका है कि डॉलर और यूरो जैसी फॉरेन करेंसीज को किसी भी वक्त फ्रीज किया जा सकता है। आसान भाषा में कहे तो अमेरिकी डॉलर या डिजिटल बांड्स के रूप में विदेशी मुद्रा भंडार रखने से वह पैसा अमेरिका के बैंकिंग सिस्टम (जैसे स्फिट) के जरिए ही घूमता है। ऐसे में अगर कभी भविष्य में चीन और अमेरिका के बीच राजनीतिक या सैन्य तनाव का माहौल बनता है, तो अमेरिका एक झटके में चीन के अरबों-खरबों डॉलर को फ्रीज (जब्त) कर सकता है। उसने रूस के साथ भी यही किया है। लेकिन सोने के साथ ऐसा नहीं है।

### 22 महीनों से लगातार जारी खरीद

पीपल्स बैंक ऑफ चाइना के जारी आंकड़ों से पता चला कि अगस्त में उसके सोने का भंडार 6,50,000 औंस बढ़ा है। 20.2 टन की इस नई खरीद के साथ चीन का कुल आधिकारिक गोल्ड रिजर्व बढ़कर अब रिकॉर्ड 2,386.6 टन (76.73 मिलियन औंस) पर पहुंच गया है। चीन के सोना खरीदने का यह ट्रेंड लगातार 22 महीनों से बना हुआ है। चीन के केंद्रीय बैंक का लगातार सोना खरीदने का सिलसिला अब 22वें महीने में प्रवेश कर चुका है।

## चिंतन

# भरोसेमंद दोस्त के साथ और बढ़ेगा सहयोग

भारत और रूस के संबंध केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच भी दोनों देशों के बीच विश्वास और रणनीतिक सहयोग कायम है। रूस हमेशा से ही भारत का भरोसेमंद साथी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति पर आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि दोनों नेताओं की दो सप्ताह में यह दूसरी मुलाकात है। इससे भारत-रूस संबंधों को मिल रहे महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, उर्वरक, महत्वपूर्ण खनिज, विनिर्माण, रेलवे और इस्पात जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा हुई। यह दायरा बताता है कि दोनों देशों के रिश्ते अब केवल रक्षा और ऊर्जा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक और तकनीकी साझेदारी के नए क्षेत्रों में भी विस्तार पा रहे हैं। भारत-रूस संबंधों की मजबूती का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा सहयोग है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत का तर्क भी स्पष्ट है कि 140 करोड़ से अधिक आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा आपूर्ति जरूरी है। वर्ष 2026 में भारतीय कच्चे तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी जुलाई में रिकॉर्ड 51 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह आंकड़ा रूस के भारत की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ते महत्व को दर्शाता है। रक्षा क्षेत्र दोनों देशों की साझेदारी का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत लंबे समय से रूसी सैन्य प्लेटफॉर्म और तकनीक का उपयोग करता रहा है। अब सहयोग का जोर केवल हथियार खरीदने के बजाय संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और भारत में निर्माण पर होना चाहिए। सुखोई-57 और एस-500 जैसी प्रणालियों पर संभावित सहयोग, ब्रह्मोस जैसी संयुक्त परियोजनाएं और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी आने वाले वर्षों में संबंधों को नई दिशा दे सकती हैं। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति के साथ रूस किस तरह खुद को जोड़ता है, यह महत्वपूर्ण होगा। इसी बीच ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव भी इस मुलाकात को व्यापक संदर्भ देता है। पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई, जबकि जी-7 की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही। वैश्विक आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी आधे से अधिक रही, जबकि जी-7 का योगदान 18 प्रतिशत रहा। उन्होंने इसकी बड़ी वजह ब्रिक्स देशों की अधिक आबादी और तेजी से बढ़ते घरेलू बाजारों को बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये देश दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी और 25 प्रतिशत से अधिक वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी रखते हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली ताकत बन चुका है। ऐसे समय में रूस के साथ मजबूत संबंध भारत के लिए केवल पुरानी दोस्ती निभाने का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, आर्थिक हित और रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने का माध्यम हैं। भरोसे की नींव पहले से मजबूत है। अब जरूरत है कि भारत और रूस इस भरोसे को व्यापार, तकनीक, उत्पादन और विकास की ऐसी साझेदारी में बदलें, जिसका लाभ दोनों देशों की जनता को मिले।



मुद्दा
राजकुमार सिंह

# ‘जेन जी’ ने बदल दिया चुनावी सिलेबस

> राजनीतिक दलों–नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर ‘युवा भारत’ के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई। अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों–युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे।

अंतिम परिणति तो नतीजे ही बताएंगे, लेकिन ‘जेन जी’ के जंतर–मंतर प्रयोग ने चुनावी सिलेबस बदल दिया है। इसका दबाव राजनीतिक दलों-नेताओं पर दिख रहा है। नौकरी देने के अधूरे वादों के अलावा याद नहीं पड़ता कि देश में कभी शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को शासकीय तो दूर, चुनावी एजेंडा में भी प्राथमिकता मिली हो। युवाओं की बढ़ती आबादी के मद्देनजर ‘युवा भारत’ के नारे सुने जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहतर शिक्षा और उपयुक्त रोजगार देकर देश के विकास की मुख्यधारा का इंजन बनाने की योजना सामने नहीं आई।

अंतहीन पेपर लीक और भर्ती घोटालों की तलवार अकसर युवाओं के भविष्य पर लटकी नजर आई। कटु सत्य यह भी कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के भविष्य से इस खिलवाड़ पर छात्रों-युवाओं के नाम पर बने राजनीतिक दलों के संगठन भी मूकदर्शक बने रहे। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का ऑनलाइन जन्म सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी के चलते हुआ, लेकिन जंतर-मंतर पर और उसके बाद उसे मिल रहा समर्थन छात्रों और युवाओं के मुद्दों की अनवरत अनदेखी का परिणाम भी है। बेशक जंतर-मंतर पर और उसके बाद भी सीजेपी से कुछ राजनीतिक दलों-नेताओं का मेलजोल नजर आ रहा है, लेकिन इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि देश के सभी दलों के शासन वाले राज्यों में पेपर लीक और भर्ती घोटाले होते रहे हैं। इसीलिए अब छात्र और युवा, जाति-धर्म-क्षेत्र-राजनीतिक रुझान की सीमाएं लांघ कर शिक्षा, परीक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर कमोबेश सभी राज्यों में सड़क पर उतर रहे हैं। जंतर-मंतर के बाद झारखंड में भी छात्रों-युवाओं का सफल आंदोलन और उसका राजनीतिकरण दिखा, तो अब स्कूली शिक्षा की बदहाली के विरुद्ध राज्य-दर-राज्य ‘जेन अल्फा’ के भी सड़क पर उतरने की खबरें हैं। जिन छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज कक्षाओं में होना चाहिए, उनका सड़क पर उतरना देश-समाज की सकारात्मक तस्वीर पेश नहीं करता, पर उन्हें व्यवस्था ने ही मजबूर किया है। जिस देश में बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ‘मिड डे मील’ जैसी योजना चलायी जा रही हो, वहां विलय के नाम पर लगभग एक लाख स्कूल बंद कर दिया जाना शिक्षा के अधिकार और ‘नेबरहुड स्कूल’ की सोच के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान है। यह स्थिति ग्रामीण भारत में ज्यादा है। जिस राजस्थान में स्कूल का निरीक्षण करने गए सीजेपी कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष की खबरें आईं, वहां 611 स्कूल बिना इमारत चलने का आंकड़ा है। जिस स्कूल के निरीक्षण पर विवाद हुआ, वह एक तबेले में चल रहा था, जिसे अब स्थानांतरित कर दिया गया है। बिना भवन और पर्याप्त शिक्षकों के स्कूल चलने की शिकायतें देश भर में आम हैं, पर उनका निराकरण करने के बजाय बिना अनुमति स्कूल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। व्यवस्था की दृष्टि से यह प्रतिबंध उचित लग सकता है, पर स्कूल की खामियां देखने-दिखाने की अनुमति भला कौन-सा प्रशासन देगा? कुछ राज्यों से स्कूली बच्चों के पैदल जिला मुख्यालय पहुंच कर स्कूल की बदइंतजामी प्रशासन को बताने की खबरें भी यही बताती हैं कि निगरानी जिनकी जिम्मेदारी है, वे



अपना काम नहीं कर रहे। हमारे यहां निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की त्रिस्तरीय व्यवस्था है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकते। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की है। आंकड़े जो भी कहें, सच यह है कि छात्र-शिक्षक और नागरिक-चिकित्सक अनुपात ‘विकसित भारत’ के सपने से मेल हरगिज नहीं खाता। स्कूल शिक्षा व्यवस्था की बुनियाद है। बुनियाद ही बदहाल है तो उस पर बनने वाली इमारत के हाल की कल्पना ही की जा सकती है। कुछ छात्र मेहनत और किस्मत से प्रतियोगी परीक्षाओं की दहलीज तक पहुंच जाते हैं तो पेपर लीक और भर्ती घोटाले सपने चकनाचूर करने का चक्रव्यूह रचे तैयार मिलते हैं। पेपर लीक के लिए अकसर कोचिंग माफिया पर उंगली उठती है। बेशक कोचिंग का दिन दूना-रात चौगुना फैलता कारोबार पाक-साफ नहीं है, पर उसके लिए निगरानी तंत्र बनाने की जिम्मेदारी किसकी है? राजनीतिक-पुलिस-प्रशासनिक संरक्षण बिना ही कोचिंग माफिया इतना ताकतवर हो गया? तमाम राजनेता शिक्षण संस्थान चला रहे हैं, तो कारोबारियों को भी शिक्षा क्षेत्र का मोटा मुनाफा आकर्षित कर रहा है। राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार से ग्रस्त शिक्षा- परीक्षा तंत्र से निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपेक्षा ही बेमानी है। राज्य-दर-राज्य अदालत में चुनौती दी गयीं या रद्द कर दी गयीं भर्तियों की फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है, पर वह नौबत तो तभी आती है, जब प्रक्रिया दोषपूर्ण रहे। आखिर दो दशक पहले भी प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्ती होती थीं। बेशक तब भी नकल और पेपर लीक के मामले आते थे। भर्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते थे, पर अपवादस्वरूप, लेकिन अब तो यह परंपरा-सी बन गई है। अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हमारी व्यवस्था का ‘प्रिय शगल’ बन गया लगता है। पेपर लीक हो गया तो दोबारा करा देंगे। दोबारा भी लीक हो गया तो तीसरी बार करा देंगे। बेरहम तर्क यह कि छात्र योग्य हैं तो उन्हें दूसरी-तीसरी बार परीक्षा देने में क्यों समस्या होनी चाहिए? दरअसल जंतर-मंतर प्रयोग सरकारी तंत्र की इसी गैर जिम्मेदार सोच पर वार था, पर सीजेपी और ‘जेन जी’ जानते हैं कि सिर्फ एक मंत्री के इस्तीफे से शिक्षा-परीक्षा तंत्र ठीक होने वाला नहीं। इसलिए अब स्कूलों से ही व्यवस्था को दुरुस्त करने की मुहिम शुरू हुई है। शिक्षा और परीक्षा के बाद लक्ष्य रोजगार ही है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया भी निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है। दशकों में बिगड़ी शिक्षा-परीक्षा व्यवस्था चंद दिनों में दुरुस्त नहीं हो सकती। इसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी उसी तंत्र पर है, जिस पर इसे बिगाड़ने के आरोप हैं, पर सकारात्मक संकेत यह है कि इस बाबत ‘जेन जी’ और ‘जेन अल्फा’ का दबाव सभी दल-नेता महसूस कर रहे हैं। यह उनकी अंतर्रात्मा अचानक जाग जाने का परिणाम नहीं है। इसके मूल में है ‘जेन जी’ की चुनावी ताकत। अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां 18 से 29 साल के ‘जेन जी’ मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं। इनकी ताकत का अंदाजा इस आंकड़े से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में इन राज्यों की ढाई सौ से ज्यादा सीटों पर हार-जीत का अंतर पांच प्रतिशत से भी कम था। जाति-धर्म-क्षेत्र और राजनीतिक विभाजन से मुक्त नजर आ रही ‘जेन जी’ ने किसी एक ओर रुख कर लिया तो चुनाव उधर ही पलट जाएगा। महत्वपूर्ण आंकड़ा यह भी है कि अगले लोकसभा चुनाव तक ‘जेन जी’ मतदाताओं का प्रतिशत 29 हो जाएगा। इसीलिए हर दल और नेता अपने-अपने अंदाज में ‘जेन जी’ को रिझाने में जुटा है। चुनावी सिलेबस में अचानक आए इस बदलाव का असर चुनाव घोषणापत्रों से लेकर टिकट वितरण तक दिखेगा, जो एक सकारात्मक संकेत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कश्मीर का सेब
पंकज चतुर्वेदी



# मुनाफे की चमक के पीछे छिपा जानलेवा जहर

कश्मीर की वादियों में सेब के बागान केवल पेड़ों की कतारें नहीं हैं, बल्कि ये उस अर्थव्यवस्था की बुनियाद हैं जिस पर हजारों परिवार आश्रित हैं। कश्मीर का सेब पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन बागानों में रसायनों और कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग जिस गति से बढ़ा है, उसने इस आर्थिक आधार को एक स्वास्थ्य आपदा में बदल दिया है। आज स्थिति यह है कि सेब का उत्पादन तो बढ़ रहा है, लेकिन उस उत्पादन के साथ जो जहर खेतों से निकलकर बाजारों तक पहुंच रहा है, वह समाज के लिए एक खामोश खतरा बन चुका है। जम्मू-कश्मीर का कीटनाशक खपत के मामले में देश में चौथे स्थान पर पहुंचना केवल आंकड़ों का फेर नहीं, बल्कि एक गंभीर पर्यावरणीय और चिकित्सीय चेतावनी है। सेब की खेती में रसायनों का यह बढ़ता उपयोग बागवानों की उस बेचैनी का नतीजा है जो अल्पकालिक लाभ और बेहतर पैदावार के चक्कर में अंधाधुंध छिड़काव कर रहे हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, घाटी के कुछ क्षेत्रों में कीटनाशकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से कहीं अधिक है, जो सीधे तौर पर मिट्टी की उर्वरता और भूजल की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है। बाजार में नकली और बिना मानक वाले कीटनाशकों की व्यापक उपलब्धता ने इस समस्या को और अधिक जटिल बना दिया है, जिससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता नष्ट हो रही है बल्कि वह पानी भी प्रदूषित हो रहा है जिसे पीकर अगली पीढ़ी बड़ी हो रही है। इस पूरे तंत्र में जो मानवीय कीमत चुकानी पड़ रही है, वह अब अनकही नहीं रही। खेतों में इन रसायनों का छिड़काव करने वाले किसान खुद सबसे पहले इसके प्रभाव में आ रहे हैं। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के, इन जहरीले घोलों के सीधे संपर्क में आने से किसानों में श्वसन तंत्र की बीमारियां, त्वचा के गंभीर संक्रमण और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

बात केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन परिवारों और बच्चों के लिए भी चिंता का विषय है जो इन बागानों के इर्द-गिर्द सांस लेते हैं और रसायनों से दूषित हवा और पानी का सेवन करते हैं। वैज्ञानिक शोध यह स्पष्ट करते हैं कि लगातार कीटनाशकों के संपर्क में रहने से अंतःस्त्रावी ग्रंथियों (हार्मोनल सिस्टम) में व्यवधान उत्पन्न होता है, जिससे प्रजनन क्षमता में कमी, असमय गर्भपात और बच्चों में विकासात्मक समस्याएं देखने को मिल रही हैं। कश्मीर के कुछ बागवानी क्षेत्रों में हुए अनौपचारिक सर्वेक्षणों में पाया गया है कि कीटनाशक छिड़काव वाले परिवारों में पुरानी बीमारियों और कैंसर के मामलों में सामान्य आबादी की तुलना में कहीं अधिक वृद्धि है। जो फल हम बाजार से खरीदकर अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग करते हैं, वह भी कीटनाशकों के अंशों के साथ हम तक पहुंच रहा है। यह फल पोषण देने के बजाय बीमारियों का संवाहक बन रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर पड़ रहा है। कीटनाशकों के अवशेष न केवल फल की बाहरी सतह पर, बल्कि उसके गूदे के भीतर भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें धोकर या छीलकर भी पूरी तरह दूर नहीं किया जा सकता। आर्थिक लाभ की इस दौड़ में मानवीय जीवन का महत्व गौण हो गया है। आज जरूरत इस बात की है कि हम कृषि को स्वास्थ्य से अलग करके देखना बंद करें। यदि मुनाफे की चमक को बरकरार रखने के लिए कैंसर और शुरुआती मृत्यु की कीमत चुकानी पड़े, तो यह विकास नहीं बल्कि विनाश है। कीटनाशकों का यह अंधाधुंध प्रयोग केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी एक बड़ा खतरा है। मिट्टी के मित्र कीट और सूक्ष्मजीव, जो मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखते हैं, इन रसायनों के कारण मर रहे हैं।

इससे मिट्टी बंजर हो रही है और भविष्य में उसी जमीन पर बिना रसायनों के खेती करना नामुमकिन होता जा रहा है। इस दिशा में सुधार के लिए कठोर नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सरकार को कीटनाशकों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखनी होगी और नकली उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को जड़ से खत्म करना होगा। बागवानों को एकीकृत कीट प्रबंधन की दिशा में ले जाना होगा, जहां रसायनों की जगह जैविक और प्राकृतिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाए। समय आ गया है कि हम आर्थिक आंकड़ों की चकाचौंध से बाहर निकलकर जीवन की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं, अन्यथा यह सेब आने वाली पीढ़ियों के लिए महज एक जहरीली विरासत बनकर रह जाएगा। हमें अब यह तय करना होगा कि हम क्या चाहते हैं—बीमारियों से भरा बड़ा उत्पादन या स्वस्थ लोगों के साथ एक टिकाऊ भविष्य?

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

## मुश्किल समय में अस्थिर हो जाता है मन



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

**भारत की तंबाकू नियंत्रण नीति में बड़ी खामियां**

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। – **विनोद कुमार, हिसार**

## ट्रेंड

### राष्ट्र-निर्माण कार्य



स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में 'विश्व धर्म संसद' में भारत को मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के स्रोत के रूप में स्थापित किया। उनके उस ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर, मैं युवाओं से स्वामी जी का भाषण पढ़ने और खुद को राष्ट्र-निर्माण कार्य में समर्पित करने का आग्रह करता हूं। - **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### बघेल की समस्याएं



कांग्रेस ने भूपेश बघेल को असम का प्रभारी नियुक्त किया है। लेकिन मेरी जानकारी में उन्हें असम में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि वे छत्तीसगढ़ में कई राजनीतिक और व्यक्तिगत समस्याओं में उलझे हुए हैं। - **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### ब्रिक्स की मेज़बानी



दिल्ली के लिए ब्रिक्स की मेज़बानी करना सम्मान और गर्व की बात है। हम अपने मेहमानों का स्वागत करते हैं कि वे ऐसी राजधानी का अनुभव करें जो कई संस्कृतियों से समृद्ध है और 'वसुधैव कुटुंबकम' की शाश्वत भारतीय भावना से प्रेरित है। - **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### ज़ुल्म रुकते नहीं



आप हर तरह के ज़ुल्म के बारे में तब तक बात करते रहते हैं जब तक आप थक नहीं जाते। ज़ुल्म रुकते नहीं हैं। कभी-कभी वे जगह बदल लेते हैं। कभी-कभी, रिले रेस की तरह, एक ज़ालिम दूसरे ज़ालिम को बंदूक थमा देता है। आप इसे और नहीं सह पाते। - **सुधीर मिश्रा**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# कलसी दंपति ने ह्यूस्टन विवि को दिए 40 लाख डॉलर दान

भारतीय–अमेरिकी दंपति ने इंजीनियरिंग अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ह्यूस्टन विश्वविद्यालय को 40 लाख डॉलर का दान दिया है। विश्वविद्यालय ने बताया कि ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को दिए गए इस दान से मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग में दो स्थायी प्रोफेसर पद, शिक्षकों के शोध के लिए कोष, स्नातक छात्रों के लिए फेलोशिप और एक संगोष्ठी श्रृंखला स्थापित की जाएगी। भारतीय–अमेरिकी इंजीनियर मनमोहन सिंह कलसी और उनकी पत्नी मैरी–लुइस शूबर्ट कालसी ने शोध और शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से यह राशि दान की है। कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रदीप शर्मा ने कहा, ‘’ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के स्नातक छात्र से लेकर उद्योग जगत के नवोन्मेषक और उद्यमी तक मनमोहन कलसी की यात्रा कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती है।’’ यह योगदान इस दंपति के विश्वविद्यालय के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करता है। मनमोहन कलसी ने ह्यूस्टन विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।



## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग–थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान–प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# सड़क, जल और सफाई कार्यों में तेजी लाएं: निगमायुक्त

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आयुक्त कार्यालय में नगर निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल प्रदाय, स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्रकाश, लोक निर्माण, सीवर एवं सीएम हेल्पलाइन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने शहर में नियमित एवं पर्याप्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज के त्वरित सुधार तथा प्रमुख मार्गों, बाजारों, वार्डों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बंद स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत स्वीकृत सड़क, नाली एवं अन्य विकास कार्यों तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। सीवर कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य जनशिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में शत-प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकृत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोंडवाना चौक का शिलालेख लगेगा, शेड व अत्याधुनिक प्रसाधन केंद्र का होगा निर्माण

# शंकर शाह-रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल का होगा सौंदर्यीकरण

**जबलपुर।** अमर वीर शहीद सेना नायक राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के प्रतिमा स्थल को व्यवस्थित एवं विकसित करने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को स्थल की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और सौंदर्यीकरण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए।महापौर ने बताया कि प्रतिमा के सामने स्थित चौराहे पर ऐतिहासिक पहचान को दर्शाने वाला गोंडवाना चौक का शिलालेख स्थापित किया जाएगा। परिसर की मूलभूत व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा। वहीं निगमायुक्त ने बताया कि आगंतुकों को धूप एवं बारिश से राहत देने के लिए शेड निर्माण स्वीकृत किया गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रतिमा स्थल के समीप अत्याधुनिक प्रसाधन केंद्र भी बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि स्थल की गरिमा और भव्यता में वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेन्द्र यादव, क्षेत्रीय पार्षद संतोषी ठाकुर, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से, संभागीय अधिकारी संतोष पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सचिन जैन सहित समिति पदाधिकारी किशोरी लाल भलावे एवं राजेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।





# आरक्षण का आधार आर्थिक करने की मांग

**जबलपुर।** शहर के सवर्ण समाज (सामान्य वर्ग) की ओर से प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं कानूनी व्यवस्थाओं में कथित विसंगतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपकर आरक्षण का आधार पूरी तरह आर्थिक करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मिलना चाहिए। साथ ही वर्तमान ईडब्ल्यूएस व्यवस्था को अधिक सरल एवं व्यावहारिक बनाने की मांग की गई। ज्ञापन में यूजीसी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की रोस्टर प्रणाली की समीक्षा कर अकादमिक क्षेत्र में योग्यता को प्रमुख आधार बनाने की मांग भी की गई। समाज की ओर से कहा गया कि इससे प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे।इसके अलावा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के कथित दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग करते हुए शिकायत पर एफआईआर या गिरफ्तारी से पहले राजपत्रित अधिकारी स्तर की प्रारंभिक जांच अनिवार्य करने तथा अग्रिम जमानत के प्रावधान को मजबूत करने का सुझाव दिया गया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि आंदोलन किसी जाति या वर्ग के विरोध में नहीं, बल्कि न्याय, समानता और योग्यता के सम्मान के लिए है। प्रशासन से मांग की गई कि ज्ञापन को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक पहुंचाकर इन मुद्दों पर सकारात्मक एवं न्यायसंगत निर्णय कराया जाए।

# दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ 16 सितंबर से

**जबलपुर।** जैन दर्शन के आत्मसाधना एवं धर्माराधना के शाश्वत महापर्व दशलक्षण पर्यूषण का शुभारंभ 16 सितंबर से होगा। सकल दिगंबर जैन समाज ने दस दिवसीय पर्व की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व के दौरान श्रद्धालु दस धर्मों की आराधना कर आत्मसाधना करेंगे। सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन ने बताया कि भादों सुदी पंचमी से चतुर्दशी तक चलने वाले पर्व में उत्तम क्षमा से उत्तम ब्रह्मचर्य तक दस धर्मों की आराधना होगी। पर्व को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है।

यह रहेगा धर्म आराधना क्रम— 16 सितंबर को उत्तम क्षमा, 17 को मार्दव, 18 को आर्जव, 19 को सत्य, 20 को शौच, 21 को संयम, 22 को तप, 23 को त्याग, 24 को आकिंचन्य तथा 25 सितंबर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना होगी। इसके बाद 26 सितंबर को रत्नत्रय व्रत की पूर्णता होगी और 27 सितंबर को क्षमावाणी महापर्व मनाया जाएगा। पर्व के दौरान जबलपुर सहित प्रदेश, देश और विदेश में निवासरत दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु धर्माराधना एवं आत्मसाधना में सहभागी होंगे।






## जीआरपी की तत्परता से युवती परिजनों से मिली

**जबलपुर।** परिवार से नाराज होकर ट्रेन से निकली 20 वर्षीय युवती को जीआरपी जबलपुर ने तत्परता दिखाते हुए तलाश कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाना जबलपुर को सूचना मिली थी कि मानिकपुर, चित्रकूट निवासी युवती ट्रेन क्रमांक 12321 से घर से निकल गई है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जीआरपी स्टाफ ने युवती की तलाश शुरू की और उसे सुरक्षित थाना लाया गया। यहां महिला आरक्षक आकृति मिश्रा की देखरेख में युवती को सुरक्षित रखा गया। युवती द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर के आधार पर उसके पिता शिवशंकर शुक्ला से संपर्क किया गया। परिजनों के थाना पहुंचने पर आवश्यक तस्दीक एवं कार्रवाई के बाद युवती को सकुशल पिता के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, महिला आरक्षक आकृति मिश्रा, प्रधान आरक्षक स्नेह पटेल, वीरान महोबिया एवं परशुराम यादव शामिल रहे।

# श्रीराम ग्रुप में एमबीए विद्यार्थियों को बताए गए कॉर्पोरेट सफलता के गुर

**जबलपुर।** श्री राम ग्रुप में एमबीए विद्यार्थियों के लिए कॉर्पोरेट इंटरैक्शन एवं स्किल डेवलपमेंट सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आर.वी. बालासुब्रमण्यम अय्यर, वाइस प्रेसिडेंट, Jio Platforms Limited एवं इंडिपेंडेंट डायरेक्टर, मुंबई ने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की बदलती आवश्यकताओं, प्रोफेशनल एटीट्यूड और कार्य संस्कृति की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रैक्टिकल नॉलेज, कम्युनिकेशन, लीडरशिप, टीमवर्क, समस्या समाधान और निरंतर सीखने की क्षमता विकसित करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीक एवं कौशल सीखने तथा करियर के प्रति सकारात्मक और व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में चेयरमैन आर.के. करसोलिया एवं प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समन्वयक प्रो. शुभम अग्रवाल एवं प्रो. नितेश दीक्षित रहे। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ से कॉर्पोरेट करियर और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं से जुड़े सवाल पूछे, जिनका उन्होंने मार्गदर्शन के साथ समाधान किया।





# शैक्षणिक सफलता के लिए विद्यार्थियों को बताए सफलता के सूत्र

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह 2026-27 के तहत शुक्रवार को शैक्षणिक सफलता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. एस.के. प्यासी ने की। मुख्य वक्ता भोपाल के इंजीनियर योगेंद्र बाबू शर्मा रहे।उन्होंने विद्यार्थियों को 'परफॉर्मेंस मैनेजमेंट फॉर एकेडमिक सक्सेस' विषय पर मार्गदर्शन देते हुए बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और सफलता के लिए प्रभावी कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ व्यक्तित्व विकास एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। अधिष्ठाता डॉ. एस.के. प्यासी ने व्याख्यान की उपयोगिता और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संचालन एवं आभार डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ. यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव, डॉ. दीपक पटले, डॉ. महेंद्र डहेरिया एवं डॉ. आराधना पटेल सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रेल केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदनमहल रेलवे स्टेशन के इटारसी छोर पर 10 सितंबर को सिग्नल केबल चोरी और क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के चलते रेल ट्रैक एवं प्वाइंट फेल हो गए थे, जिससे रेल परिचालन पूरी तरह प्रभावित हुआ और 9 ट्रेनें विलंबित हुईं। आरपीएफ चौकी मदनमहल के अधिकारियों ने सिग्नल स्टाफ एवं प्वाइंट्समैन से जानकारी लेकर मौके का निरीक्षण किया। एसएससी सिग्नल जबलपुर शैलेंद्र मोहन के साथ निरीक्षण में 12 कोर और 6 कोर केबल चोरी तथा अन्य वायर क्षतिग्रस्त पाए गए। सीसीटीवी फुटेज और रेल कर्मचारियों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश कर उसे चोरी किए गए केबल वायर के टुकड़ों के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने जंक्शन बॉक्स खोलकर कटर से केबल काटकर चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित कुशवाहा (24), पिता कैलाश कुशवाहा, निवासी शिवनगर भानपुर, भोपाल के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 35/2026 के तहत रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम 1966 की धारा 3(अ) एवं रेल अधिनियम की धारा 174 में प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को 11 सितंबर को विशेष रेलवे न्यायालय जबलपुर में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश किया गया। कार्रवाई में आरपीएफ निरीक्षक राजीव खरब, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक धीरेंद्र सिंह, विनय त्रिपाठी एवं संजय सिंह शामिल रहे। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्रा द्वारा की जा रही है।



# पूर्व विधानसभा में कल निकलेगी कलश वंदन यात्रा

**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान के तहत 12 सितंबर को पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में बैठक आयोजित कर यात्रा की रूपरेखा तय की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि सुबह 11 बजे सुभाष चंद्र बोस मंडल की यात्रा अधारताल स्थित शिव शक्ति तिराहा से प्रारंभ होकर कमला भंडार, खंडेलवाल फर्नीचर होते हुए हनुमान मंदिर गोहलपुर पहुंचेगी। वहीं अब्दुल हमीद मंडल की यात्रा संत रविदास महाराज बाबा टोला से शुरू होकर दुर्गा चौक, विभिन्न मार्गों, नर्मदा नर्सरी और सिंधी कैंप होते हुए शंकर चौक स्थित संत रविदास मंदिर में समाप्त होगी। पूर्व विधानसभा क्षेत्र में दोनों मंडलों की यात्राएं आयोजित की जाएंगी। संगठन ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से यात्रा में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में भाजपा महामंत्री अमित सोनू बचवानी, योगेंद्र राजपूत, रीना राय, जागेश समुंद्रे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# कैंसर जागरूकता और नशामुक्ति का दिया संदेश




**जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में 'नमो प्रेरणा' अभियान के अंतर्गत कैंसर जागरूकता एवं नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान और नशे से दूरी स्वस्थ समाज की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। सारस्वत अतिथि डॉ. अर्पण मिश्रा एवं डॉ. दीप्ति बाला शर्मा ने कैंसर से जुड़े तथ्यों की जानकारी देते हुए स्तन, मुख एवं सर्विक्स कैंसर की समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया। डॉ. हरिकृष्ण दाम्डे एवं डॉ. गरिमा उइके ने लघु फिल्म के माध्यम से कैंसर के कारण, बचाव और जांच के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में 15 दिनों से चल रहे नशामुक्ति अभियान के तहत करीब 3000 छात्राओं से शपथ-पत्र भरवाए गए हैं। नोडल अधिकारी डॉ. साधना केशरवानी ने बताया कि छात्राओं ने कैंसर जागरूकता पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर कारण, लक्षण एवं बचाव के उपाय प्रस्तुत किए। छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। मंच संचालन डॉ. रुचिका यदु ने किया और तकनीकी सहयोग डॉ. अर्जुन शुक्ला ने दिया। आयोजन में डॉ. परनाश्री मुखर्जी, डॉ. रश्मि सिंगरौरे, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. गरिमा मिश्रा, डॉ. तिलोत्तमा, अमृता सिंह एवं चित्रा मरावी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नर्मदा घाटों पर सफाई व्यवस्था होगी और बेहतर

## सुबह 7 बजे निगमायुक्त ने किया निरीक्षण सफाई, सुरक्षा और रोशनी पर दिया जोर

**जबलपुर।** मां नर्मदा के घाटों की सफाई एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बुधवार सुबह 7 बजे अधिकारियों के साथ विभिन्न नर्मदा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट-घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निगमायुक्त ने कहा कि नर्मदा तटों पर 24 घंटे स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों के साथ आधुनिक संसाधनों की तैनाती की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं रात्रिकालीन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने घाटों तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुगम बनाने तथा पर्व एवं विशेष अवसरों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक, संभागीय अधिकारी एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सहित नगर निगम का प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, SHILA (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No JC-677851K Rank NB SUB Name PATIL SUNIL SHIVAJI presently, residing at VILL-KOWAD, PO-KOWAD, TEH-CHANDGAD, DISTT- KOLHAPUR (MAHARASHTRA)-416508 I, have changed of my name and date of birth from name **SHILA** and date of birth 22/03/1991 (name and date of birth as per my **HUSBAND, ARMY SERVICE RECORDS) to SHILA SUNIL PATIL** and date of birth **21/03/1991** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD NO. 9581 9493 4946)** vide affidavit dated 11/09/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME-SHILA SUNIL PATIL
CORRECT DATE OF BIRTH-21/03/1991
INCORRECT NAME-SHILA
INCORRECT DATE OF BIRTH-22/03/1991

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. JC-677851K Rank NB SUB Name PATIL SUNIL SHIVAJI S/O SHIVAJI MUKUND PATIL OF UNIT 54 COY ASC (SUP) TYPE D JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 7173 9990 8830 I, have changed name of my SON, from AARADHYA (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to AARADHYA SUNIL PATIL (name as per my SON, AADHAR CARD NO. 6020 1411 5307,) vide affidavit dated 11/09/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
AARADHYA SUNIL PATIL
INCORRECT NAME
AARADHYA

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्रं.11/131/2026-27
दिनांक 10/09/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शकुन बाल्मिक पति श्री शंभूलाल बाल्मिक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 975/T/14 सार्थक अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000115164 पर दर्ज निर्मित तृतीय तल 565 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1)श्रीमति पल्लवी भार्गव पति श्री अंशुमन भार्गव (2) सुरेश कुमार ठाकुर पिता रमेश कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मनीष (MANISH) पिता श्री बलदेव प्रसाद अग्निहोत्री निवासी प्लाट नं. 2, नैनो एण्ड ईडब्ल्यूएस फ्लेट नं. 103, राजुल टाउनशिप, तिलहरी, जबलपुर म.प्र. का निवासी हूँ, मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम मनीष कुमार अग्निहोत्री (MANISH KUMAR AGNIHHOTRI) दर्ज हैं। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मेरा नाम मनीष अग्निहोत्री (MANISH AGNIHOTRI) दर्ज हैं। मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड, अपना नाम मनीष (MANISH) दर्ज करा लिया है। मेरे नये नाम मनीष (MANISH) के नाम से जाना पहचाना जावे एवं यही नाम मेरे समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज किया जावे । शपथ पत्र दिनांक 10/09/2026, समक्ष पब्लिक नोटरी शुभाशीष चटर्जी जिला न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

**नया नाम-मनीष (MANISH )**
**पुराना नाम-मनीष अग्निहोत्री (MANISH AGNIHOTRI)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित हाथीताल कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG -07 श्रीमती कमलेश रॉय पति श्री एस.एस. रॉय एवं सुश्री जूही पुंज माता स्व. श्रीमती सोनिया पुंज को संयुक्त रूप से आंवटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.11.1994 निष्पादित हो चुका है। आवंटी सुश्री जूही पुंज माता स्व. श्रीमती सोनिया पुंज का निधन दिनांक 12.08.2026 को हो गया है सह आवंटी श्रीमती कमलेश रॉय पति श्री एस.एस. रॉय के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के आधार पर उनके पक्ष में नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन/दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं । निर्धारित अवधि के पश्चात नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम साय को सौंपे स्वीकृति पत्र

# छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए 3.65 लाख से अधिक पक्के मकानों की दी स्वीकृति, रोजाना करीब 1,600 मकानों का कार्य किया जा रहा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए 3.65 लाख से अधिक पक्के मकानों की स्वीकृति दी है। शुक्रवार को रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इन मकानों की स्वीकृति का पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रोजाना करीब 1,600 मकानों का निर्माण पूरा हो रहा है। साथ ही उन्होंने पिछली भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- 'कका' और कांग्रेस ने मिलकर राज्य को तबाह कर दिया था, लेकिन अब प्रदेश फिर से तरक्की की राह पर लौट आया है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने राज्य में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही हैं।

### गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही केंद्र और राज्य सरकार



### राज्य का हो रहा तेजी से विकास

ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देने और किसानों की सहूलियत बढ़ाने के उद्देश्य से 'खेत से सड़क योजना' के तहत करीब 36 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के काम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है।

### वंदे मातरम विवाद में कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

कर्नाटक में वंदे मातरम को लेकर उपजे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। कांग्रेस का यह कदम संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस हम तो डूबे हैं सनम, तुमको भी ले डूबेंगे की तर्ज पर राजनीति कर रही है। इसके अतिरिक्त, ब्रिक्स सम्मेलन पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि ब्रिक्स में दुनिया की बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले देश शामिल हैं। जब वैश्विक मंच पर भारत का प्रभाव बढ़ रहा है, तो कांग्रेस को सवाल उठाने के बजाय देश की उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए। चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने का विशेष रूप से जिक्र किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व में देश ने आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ना सीखा है और भारत अब विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। नरेंद्र मोदी को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ाने वाला बताते हुए उन्होंने कहा आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है।

## युकां की बैठक बनी इंदौर के छात्रों की गूंज, रणनीति तैयार



विशेष प्रतिनिधि, भोपाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को हुई युकां की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' महा-आयोजन को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई के लिए यह आंदोलन मील का पत्थर साबित होगा, जिसमें भोपाल जिले से रिकॉर्ड संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। बैठक की अध्यक्षता भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भोपाल से इंदौर जाएंगे हजारों छात्र-छात्राएं अपनी पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे ने कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में होने वाला 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और भोपाल से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सागर में शराब कांड के विरोध में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की जबावदेही तय करने हेतु भोपाल में आन्दोलन किया जाएगा। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में युवा कांग्रेस युवाओं के हक की आवाज को मजबूती से उठाएगी।

## सीएम के निर्देश, 17 सितंबर को जलाएं जाएंगे 58 लाख आशीर्वाद के दीप

# पीएम मोदी के जन्मदिन उत्सव को 'सेवा से संकल्प' के रूप में मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण अभियानों का शुभारंभ किया जाएगा। प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना को जन-जन तक पहुंचाने और सेवा से संकल्प अभियान के रूप में जनसेवा को नए संकल्प के साथ पूरा करने यह अभियान संचालित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन अभियान से प्रदेश के 50 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी को उनकी सम्पत्ति की निःशुल्क रजिस्ट्री कर राजस्व विभाग के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, सेवा से संकल्प अभियान के तहत पहले दिन 17 सितंबर को शाम 7 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ 58 लाख आशीर्वाद के दीपक जलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह आमजन को सुविधा सम्पन्न बनाने और जनसेवा का बड़ा अभियान है। सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में पूरी तैयारी के साथ दोनों ही अभियान को उत्सव के रूप में आयोजित करें।

**खास बातें**

- प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना अभियान का किया जाएगा शुभारंभ



मंत्रालय में बैठक करते हुए सीएम ।

### भोपाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा। इस कार्यक्रम में सभी जिलों के कलेक्टर और हितग्राही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार ने विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। एक माह तक प्रदेश भर में जन सेवा के विभिन्न प्रकल्प संचालित किए जाएंगे एवं जन सहभगिता से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को सुनिश्चित किया जाएगा।

### सबकी हो सहभागिता, जनप्रतिनिधियों और आमजन को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जनप्रतिनिधिगण, समाज और आमजन को इनसे जोड़ा जाए। जन-जन तक अभियान की जानकारी पहुंचाएं, अधिकाधिक युवाओं को अभियान से जोड़ने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुरुवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कमिश्नर्स और कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कलेक्टर्स से कहा कि वे इन दोनों अभियान के लिए अगले दो दिन में माइक्रो प्लानिंग पूर्ण कर लें, जिले में स्वामित्व अभियान का नेतृत्व कलेक्टर स्वयं करें। जिला स्तर पर नोडल अधिकारी, जोनल अधिकारी और सेक्टर अधिकारी भी नियुक्त किए जाएं।

#### उज्जैन के महाकाल लोक में जलेंगे 25 लाख से अधिक दीये

बैठक में उज्जैन कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद का दीपक कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा महाकाल के महालोक में 25 लाख से अधिक दीपक जलाने की तैयारी है। जिसमें सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के 50 लाख से अधिक हितग्राही भी इस दीपोत्सव में सहभागिता करेंगे।

#### अभियान के अंतर्गत कुल 13 गतिविधियां की जाएंगी संचालित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कुल 13 गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जनसंकल्प अभियान की शुरूआत 'आशीर्वाद का दीपक' कार्यक्रम के साथ होगी। इस दिन शाम 7 बजे एक साथ प्रदेश भर के लाभार्थी परिवारों और चयनित 10 से अधिक प्रसिद्ध ऐतिहासिक और पुरातत्विक महत्व के स्थानों पर 58 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

## डॉक्टरों ने जीतू पटवारी को लिखा पत्रः माफी मांगें कांग्रेस विधायक

**भोपाल।** प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (पीएमटीए) मध्यप्रदेश ने कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के पोस्टमार्टम और मृत देह से जुड़े बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर मामले में संज्ञान लेने की मांग की है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ अशोक ठाकुर ने कहा कि पोस्टमार्टम एक संवेदनशील, कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया को लेकर विधायक की ओर से दिया गया बयान चिकित्सकों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

- कांग्रेस विधायक के बयान पर पीएमटीए नाराज, सार्वजनिक माफी की मांग

डॉक्टर, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और चिकित्सा कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। ऐसे में बिना तथ्य के उनकी कार्यप्रणाली और पोस्टमार्टम जैसी कानूनी प्रक्रिया पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। संगठन ने कहा कि इस तरह के बयान से चिकित्सा समुदाय में अविश्वास की भावना पैदा होती है। एसोसिएशन ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से विधायक अभय मिश्रा के बयान का संज्ञान लेने और उनसे मप्र के चिकित्सक समुदाय से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। अगर कांग्रेस विधायक ने चिकित्सकों से माफी नहीं मागी तो पूरे प्रदेश में चिकित्सक कांग्रेस विधाकों का विरोध कर आंदोलन करेंगे।

### नर्सिंग परीक्षा पर डिप्टी सीएम ने की समीक्षा

## संस्थानों को सूचित कर परिणाम जारी करने की करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में नर्सिंग छात्रों के परीक्षा परिणाम से संबंधित विषय की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश के तारतम्य में संबंधित प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि छात्रों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि पात्र छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि समाविष्ट संस्थानों को प्राथमिकता से सूचित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे संबंधित छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो और विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम समन्वय के साथ उठाए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने अनसूटेबल कॉलेजों के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें सूटेबल कॉलेजों से संबद्ध/संलग्न किए जाने के विषय में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित प्रभावित न हों, इसके लिए नियमानुसार उपलब्ध विकल्पों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। बैठक में आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजू एस, एमपीएनआरसी के रजिस्ट्रार डॉ. उपेन्द्र धोटे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### होम सेक्रेटरी करेंगी वाटर कैनन मामले की जांच

भोपाल। स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों पर वाटर कैनन के इस्तेमाल का मामला अब बड़ा मुद्दा बन गया है। 7 सितंबर को हमीदिया अस्पताल के पास प्रदर्शन कर रहे मेडिकल इंटर्न और छात्रों पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने अब प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। गृह विभाग की सचिव शिल्पा गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में मुख्य तौर पर दो बिंदुओं पर फोकस रहेगा। पहला क्या प्रदर्शन के दौरान पुलिस या प्रशासन की ओर से आवश्यकता से अधिक बल का इस्तेमाल किया गया था। दूसरा अगर जांच में बल प्रयोग अनुपातहीन पाया जाता है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कौन-कौन हैं। सरकार ने जांच अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन राज्य शासन को सौंपने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला ले सकती है।

### दंतेवाड़ा के गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम समलूर का मामला

## जादू-टोना के शक में एक बुजुर्ग की हत्या, तीन आरोपी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम समलूर में जादू-टोना करने के शक में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, 65 वर्षीय सुखराम सोढ़ी की हत्या के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल लकड़ी का पट्टा और अन्य सामान भी बरामद किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को गीदम थाना प्रभारी को ग्राम समलूर के उईकापारा निवासी सुखराम सोढ़ी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान मृतक के चेहरे, गाल, कान और माथे पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बुजुर्ग की मौत कठोर वस्तु से चोट लगने के कारण होना सामने आया। इसके बाद गीदम पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई।

### मृतक के परिजनों- ग्रामीणों से पूछताछ

जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि सुखराम सोढ़ी पर कथित तौर पर जादू-टोना करने का शक किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, इसी बात को लेकर कुछ ग्रामीणों में उसके प्रति नाराजगी थी। जांच के दौरान पुलिस को धनीराम भोगामी उर्फ मोटू (28), बिनेश सोढ़ी उर्फ बीनू (25) और मंगतू सोढ़ी (27) की भूमिका संदिग्ध लगी। तीनों समलूर गांव के ही निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने तीनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में तीनों की कथित संलिप्तता सामने आई और उन्होंने बुजुर्ग की हत्या की योजना बनाने की बात स्वीकार की।

### लकड़ी का पट्टा व अन्य सामान बरामद

आरोपियों के बताए अनुसार पुलिस ने घटना में इस्तेमाल लकड़ी का पट्टा और अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों को 11 सितंबर को गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को भी जांच में शामिल किया जा रहा है।

## पिकनिक मनाने गए आठ छात्र-छात्राओं के साथ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में शुक्रवार दोपहर पिकनिक मनाने पहुंचे चौकसे कॉलेज के 8 छात्र-छात्राओं के साथ बड़ा हादसा हो गया। हसदेव नदी के किनारे सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बहने लगा। उसे बचाने के लिए नदी में कूदे दो अन्य छात्र भी तेज धार में बह गए। हादसे के बाद तीनों बी फार्मेसी के छात्र लापता हैं। पुलिस और नगर सैनिक गोताखोरों की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है। सीएसपी योगिता बाली खापर्डे के अनुसार, बिलासपुर जिले के चौकसे कॉलेज के आठ छात्र-छात्राएं शुक्रवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे पिकनिक मनाने के लिए ग्राम देवरी पहुंचे थे। इनमें चार छात्र और चार छात्राएं शामिल थीं। पुलिस के मुताबिक, मुरारी साहू, पवन लाल और सचिन सिंह हसदेव नदी के किनारे सेल्फी लेने के लिए खड़े थे। इसी दौरान एक छात्र का पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में जा गिरा। उसे बचाने के प्रयास में उसके साथ मौजूद दो अन्य छात्र भी नदी में कूद गए। तेज बहाव के कारण तीनों नदी में बह गए और बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

- तीन बहे, रेस्क्यू जारी तलाश में जुटे गोताखोर

### अमलेश्वर के तिरंगा चौक स्थित बजरंग कॉम्प्लेक्स में हुई थी वारदात

## सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या और लूटपाट मामले में चार को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के पाटन के अपर सत्र न्यायालय ने अमलेश्वर स्थित समृद्धि ज्वेलर्स में सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने और लूटपाट के मामले में चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने आरोपी अनुपम उर्फ अभिषेक कुमार झा, अभय कुमार भारती उर्फ बाबू, सौरभ कुमार सिंह और आलोक कुमार यादव को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 व 34 के तहत चारों को उम्रकैद और 5-5 हजार रुपये के जुर्माने की सजा दी। इसके अलावा धारा 449 व 34 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 397 व 34 में सात वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 1-1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

यह वारदात 20 अक्टूबर, 2022 को हुई थी। अमलेश्वर के तिरंगा चौक स्थित बजरंग कॉम्प्लेक्स में सुरेंद्र सोनी समृद्धि ज्वेलर्स नाम की दुकान चलाते थे। घटना के दिन सुबह 10:30 बजे उन्होंने दुकान खोली थी। दोपहर करीब 12:30 बजे दो युवक आभूषण देखने के बहाने दुकान में घुसे। उस समय सुरेंद्र सोनी का बेटा तनिष्क घर पर अपने मोबाइल फोन पर दुकान के सीसीटीवी कैमरे की लाइव रिकॉर्डिंग देख रहा था। दोपहर करीब 1:00 बजे उसने दोबारा मोबाइल में देखा, तो दोनों आरोपी काउंटर के अंदर घुसकर लॉकर से गहने निकाल रहे थे। तनिष्क तुरंत मोटरसाइकिल से दुकान की तरफ भागा। रास्ते में उसने तीन लोगों को एक मोटरसाइकिल पर जाते देखा। दुकान पहुंचने पर सुरेंद्र सोनी खून से लथपथ मिले और लॉकर खुला पड़ा था। वाराणसी से पुलिस ने किए गिरफ्तार

पुलिस ने घटनास्थल की जांच करके 7.65 एमएम के चार खाली कारतूस, एक जीवित कारतूस और देसी कट्टे का एक खाली खोखा बरामद किया। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के तौर पर दुकान का डीवीआर जब्त किया।

### डोडी-58 केंद्र का निरीक्षण, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया फीडबैक

# आंगनबाड़ी केंद्रों की हकीकत परखने अचानक पहुंचे आयुक्त, बच्चों से पूछा-कैसा मिलता है भोजन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला एवं बाल विकास विभाग के नवागत आयुक्त संदीप जीआर ने कागजों और रिपोर्टों के बजाय आंगनबाड़ी सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सीहोर जिले के आंगनबाड़ी केंद्र डोडी क्रमांक-58 का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में पहुंचकर बच्चों और महिला हितग्राहियों से सीधे बातचीत की और नाश्ते, गर्म पके भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और शाला पूर्व शिक्षा को लेकर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दिए जा रहे नाश्ते और गर्म पके भोजन की गुणवत्ता और स्वाद की जानकारी बच्चों से ही ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को दिए जा रहे स्थानीय टेक होम राशन की व्यवस्था भी देखी। साथ ही केंद्र पर संचालित शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों और अन्य पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी।

- गुणवत्ता और स्वाद की बच्चों से ली जानकारी
- नाश्ते, पोषण, स्वास्थ्य और शाला पूर्व शिक्षा को लेकर लिया फीडबैक



### सिर्फ राशन बांटने तक सीमित न रहें केंद्र

आयुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण वितरण के स्थान नहीं हैं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मातृ-शिशु कल्याण की बुनियाद हैं। उन्होंने केंद्रों को अधिक सक्रिय, जीवंत और बाल हितैषी बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

### बच्चों से बात कर जाना हाल

निरीक्षण का अहम पहलू यह रहा कि आयुक्त ने बच्चों और महिला हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से भोजन के स्वाद और गुणवत्ता के बारे में सहजता से पूछा, वहीं महिला हितग्राहियों से पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का फीडबैक लिया। इससे मैदानी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास किया गया।

### लाड़ली लक्ष्मी और मातृ वंदना योजना भी जांची

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विभाग की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने नवीन हितग्राहियों के पंजीयन और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति जानी।

# हड़ताल से बैंकिंग सेवा ठप, करोड़ों का कारोबार अटका

## प्रदेश में 15 लाख करोड़ और भोपाल में 3 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने समेत लंबित मांगों के निराकरण को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर हुई हड़ताल से प्रदेश की लगभग 7 हजार बैंक शाखाओं में नियमित कामकाज प्रभावित रहा। बैंक यूनियनों ने दावा किया कि एक दिन की हड़ताल से मध्यप्रदेश में करीब 15 लाख करोड़ रुपए और भोपाल में लगभग 2.15 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हुआ। यूएफबीयू के मध्यप्रदेश कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा और संयोजक संजीव मिश्रा ने कहा कि बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं हुआ है। इनमें पांच दिवसीय बैंकिंग कार्य सप्ताह लागू करना प्रमुख है।



एमपी नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा

**मप्र में 7 हजार और भोपाल में 500 शाखाओं में लटके ताले**




लंबित मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए यूनियंस के नेता और बैंककर्मी

### कैश से लेकर चेक क्लीयरेंस तक पर असर

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर शाखाओं में होने वाले नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरेंस, भुगतान और अन्य ऑफलाइन बैंकिंग सेवाओं पर पड़ा। बड़ी रकम जमा या निकालने वाले ग्राहकों को शाखाओं के बंद रहने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### शनिवार-रविवार के बाद सोमवार को खुलेंगे बैंक

शुक्रवार की हड़ताल के बाद शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। ऐसे में बैंक शाखाओं में सामान्य कामकाज अब सोमवार से शुरू होने की संभावना है। बैंक यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि सितंबर के अंत में प्रस्तावित आंदोलन का असर इससे भी बड़ा हो सकता है।

#### सितंबर के आखिर में लगातार पांच दिन असर की संभावना

वीके शर्मा के अनुसार 26 और 27 सितंबर को शनिवार-रविवार का अवकाश है, जबकि 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल रहेगी। ऐसे में लगातार पांच दिनों तक बैंक शाखाओं का नियमित कामकाज प्रभावित होने की स्थिति बन सकती है। इससे नकद लेनदेन, चेक क्लियरेंस और शाखा आधारित सेवाओं पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

**भोपाल में 5000 बैंककर्मियों ने निकाली रैली, प्रदर्शन और सभा की**

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर शुक्रवार को भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल हुई। हड़ताल में मध्यप्रदेश में करीब 40 हजार तथा राजधानी भोपाल में लगभग 5 हजार बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित निजी क्षेत्र, विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के करीब 8 लाख बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल में शामिल हुए। राजधानी भोपाल में हड़ताली बैंककर्मियों ने पंजाब नेशनल बैंक, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा के सामने एकत्र हुए। यहां उन्होंने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने एम्स भोपाल को दी ईवी बस

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत एम्स भोपाल को एक इलेक्ट्रिक बस प्रदान की। बस का औपचारिक हस्तांतरण एम्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संस्थान में ग्रीन मोबिलिटी को प्रोत्साहित करना है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर**
माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक - 03 ) भोपाल (म.प्र.) 462003 भोपाल
**निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.आ.सू. क्र 03 / एन. एच. एम / 2026-27/910 दिनांक 08/09/2026

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम ) से (www.mptenders.gov.in ) ( Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. आई.यू.लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर.01.01.2024 ( निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है । निविदा का विवरण निम्नानुसार है

**ई-निविदा सूचना क्रमांक- 03 / 2026-27 दिनांक 08.09.2026**

| सं. क्र | टेण्डर नं. 2026_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वषार्काल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 534515 | जिला चिकित्सालय कटनी डी.ई.आई. सी.(District Early Intervention Center) के भवन में आवश्यक आन्तरिक साज-सज्जा विशिष्ट सुविधाओ सहित फर्निशिंग एवं अन्य कार्य । | 42.31 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 10.09.2026 प्रात: 10.30 से दिनांक 25.09.2026 सायं 17 :30 तक क्रय किये जा सकते है । 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा । 5. टेण्डर क्रमांक 2026 DHS_534515 में विशेष शर्त लागू होगी जो कि ऑन-लाईन अपलोड की जावेगी । 6. निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है ।

G-18420/26 कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर



www.ayush.mp.gov.in
E-mail:jdayush@mp.gov.in
**संचालनालय आयुष, म.प्र.**
(भू-तल "डी" विंग, सतपुडा भवन, भोपाल-462004)
Office (0755) 2990500
(0755) 2571643

**- विज्ञप्ति-**

-स्नातक प्रथम चरण काउंसिलिंग कार्यक्रम (स्टेट कोटा ) - बी ए एम एस / बी एच एम एस / बी यू एम एस / बी एन वाय एस -

म.प्र. आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम - 2026 तथा म.प्र. प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम - 2026 के अनुक्रम में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग / राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग/म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद/होम्योपैथी / यूनानी / प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी । प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | NEET UG -2026 के पात्र उम्मीदवारो के द्वारा ऑनलाईन पंजीयन तिथि | दिनांक 17/09/2026 से 21/09/2026 रात्रि 11:59 बजे तक |
| 2 | पंजीयन फार्म में ऐडिट करने की सुविधा (Please note that once the candidate's details have been verified, they will not be able to make any further changes to their registration information.) | दिनांक 17/09/2026 से 22/09/2026 सायं 05 बजे तक |
| 3 | अभिलेख सत्यापन | दिनांक 18/09/2026 से 22/09/2026 सायं 05 बजे तक |
| 4 | रिक्त सीटो की स्थिति | दिनांक 23/09/ 2026 |
| 5 | मैरिट सूची का प्रकाशन | दिनांक 23/09/ 2026 |
| 6 | अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग) | दिनांक 24/09/2026 से 26/09/2026 रात्रि 11:59 बजे तक |
| 7 | च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा ऐडिट करने की सुविधा | दिनांक 24/09/2026 से 26/09/2026 रात्रि 11:59 बजे तक |
| 8 | सीट आवंटन | दिनांक 28/09/2026 |
| 9 | महाविद्यालय में औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 29/09/2026 से 01/10/2026 सायं 06 बजे तक |
| 10 | प्रवेश निरस्तीकरण | दिनांक 29/09/2026 से 01/10/2026 सायं 07 बजे तक |

1- प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार आनलाइन प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते है 2- पंजीयन उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद / होम्योपैथी / यूनानी महाविद्यालय में अपने अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा । 3- उपरोक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग / राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली / म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद / होम्योपैथी / यूनानी / प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा । 3- भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग / राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली / म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति हेतु लंबित शासकीय स्वशासी / निजी आयुष महाविद्यालयों को प्रवेशानुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा । 5-नियम/निदेर्शों एवं अपडेट हेतु विभागीय वेबसाईट https://ayush.mp.gov.in एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल https://ayush.mponline.gov.in का सतत अवलोकन करते रहें ।
आयुक्त द्वारा निर्देशित

(डॉ. पंकज गुप्ता)
G-18423/26 प्र.उप संचालक संचालनालय आयुष म.प्र.


# भुगतान से आगे अब स्मार्ट और प्रोग्रामेबल होगा वित्तीय ढांचा : चौधरी

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (**NPCI**) के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अजय कुमार चौधरी ने 7वें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (**GFF**) 2026 में कहा कि भविष्य का वित्तीय ढांचा ऐसा होना चाहिए, जो स्मार्ट, प्रोग्रामेबल, सुरक्षित और समावेशी हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रणालियां अब अधिक बुद्धिमान हो रही हैं और डिजिटल ट्रस्ट की अवधारणा भी नए सिरे से आकार ले रही है। **UPI** के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए चौधरी ने बताया कि अगस्त 2026 में **UPI** के जरिए 752 भागीदार बैंकों के माध्यम से 24.5 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 29.8 लाख करोड़ रुपये रहा। उन्होंने कहा कि **UPI** अब केवल भुगतान माध्यम नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचा बन चुका है।उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में अगले चरण के तीन प्रमुख बदलाव बताए—निर्देशों से उद्देश्य की ओर, धन हस्तांतरण से मूल्य के समन्वय की ओर तथा वर्तमान सुरक्षा से भविष्य की मजबूती की ओर। उन्होंने एजेंटिक एआई के उपयोग में मानवीय नियंत्रण और जवाबदेही को जरूरी बताते हुए कहा कि लक्ष्य असीमित मशीन स्वायत्तता नहीं, बल्कि सीमित एवं जवाबदेह एजेंसी होना चाहिए। चौधरी ने




**NPCI** के ओपन-सोर्स एंटरप्राइज ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म **Drunix** का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रोग्रामेबिलिटी के माध्यम से धन एवं परिसंपत्तियों के हस्तांतरण को निर्धारित शर्तों से जोड़ा जा सकता है। साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए वित्तीय संस्थानों को पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी की दिशा में समय रहते तैयारी करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में तकनीकी संप्रभुता के लिए किसी एक मॉडल, क्लाउड या तकनीकी प्रदाता पर अत्यधिक निर्भरता से बचना, पोर्टेबिलिटी बनाए रखना और संस्थागत क्षमता विकसित करना जरूरी है। उनके अनुसार तकनीक का वास्तविक मूल्य केवल कार्यक्षमता बढ़ाने में नहीं, बल्कि बेहतर निर्णय, मजबूत सुरक्षा, व्यापक वित्तीय समावेशन और समाज के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने में है।

# ब्रिक्स प्लस देशों की महिला उद्यामियों ने उठाई आवाज

**नई दिल्ली ।** 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले ब्रिक्स प्लस देशों की महिला उद्यामियोंने नवाचार, विज्ञान, तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बाध्यकारी घोषणा की भाषा और मजबूत संस्थागत तंत्र विकसित करने की मांग की है। यह मुद्दा ब्रिक्स प्लस डायलॉग 2026 के दौरान आयोजित उच्च स्तरीय पैनल चर्चा में प्रमुखता से सामने आया। गैर-लाभकारी संस्था ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हाशिए से मुख्यधारा तक: ब्रिक्स नवाचार पारितंत्र में महिलाओं के नेतृत्व को संस्थागत रूप देना विषय पर चर्चा हुई। इसमें ब्रिक्स प्लस और साझेदार देशों में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। पैनल में भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ईरान की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इनमें ब्रिक्स सीसीआई वीमेन एम्पावरमेंट की अध्यक्ष एवं वुमेन इन इनोवेशन, साइंस एंड एंटरप्रेन्योरशिप की प्रोग्राम लीड रूबी सिन्हा, ब्रिक्स के पूर्व शेरपा एवं भारत सरकार के पूर्व सचिव संजय भट्टाचार्य, ब्रिक्स वीमेंस बिजनेस एलायंस-दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय अध्यक्ष लेबोगांग जुलु, ब्रिक्स डब्ल्यूबीए ब्राजील चैप्टर की चेयरपर्सन मोनिका मोंटेरियो, ब्रिक्स डब्ल्यूबीए ईरान के इनक्लूसिव इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की सदस्य शादी सेदघिनेजाद और रूसी एजुकेशन एजेंसी की निदेशक याना ओसेयेवा शामिल थीं।

## जबलपुर में सबवे का पहला कंपनी-स्वामित्व वाला स्टोर शुरू

**जबलपुर।** वैश्विक क्यूएसआर श्रृंखला सबवे ने जबलपुर के नेपियर टाउन स्थित रसेल चौक में अपना पहला कंपनी-स्वामित्व वाला एवं कंपनी-संचालित स्टोर शुरू किया है। नए स्टोर के साथ मध्यप्रदेश में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत हुई है। सबवे अपने ग्राहकों की पसंद के अनुसार तैयार किए जाने वाले ताजा सैंडविच के लिए जाना जाता है।

नए स्टोर में बीएमटी, चिकन टेरीयाकी और वेजी डिलाइट सहित विभिन्न सैंडविच उपलब्ध हैं। मेन्यू में 79 रुपये से शुरू होने वाली सब क्रेवर्स रेंज, हॉट एंड चीज़ी सिग्नेचर सब्स, अतिरिक्त प्रोटीन वाले ताजा सलाद, ऑल-डे ब्रेकफास्ट तथा भारतीय स्वाद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए सिग्नेचर राइस बाउल्स भी शामिल हैं। सबवे इंडिया ने पिछले तीन वर्षों में अपने नेटवर्क में 350 से अधिक नए स्टोर जोड़े हैं और अब इसकी पहुंच 165 से अधिक शहरों तक हो गई है। कंपनी के अनुसार भारत में उसके 3,500 से अधिक कर्मचारी हैं। वर्ष 2001 में भारत में पहला स्टोर शुरू करने के बाद सबवे इंडिया देश के प्रमुख क्यूएसआर बाजारों में अपनी उपस्थिति लगातार बढ़ा रहा है। कंपनी के अनुसार, दुनिया भर में सबवे के करीब 35,000 रेस्टोरेंट हैं, जहां प्रतिदिन लाखों ग्राहकों को ताजा तैयार सैंडविच उपलब्ध कराए जाते हैं। भारत में कंपनी ताजा, किफायती और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप तैयार किए जा सकने वाले खाद्य विकल्पों पर जोर दे रही है।





**बेचना है**

बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर/05/ अक्टू.)



**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला- बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /1228/ई-निविदा/ लो.नि.वि./2026 चिखलाकसा, दिनांक 11/09/2026

**// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date - 11.09.2026 Time - 17:00
2. Last date for sending of prebid queris Email ID...chiklakasa@gmail.com - 15.09.2026 Time - 17:00
3. Prebid Meeting Meeting link.......... .... https://meet.google.com/sts-iuvv-zqs - 17.09.2026 Time - 16:00
4. Bid Due Date - 28.09.2026 Time-17:00
5. Physical Doc submission End Date - 30.09.2026 Time-15:00
6. Bid Open Date - 30.09.2026 Time-16:00

| S. NO. | System Tender No. | Name of Work | Estimated Cost (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199313 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage TreatmentPlant (STP)Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT,CHIKHLAKASA under SBM 2.0 | 212.15 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा



**पश्चिम मध्य रेल**
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना कमांक** : जबल-एन-सिग-टेण्डर-2026-35, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में 10,000 से अधिक TVU वाले गैर इंटरलॉक्ड एलसी गेटों (05 नग) के इंटरलॉकिंग के संबंध में सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन (S&T) कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में)** : रु. 27014472.38, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये)** : रू. 00/- **कार्यालय का पता** : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : रु 540300/- **समापन अवधि (माह)** : 12 माह, निविदा बंद होने एवं खुलनें की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 05.10.2026 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है।

( हस्ता )
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माण मुख्य जबलपुर, खुली निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली)

मुख्य अभियंता/प्रोक्योरमेंट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना संख्या CPCWCR-04-2026 दिनांक 10.09.2026 के विरुद्ध ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तिथि 05.10.2026 को 15:00 बजे होगी। निविदाकर्ता केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकेंगे। उपर्युक्त निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाला कोई भी मैनुअल ऑफर अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी। **एनआईटी संख्या** : CPCWCR-04-2026 दिनांक: 10.09.2026 **कार्य का नाम एवं स्थान** : मध्य प्रदेश राज्य में भोपाल मंडल के इटारसी-बीना 4वीं लाइन परियोजना के संबंध में वन भूमि के लिए वन एवं वन्यजीव स्वीकृतियों हेतु सुविधा प्रदान करना, जिसमें समय-समय पर संशोधित वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 तथा लागू नियमों, दिशा-निर्देशों, अधिसूचनाओं और MoEFCC/सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वन विचलन प्रस्ताव तैयार करना एवं प्रस्तुत करना: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (भारत सरकार) से चरण-। एवं चरण-II वन स्वीकृति प्राप्त करना: वृक्ष कटाई हेतु राज्य बन विभाग से अनुमति प्राप्त करना: तथा वन्यजीव और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की स्वीकृतियाँ प्राप्त करना। कार्य की अनुमानित लागत (रू) : 74,61,957.00, **निविदा दस्तावेज की लागत (रू)** : 0.00, **अर्नेस्ट मनी/बयाना राशि (रू)** : 1,49,200.00, **पूर्णता अवधि (माह)** : 15 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद एवं खोलने की तिथि/समय** : 05.10.2026 को 15:00 बजे बंद तथा 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ताओं को अपनी बोली IREPS वेबसाइट के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें। इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होंगे।

हस्ता
उप मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट) मुख्या/निर्माण, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग बिलासपुर वनमंडल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**कोटा काष्ठागर नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमंडल के कोटा विक्रय काष्ठागार डिपों (बिलासपुर) में संग्रहित ईमारती, काष्ठ, जलाऊ चट्टे का घोष विक्रय / नीलाम द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार दर्शित तिथि एवं समय में किया जावेगा । इच्छुक क्रेता से अनुरोध है कि वे घोष विक्रय / नीलाम में भाग लेवे । घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर वनमण्डल कार्यालय/ विक्रय काष्ठागार कोटा से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज स्वत: स्थल निरीक्षण कर लेवें ।

**नीलाम दिनांक -21/09/2026, नीलाम स्थल-विक्रय काष्ठगार कोटा, समय-9:00 बजे प्रात: से**
**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| क्रं. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 19.753 | 991 | - | 392.705 | 7792 | - | - | - |
| 2 | साल | - | - | - | 129.487 | 112 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | - | - | - | 66.936 | 153 | - | - | - |
| 4 | साजा | - | - | - | 96.748 | 438 | - | - | - |
| 5 | अर्जुन | - | - | - | 20.061 | - | - | - | - |
| 6 | हल्दू, मुढ़ी | - | - | - | 234.530 | 162 | - | - | - |
| 7 | खम्हार | - | - | - | 14.083 | 21 | - | - | - |
| 8 | धावड़ा | - | - | - | 33.282 | 430 | - | - | - |
| 9 | सलई | - | - | - | 2.189 | - | - | - | - |
| 10 | अन्य | - | - | - | 431.240 | 7025 | - | - | - |
| 11 | जलाऊ | - | - | 731.5 | - | - | 351 | - | - |
| 12 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 13 | औद्योगिक बांस | - | - | - | - | - | - | 3300 | 2.359 |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | 1.868 | - | - | - | - |
| | योग:- | 19.753 | 991 | 731.5 | 1423.129 | 16133 | 351 | 4991 | 5.920 |

टीप:- (अ) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (ब) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपरोट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (स) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई. डी. से लॉगईन करके देख सकते है । (द) ई-ऑक्शन में लॉट कय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकेण्ड क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वन मंडलाधिकारी
जी-262703217/4 बिलासपुर, वनमण्डल बिलासपुर (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 6345



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6344 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल- 6355

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल- 6354 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



# हनुमान अंश के बाद प्रेमानंद जी महाराज पर बनेगी राधा अंश!

**मुंबई।** बाबा नीम करोली महाराज पर बनी फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर चौंकाने वाली कमाई करके हर किसी के दिलों में जगह बना ली है। अब, संत प्रेमानंद जी महाराज को लेकर भी फिल्म पर चर्चा शुरू हो गई है। वैष्णव किन्नर अखाड़े की जगद्गुरु शंकराचार्य हिमांगी सखी ने फिल्म बनाने की पहल की है। बाबा नीम करोली महाराज की कहानी और हनुमान के प्रति उनकी भक्ति ने दर्शकों पर गहरा असर डाला है। इस बीच, एक और संत के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। वैष्णव किन्नर अखाड़े की जगद्गुरु शंकराचार्य हिमांगी सखी ने संत प्रेमानंद महाराज के जीवन पर आधारित 'राधा अंश' नाम की फिल्म बनाने की घोषणा की है। 'राधा अंश' के बनने की खबर के साथ ही फिर से चर्चा शुरू हो गई है कि क्या विराट और अनुष्का की मशहूर जोड़ी 'हनुमान अंश' के अलावा 'राधा अंश' का भी हिस्सा बनेगी।

लाइफ Style

# शहनाज

## फिल्म नहीं चली तो कुछ नया करो

दर्शक आपके लिए थिएटर तक आ रहे हैं तो उनका सम्मान करना जरूरी है, ऐसा मानना है अभिनेत्री शहनाज गिल का। यही कारण है कि वह दर्शकों की प्रतिक्रियाओं को गंभीरता से लेती हैं। हाल ही में पंजाबी फिल्म 'सिंह वर्सेस कौर 2' में नजर आईं शहनाज गिल कहती हैं, बॉक्स ऑफिस पर कई बार कुछ कंटेंट अच्छा होता है, लेकिन दर्शकों से नहीं जुड़ पाता है। हालांकि, कई बार बाद में एहसास होता है कि अच्छी फिल्म थी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हर कोई कंटेंट अच्छा ही बनाना चहता है, किसे मन करता है कि सुबह उठकर शूट करने के लिए सेट पर जाओ। अपना समय दो, सब इसलिए ही साथ आते हैं कि कुछ अच्छा बनाना है। शहनाज गिल ने आगे बातचीत करते हुए कहा, 'बॉक्स ऑफिस हिट या फ्लॉप मायने नहीं रखता है, अच्छा काम किया, वह मायने रखता है। अगर फिल्म नहीं चली तो कोई बात नहीं, कुछ नया करो। आगे बढ़ो एक फिल्म का तनाव लेकर बैठेंगे कि फिल्म नहीं चली तो कोई फायदा नहीं। हर दिन खुद को साबित करना होगा, फिर चाहे सिनेमा हो, जीवन हो या घरवाले हों। यही हमारी जिंदगी है। काम करना मत छोड़ो। दर्शकों को फिल्म पसंद नहीं आई कोई बात नहीं, अगला काम ऐसा करो कि पसंद आए।' किसी फिल्म को नफरत मिली तो आगे खुद को साबित करो। दर्शक टिकट पर पैसे लगाते हैं तो वो ईमानदार समीक्षा ही देंगे। वे आपके लिए थिएटर तक आ रहे हैं तो वही बहुत बड़ी बात है।

आगे शहनाज हिंदी या पंजाबी फिल्मों में रोल करने को लेकर कहती हैं कि भाषा कोई भी चलेगी, लेकिन मुझे प्रभावशाली रोल करने हैं। कहानी ऐसी हो, जो मेरे पात्र की वजह से आगे बढ़े, दर्शक उसे याद रखें, चाहे दो मिनट का रोल हो। हर रोल का स्वागत है।



## हॉलीवुड मसाला



# नाजा का वेनिस फिल्म फोस्टिवल में जलवा

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2026 में इजराइली फिल्म 'नाजा' ने धूम मचा दी है। गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत की दर्दनाक कहानी पर बनी इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। इसे स्क्रीनिंग के बाद फेस्टिवल में रिकॉर्ड 25 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला है। बताया जाता है कि दर्शक फिल्म देखकर इस कदर कायल हुए कि 25 मिनट खड़े होकर लगातार तालियां बजाते रहे। इसी के साथ 'नाजा' ने वेनिस फिल्म फोस्टिवल स्टैंडिंग ओवेशन का नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। इससे पहले 'The 'द वॉइस ऑफ़ हिंद रजब के 23 मिनट तक दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई थीं। फिल्म स्क्रीनिंग से पहले लोगों ने तरह-तरह के नारे लगाकर फिल्म को अपना सपोर्ट दिखाया। 'नाजा' फिल्म को वेनिस फिल्म फेस्टिवल के सबसे बड़े अवॉर्ड का दावेदार भी माना जा रहा है।



# रिलीज से पहले 'एवेंजर्सः डूम्सडे' ने की 472 करोड़ की कमाई

**मुंबई।** 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की रिलीज में अभी करीब तीन महीने का वक्त बाकी है, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस मार्वल फिल्म की एडवांस टिकट बिक्री ने पहले ही 50 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रीमियम फॉर्मेट्स में फिल्म को जबरदस्त डिमांड मिल रही है, जिससे इसकी रिलीज से पहले ही दर्शकों के बीच बने क्रेज का अंदाजा लगाया जा सकता है। खास बात तो ये है कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की सीधी टक्कर क्रिसमस सीजन में डेनिस विलेन्यूव की 'ड्यूनः पार्ट थ्री' से होने वाली है। वहीं, इंडिया की बात करें तो 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के करीब एक हफ्ते बाद ही शाहरुख खान की 'किंग' रिलीज होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म रिलीज से करीब तीन महीने पहले ही डॉमेस्टिक टिकट की बिक्री का आंकड़ा 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 472 करोड़ से अधिक के पार पहुंच गया है। फिल्म के प्रीमियम फॉर्मेट शोज को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है।



# पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया के पहले सॉन्ग में राखी का डेब्यू

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने पहले गाने 'पाब्लो' के साथ म्यूजिक की दुनिया में कदम रखा है। यह गाना उन लोगों के लिए है जो उनकी आलोचना करते हैं, लेकिन इसमें एक सरप्राइज गेस्ट अपीयरेंस ने सबका ध्यान खींचा। गाने के आखिर में बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत नजर आती हैं, जिससे फैंस इस अनोखे कोलैबोरेशन से खुश हो गए। खुद एक्ट्रेस द्वारा लिखे और कंपोज किए गए इस गाने में वह उन लोगों को जवाब देती हैं जो उनकी आलोचना करते हैं। वह उन लोगों की सोच को संबोधित करती हैं जो उन्हें नकली मानते हैं. क्योंकि वह बहुत सुंदर हैं और अपनी निजी जिंदगी को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं।हानिया अपने आलोचकों से कहती हैं कि वे उनके कामों की चिंता करना छोड़ दें, क्योंकि वह अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीती हैं। गाने के एक हिस्से में, हानिया अपने आलोचकों से गहरी सांस लेने और यह याद रखने को कहती हैं कि हर कोई इंसान है।



# वेटिंग है का ट्रेलर जारी, पुलिस वाले के किरदार में दिखे दिव्येंदु

**मुंबई।** अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें अभिनेता दिव्येंदु एक रेलवे पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं। यह सीरीज 16 सितंबर से प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद, अभिनेता दिव्येंदु अब अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने इस स्कैम-बेस्ड कॉमेडी-ड्रामा का ट्रेलर जारी किया है। 'वेटिंग है' सीरीज के ट्रेलर में कन्फर्म रेलवे टिकट पाने के आम संघर्ष पर आधारित कहानी की झलक दिखाई गई है। पटना में सेट इस सीरीज की कहानी सुगम मिश्रा (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे कॉन्स्टेबल के तौर पर अपनी नई नौकरी में जमने की कोशिश कर रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है जब वह देखता है कि बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही सेकंड में रेलवे टिकट कन्फर्म हो जाते हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस ने दिखाई ऐसी फिल्म फूट-फूटकर रोए घरवाले

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सफर को दो दशक हो चुके हैं। यह 20वां सीजन चल रहा है। हालिया एपिसोड में सीजन 20 के प्रतिभागियों को पुराने शो की एक छोटी सी झलक दिखाई। इस दौरान सिद्धार्थ शुक्ला को देखकर सभी की आंखें छलक आईं। चर्चित शो 'बिग बॉस सीजन 20' खूब दिलचस्पी के साथ आगे बढ़ रहा है। यंग डीएसए घर के पहले कैप्टन बन गए हैं। प्रतिभागियों के बीच दोस्ती और बहस व लड़ाई का सिलसिला भी जारी है। इस बीच 'बिग बॉस 20' में प्रतिभागियों को 'बिग बॉस' के 20 वर्षों की सफर की एक छोटी सी क्लिप दिखाई गई, जिसे देख सभी भावुक हो उठे। बिग बॉस ने करीब 24 मिनट की एक रील सभी प्रतिभागियों को दिखाई। इसमें कई इमोशनल पल थे। दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को देख सभी की आंखें नम हो गईं। शहनाज गिल और सिद्धार्थ की बॉन्डिंग ने सभी को रुला दिया। आम्रपाली दुबे से लेकर माही विज और अरिश्फा खान, सभी प्रतिभागी रोने लगे। सामने आए प्रोमो में दिखाया गया है कि 'बिग बॉस 20' के सभी प्रतिभागियों को असेंबली रूम मे बिठाकर पिछले 19 सीजन की झलकियां दिखाई गई हैं। यह दिखाया गया है कि इस शो के अब तक के सफर में तकरार और झगड़े हुए हैं तो दोस्ती और प्यार की भी मिसाल देखने को मिली हैं। यहां कई जोड़ियां बनीं और बात शादी तक भी पहुंची हैं। खट्टी-मीठी यादें हमेशा साथ रहती हैं। बता दें कि दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला 'बिग बॉस 13' में नजर आए थे। वे इस शो के विजेता बने थे। साल 2021 में सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया।

## मिहिर और तुलसी का होगा मिलन

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चर्चित सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है, क्योंकि मिहिर और तुलसी फिर से एक साथ नजर आने वाले हैं। आने वाले एपिसोड्स में कहानी में एक इमोशनल मोड़ आएगा, जिसमें यह पसंदीदा जोड़ी एक बार फिर आमने-सामने होगी। गणेश चतुर्थी पर उनके फिर से मिलने से विरानी परिवार में भावनाओं का सैलाब आएगा और शो के चल रहे ड्रामे में एक बड़ा मोड़ जुड़ जाएगा। फैंस यह देखने के लिए काफी उत्सुक होंगे कि मिहिर और तुलसी का मिलन कैसे होता है और उनका रिश्ता अब किस मोड़ पर जाएगा। मेकर्स ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2.0' का नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि गणपति के इस शुभ अवसर पर बरसों बाद लौट आया मिहिर।



# 'रामायणम' में लंका दाह का सीक्वेस भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा फायर सीक्वेंस?



**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर स्टारर 'रामायणम्' यूं तो अपनी शुरुआत से ही चर्चा में है, लेकिन ट्रेलर रिलीज के साथ ही इसे लेकर खूब सुर्खियां हैं। हालांकि, ट्रेलर के बाद से जिस किरदार की झलक के लिए दर्शकों में सबसे अधिक इंतजार है, वो हैं सनी देओल के हनुमान जिनके लुक को मेकर्स ने अब तक छिपा कर रखा है। इस किरदार को लेकर अब फिल्म से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आई है और इसी के साथ फैन्स का उत्साह भी काफी बढ़ा है। कहा जा रहा है कि हनुमान जी के लंका जाने वाले एपिसोड पर एक बेहद विशाल अग्नि सीक्वेंस तैयार किया गया है। इसी सीन को लेकर खबर आई है कि इस लंका दाह सीक्वेंस को शूट करने में टीम को करीब दो महीने लग गए। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रणबीर स्टारर 'रामायणम्' में सनी देओल भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जहां रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में दिख रहे हैं वहीं साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के किरदार में दिखेंगे। मेकर्स इस पौराणिक और धार्मिक कहानी को फिल्माने में किसी तरह का कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। माना जा रहा है कि सनी देओल के साथ फिल्माया लंका में अग्नि कांड का सीक्वेंस भी काफी जबरदस्त होगा। बता दें कि इस सीक्वेंस से जुड़ी जानकारी ऋषभ त्यागी ने शेयर की है और इसे अपनी जिंदगी का अब तक का सबसे बड़ा फायर सीक्वेंस

# छह फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं अक्षय और सैफ, कुछ हुईं सुपरहिट तो कुछ हुईं फ्लॉप

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और सैफ अली खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आ रहे हैं। दोनों की फिल्म 'हैवान' 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए अक्षय और सैफ लगभग 18 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। अक्षय और सैफ की जोड़ी ने बॉलीवुड को दो बड़ी हिट फिल्में भी दीं, जबकि उनकी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकीं।

**ये दिल्लगी (1994)-** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी पहली बार फिल्म 'ये दिल्लगी' में साथ नजर आई थी। इस मूवी में दोनों अभिनेता भाइयों के किरदार में नजर आए थे। वहीं, काजोल ने फिल्म में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभाई थी। फिल्म ये दिल्लगी का बजट लगभग 2 करोड़ रुपए था। उस समय वर्ल्डवाइड 10.70 करोड़ रुपए कमाए थे। यह मूवी उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।



**मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी (1994)-** 'ये दिल्लगी' के बाद उसी साल 1994 में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की दूसरी फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' रिलीज हुई। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया था, जबकि सैफ एक फिल्म अभिनेता बने थे। फिल्म का बजट सैकनिल्क के अनुसार लगभग 3.20 करोड़ रुपए था। कमाई वर्ल्डवाइड 13.84 करोड़ रुपए हुई थी और यह मूवी सुपरहिट साबित हुई थी।

**तू चोर मैं सिपाही (1996)-** दो साल बाद अक्षय कुमार और सैफ अली खान एक बार फिर फिल्म 'तू चोर मैं सिपाही' में साथ में नजर आए। इस मूवी में उनके साथ तब्बू और प्रतिभा सिन्हा समेत कई सितारे नजर आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 4.25 करोड़ रुपए था। वहीं, इसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 10.78 करोड़ रुपए की कमाई की थी और एवरेज रही।

**कीमत- दे आर बैक (1998)-** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की चौथी फिल्म 'कीमत-दे आर बैक' साल 1998 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दोनों अभिनेताओं के साथ रवीना टंडन और सोनाली बेंद्रे भी मुख्य भूमिका में थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 4.75 करोड़ रुपए था। यह 8 करोड़ के आसपास ही कमा पाई थी।

**आरजू (1999)-** साल 1999 में अक्षय कुमार और सैफ अली खान फिल्म 'आरजू' में साथ दिखाई दिए। हालांकि यह फिल्म दोनों की पिछली फिल्मों से काफी अलग थी। फिल्म 'आरजू' का बजट लगभग 8 करोड़ रुपए था। दुनियाभर में 11.77 करोड़ रुपए कमाए थे और यह फ्लॉप साबित हुई थी।

**टशन (2008)-** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की साथ में आखिरी फिल्म 'टशन' थी, जो साल 2008 में रिलीज हुई। इस फिल्म के बाद दोनों लगभग 18 साल तक बड़े पर्दे पर साथ नजर नहीं आए। 'टशन' का बजट लगभग 31 करोड़ रुपए था। दुनियाभर में 51.60 करोड़ रुपए कमाए थे और यह फ्लॉप साबित हुई।

## थिएटर्स के अंदर से बाहर आती थी लोगों की चीखें

# 53 साल पहले थिएटर्स में आई थी सबसे शापित फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कॉमेडी हो-एक्शन हो या फिर हॉरर, फिल्में आमतौर पर लोगों के मंनोरंजन के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि कोई फिल्म लोगों की मौत का कारण बन जाएगी? 53 साल पहले एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई थी, जिसे आज भी दुनिया की सबसे शापित फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म की मेकिंग के दौरान न बड़े-बड़े हादसे हुए, बल्कि रिलीज के साथ ही थिएटर्स के बाहर एंबुलेंस लगा दिए गए।

### फ्रीडकीन ने खुद सुनाया था आंखों देखा हाल

द एक्जोरसिस्ट की कहानी लिखने वाले विलियम फ्रीडकीन ने हॉरर मैगजीन कॉसल ऑफ फ्रेंकस्टिन को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा था कि वो जादू टोने जैसी चीजों में वैसे तो यकीन नहीं करते, लेकिन इस फिल्म के सेट पर जो भी हादसे हुए उससे उनका नजरिया बदल गया। अगर आपने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है, तो यह अमेजन प्राइम वीडियो पर 119 रूपीज रेंटेंड में मौजूद है।




### एक-एक करके क्रू मेंबर्स के करीबियों की हुई मौत

सेट के जलने की वजह से छह हफ्तों तक मूवी की शूटिंग रुकी रही, लेकिन हादसे होते रहे। फिल्म में बर्क डेंगिनसन का रोल निभाने वाले जैक मैग्रोन से लेकर मालिया रोज का निधन हो गया। द एक्जोरसिस्ट में मुख्य किरदार निभाने वालीं लिंड़ा ब्लेयर, मैक्स फोरसायडो और कई क्रू मेंबर्स से जुड़े लोगों के परिवार वालों की डेथ हो गई। एक-एक करके 11 लोग इस फिल्म की रिलीज से पहले ही मारे गए, जिसके बाद इसे दुनिया की सबसे शापित फिल्म का टैग मिल गया।

### सेट पर पहले ही दिन लगी थी आग

53 साल बाद भी लोगों को डराने वाली जिस फिल्म का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1973 में 'द एक्जोरसिस्ट' है, जो 20वीं सदी की दुनिया की सबसे हॉरर क्लासिक फिल्मों में से एक है। ये फिल्म 1969 में लिखी गई विलियम फ्रीडकीन की नॉवेल पर बेस्ड थी, जिसका सेम नेम था। ये नॉवेल उस टाइम इतनी ज्यादा चर्चा में आई कि वॉर्नर ब्रदर्स ने मूवी के राइट्स खरीदकर इसपर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि, जिसे भी उन्होंने यह फिल्म ऑफर की उस डायरेक्टर ने साफ-साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद फिल्म को विलियम ने ही डायरेक्ट किया। 1973 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, लेकिन शूट के पहले ही दिन फिल्म के सेट पर आग लग गई और हादसे में 9 लोगों की मोत हो गई। हालांकि, फिल्म के मेकर्स हैरान तब हुए जब फिल्म का पूरा सेट जल गया, लेकिन उस कमरे में चिंगारी तक नहीं उठी जिसमें भूत वाले सीन फिल्माए जा रहे थे।

### फिल्म देखते हुए प्रेग्नेंट महिलाओं का हुआ मिसकैरिज

1973 में जब द एक्जोरसिस्ट की स्क्रीनिंग हुई और फिल्म को देखने समीक्षक आए, तो वह डरावने सींस को छोड़ भाग गए। शापित मूवी को उस दौर में सिर्फ 24 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म का वर्ड ऑफ माउथ और किस्से उस दौर में इतने ज्यादा सामने आए कि हादसों के बावजूद लोग सुबह 4 बजे से फिल्म की टिकट के लिए लाइन लगाकर खड़े हो गए। यहां तक कि पुलिस भी लोगों को काबू करने में उस समय पर असफल रही और काफी दंगे हुए जो भी ऑडियंस थिएटर्स में जाकर शापित फिल्म द एक्जोरसिस्ट देख रही थी, उनकी चीखें बाहर तक सुनाई दे रही थी। ऐसा कहा जाता है कि इस फिल्म को देखते हुए कई लोगों को हार्ट अटैक आए, यहां तक की प्रेग्नेंट महिलाओं का मिसकैरिज हो गया। हादसे इतने ज्यादा बढ़ रहे थे कि थिएटर्स के बाहर पुलिस वैन के साथ-साथ एंबुलेंस भी लगवा दी गईं। द एक्जोरसिस्ट को देखकर कई लोगों की मानसिक स्थिति इतनी खराब हो गई कि उन्हें चर्च जाकर पादरी की मदद लेनी पड़ी।

# सुथार ने बिना रन दिए इंग्लैंड में झटके 3 विकेट, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लैंड में गेंदबाजी से कहर बरपा रखा है। सुथार अभी तक भारत के लिए सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 23 विकेट लेकर खुद को सबसे आगे रखा है। इतना ही नहीं, उनका जलवा इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में भी जारी है, जहां पर सुथार ने कुछ ऐसा किया कि 131 साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड देखने को मिला है। सुथार ने इंग्लैंड के एक काउंटी मैच की दो पारियों में गेंदबाजी की और बिना रन दिए तीन विकेट चटका दिए। ऐसा कारनामा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार हुआ है।

### मानव का शानदार स्पेल

मानव सुथार श्रीलंका दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड रवाना हो गए। सुथार ने इंग्लैंड जाकर वार्विकशर से खेलते हुए ग्लेमॉर्गन के खिलाफ पहली पारी में सिर्फ तीन गेंद फेंकी और इसमें ही एक विकेट चटका दिया। इसके बाद दूसरी पारी में सुथार ने दो ओवर गेंदबाजी करते हुए फिर से दो विकेट हासिल किए, जबकि एक भी रन नहीं दिया। जिससे बिना रन दिए तीन विकेट लेने वाले सुथार 131 साल बाद काउंटी क्रिकेट या फिर फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले गेंदबाज बन गए। सुथार ने तीनों विकेट क्लीन बोल्ड करके लिए और उनसे पहले ये कारनामा 1895 में देखा गया था। सुथार ने दोनों पारियों में कम से कम एक-एक विकेट लिया और पूरे मैच में एक भी रन नहीं दिया, जिससे ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने हैं।




### दो मैच में 10 विकेट ले चुके हैं सुथार

मानव सुथार के अलावा वार्विकशर के अन्य गेंदबाजों ने भी कार्डिफ के मैदान पर धमाल मचाया। जिससे ग्लेमॉर्गन की टीम पहली पारी में 69 रन और दूसरी पारी में सिर्फ 65 रन पर ही ढेर हो गई। वहीं वार्विकशर ने 391 रन बनाने के बाद ग्लेमॉर्गन को पारी और 257 रन से बुरी तरह हराया। वहीं सुथार बीते दो मैचों में इंग्लैंड की सरजमीं पर 10 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। अब सुथार इसी तरह की फॉर्म जारी रखते हुए भारत के लिए टी20 और वनडे टीम इंडिया में भी जगह बनाना चाहेंगे।

### सुथार का इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार आगाज

मानव ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बेहतरीन आगाज किया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू करते हुए 6 विकेट हॉल के साथ मैच में 7 विकेट लिए थे। फिर श्रीलंका दौरे पर भी उन्होंने जलवा दिखाया और गॉल टेस्ट में सिक्स विकेट हॉल लिया। उन्होंने 2 मैचों में कुल 16 विकेट झटके। काउंटी क्रिकेट में भी वह वार्विकशायर के लिए 8 पारियों में 21 विकेट ले चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप फाइनल के लिए तैयार भारत : दीप्ति

**दुबई।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद खराब क्षेत्ररक्षण को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कैच छूटना खेल का हिस्सा है और टीम फाइनल में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा है। विशेषकर उसने कई कैच छोड़े। दीप्ति ने कहा, 'क्षेत्ररक्षण में एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अभ्यास के दौरान भी क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी ऐसा होता है, लेकिन हम फाइनल में तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।' फाइनल में भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान या मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से होगा।

### जापान में क्रिकेट को मिलेगा बढ़ावा : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली।** जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है। भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी और सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला आइची-नागोया में एशियाई खेलों से पहले होगा। कादोवाकी-फ्लेमिंग ने कहा, 'यह बेहद रोमांचक है। और मुझे लगता है कि अफगानिस्तान और नेपाल जैसे देशों का जापान आना यहां क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा विकास है। कुछ साल पहले तक हमने शायद सोचा भी नहीं होगा कि इसे आयोजित करना संभव होगा। '

### कोरिया के खिलाफ डेविस कप नहीं खेलेंगे भांबरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना संदिग्ध है। भांबरी कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए। इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। भांबरी ने कहा, 'अमेरिकी ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था। यह मामूली चोट है। मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है।'

यूएस ओपन में महिला एकल का महामुकाबला कल आर्थर ऐश स्टेडियम में

# खिताबी हैट्रिक की दहलीज पर सबालेंका, रायबाकिना से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका जानती हैं कि अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बाद वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी नहीं रह जाएगी लेकिन उनका लक्ष्य अब एलेना रायबाकिना को हराकर वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरा करना होगा।

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान अपने नाम पर सुनिश्चित कर दिया था लेकिन उनके लिए महिला एकल का खिताब जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध दिखती हैं। अमेरिकी ओपन में महिला वर्ग में आखिरी बार सेरेना विलियम्स ने 2012 से लेकर 2014 तक चैंपियन बनकर खिताबी हैट्रिक पूरी की थी।



### नंबर वन बनीं एलेना

सबालेंका ने कहा, 'शीर्ष पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है। नंबर एक स्थान पर बने रहना मेरा लक्ष्य था लेकिन अब मैं कुछ खास नहीं कर सकती। सत्र के बीच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। एलेना में बहुत अच्छा खेल दिखाया और मुझसे नंबर एक स्थान छीन लिया।' दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अधिक संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें गॉफ ने अंतिम दो सेटों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की कोशिश की, लेकिन रायबाकिना ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। गॉफ ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसके बाद हालांकि रायबाकिना ने अच्छी वापसी की और अंतिम दो सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

### सबालेंका और रायबाकिना 18वीं बार आमने-सामने

दोनों डब्ल्यूटीए टूर पर 18वीं बार आमने-सामने होंगी। सबालेंका 10-7 से आगे हैं। वे मेजर फाइनल में भी तीसरी बार मिलेंगी, पिछले दो मुकाबलों का हिसाब बराबर है। रायबाकिना और सबालेंका पहले भी दो बार मेजर फाइनल में एक-दूसरे से मिल चुकी हैं, दोनों ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल क्लैश थे। सबालेंका ने 2023 में जीता हासिल की थी, जबकि रायबाकिना ने 2026 में जीत हासिल कर हिसाब चुकता किया था।

### मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी : रायबाकिना

रायबाकिना ने सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर महिला टेनिस की शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का रास्ता साफ किया। सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।



### खिताब जीतने के लिए बेताब हूं : सबालेंका

*सबालेंका ने कहा, 'मैं फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी। मैं निश्चित रूप से खिताब जीतने के लिए बेताब हूं।'*

चेन्नई ओपन गोल्फ

# 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर चैंपियन बने विराज मदप्पा




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय गोल्फर विराज मदप्पा ने अंतिम दौर में बिना बोगी के 8 अंडर 64 का कार्ड खेलकर एक करोड़ पुरस्कार राशि के चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

कोलकाता के मदप्पा ने वापसी करते हुए बीती रात शीर्ष पर चल रहे अजीतेश संधू की तीन शॉट की बढ़त समाप्त की। अठाईस वर्षीय मददप्पा (72-67-63-64) इस तरह 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। उन्होंने कुल 22 अंडर 266 का स्कोर बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। वह 2018 में एशियाई टूर पर खिताब जीतने वाले युवा भारतीय गोल्फर बने थे। इस जीत से वह 23,90,042 रुपए की कमाई से 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 44वें से 22वें स्थान पर पहुंच गए और डीपी विश्व भारत चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया।

### संधू पहुंचे 15वें स्थान पर

चंडीगढ़ के संधू (65-66-68-68) ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला और उन्हें 10 लाख रुपए मिले, जिससे वह 33,47,375 रुपए की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में 21वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (67-68-69-67) 33,75,548 की कमाई से 19वें से 14वें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के राशिद खान (66-68-72-66) ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने 52,70,309 की कमाई से ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना छठा स्थान मजबूत किया।

क्रिकेट

# एस्टरहुइजन ने कॅरियर के दूसरा मैच में ठोका शतक



एजेंसी ▶▶| विंडहोक

विंडहोक में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन ने अपने बल्ले का लोहा मनवाया है। उन्होंने मेजबान नामीबिया के खिलाफ खेलते हुए अपने वनडे इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जड़ दिया।

अपने केवल दूसरे वनडे मुकाबले में ही शतकीय पारी खेलकर इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पिछले मैच के शतकवीर और ओपनिंग बल्लेबाज जॉर्डन हरमन मात्र 20 रन बनाकर जल्द ही पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटका लगने के बाद क्रीज पर आए कॉनर एस्टरहुइजन ने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर पारी को संभाला और दक्षिण अफ्रीका को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### 183 रन की तगड़ी पार्टरनशिप

शुरुआत में थोड़ा समय लेने और संयम से खेलने के बाद एस्टरहुइजन ने आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 183 रनों की बेहद मजबूत और बड़ी साझेदारी निभाई। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की गेंद पर शानदार छक्का जड़कर अपने वनडे करियर का पहला शतक पूरा किया।

### 110 गेंदों पर ठोके 119 रन

कॉनर की इस आक्रामक और सूझबूझ भरी पारी पर लगाम रुबेन ट्रम्पेलमैन ने लगाई, जिन्होंने 36वें ओवर में उन्हें अपना शिकार बनाया। आउट होने से पहले एस्टरहुइजन ने 110 गेंदों का सामना करते हुए 119 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 8 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के जड़े।

### लंबे स्पेल करने से मिला फायदा : सिराज

**चेन्नई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने स्वीकार किया कि दो महीने के विश्राम के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे में अपनी गति और लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था लेकिन दलीप ट्रॉफी में लंबे स्पेल करने से उन्हें अपनी लय हासिल करने में मदद मिली है। सिराज



श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिखे। वह लय हासिल नहीं कर पा रहे थे और उनकी गति भी काफी कम हो गई थी। सिराज ने इस श्रृंखला की चार पारियों में केवल 44 ओवर किए थे। सिराज ने कहा, 'दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच खेलना आसान नहीं था। मैं पूरी तरह से लय हासिल नहीं कर पाया था। मैं ऐसा गेंदबाज हूं जो पूरी तरह से लय पर निर्भर है। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंका में यही मेरी समस्या थी। मैं अपने रनअप से तालमेल नहीं बिठा पा रहा था। मेरे कुछ कदम बहुत छोटे थे, कुछ बहुत लंबे। इससे मेरी लय टूट गई और मेरी गति धीमी हो गई।'

## अफगानिस्तानी खिलाड़ियों का प्रैक्टिस सेशन...




**नई दिल्ली।** भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच पहले टी20 क्रिकेट मैच से पहले नई दिल्ली में प्रैक्टिस सेशन के दौरान अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी अब्दुल्ला अहमदज़ई, गुलबदीन नायब, मुजीब उर रहमान और राशिद खान अभ्यास करते हुए।

चैंपियंस लीग : बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में मिली बढ़त

# बायर्न म्यूनिख ने बोडो/ग्लिम्ट को दी एकतरफा शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जमाल मुसियाला ने बायर्न म्यूनिख की शुरुआती लाइनअप में वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसकी मदद से जर्मन टीम ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हरा दिया। बायर्न ने शुरू से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन शुरुआत में मेहमान टीम की पांच लोगों की डिफेंसिव लाइन को तोड़ने में संघर्ष किया।

लुइस डियाज को पांच मिनट बाद पहला हाफ में मौका मिला, जोशुआ किमिच के क्रॉस पर उन्होंने पास से हेडर मारा, लेकिन गोलकीपर निकिता हाइकिन ने उसे बचा लिया।



किमिच का 22 मीटर का शॉट 33वें मिनट में पोस्ट के बाहर लगा, इससे पहले हाइकिन ने पहले हाफ के आखिर में मुसियाला और फिर किमिच को रोका। हाइकिन, जिन्हें बाद में सेव करते समय कमर में दिक्कत हुई, उनकी जगह हाफटाइम में जूलियन फे लुंड ने ले ली, और बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में ही बढ़त मिल गई।

### हम और मजबूत हुए : केन

बोडो/ग्लिम्ट का काम तब और मुश्किल हो गया जब 87वें मिनट में ओडिन ब्योर्टुफ्ट को पेनल्टी एरिया के पास ओलिस को गिराने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। ओलिस ने फिर स्टॉपेज टाइम में अपना डबल पूरा किया और विंसेंट कोम्पनी की टीम के लिए दूसरे हाफ में पांच गोल किए। जीत के बाद केन ने कहा, हम पहले हाफ में काफी बेहतर थे। हमें बस दरवाजा खुलने तक सब्र रखना था। दूसरे हाफ की शुरुआत में किए गए गोल ने गेम को आगे बढ़ाया और हम और मजबूत हुए।

### डेविस ने की 17 मीटर की स्ट्राइक

हैरी केन को रोकने की कोशिश में व ब्लॉक हो गई, लेकिन मुसियाला ने लूज बॉल को पकड़ा और अपना शॉट बाएं कोने में मार दिया। केन ने 61वें मिनट में माइकल ओलिस की फ्री-किक डिलीवरी पर फे लुंड के पास से हेडर मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। अल्फांसो डेविस ने 77वें मिनट में 17-मीटर का स्ट्राइक करके मैच को आसानी से खत्म कर दिया, जिसके छह मिनट बाद ओलिस ने लेनार्ट कार्ल के पास पर बायर्न के लिए चौथा गोल किया।




# न्याय में भरोसा ही न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत : सीजे

### जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे ने संभाली मप्र हाईकोर्ट के 30 वें मुख्य न्यायाधीश की कमान, बोले- बार और बेंच मिलकर न्याय व्यवस्था को और बेहतर बनाएंगे

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के नए सीजे जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे ने शुक्रवार को जबलपुर स्थित मुख्यपीठ पहुंचकर विधिवत पदभार संभाल लिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट को करीब तीन माह बाद स्थायी मुख्य न्यायाधीश मिला। इस अवसर पर जस्टिस कोगजे ने कहा कि न्यायपालिका में लोगों का भरोसा सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास रहेगा कि न्याय की प्रक्रिया अधिक प्रभावी, सुगम और समयबद्ध बने। बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय से न्याय व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है।



जस्टिस कोगजे के जबलपुर पहुंचने पर हाई कोर्ट परिसर में उनका गरिमामय स्वागत किया गया। न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और बार पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। वे मप्र हाई कोर्ट के 30वें मुख्य न्यायाधीश हैं। इससे पहले वे गुजरात हाई कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे रहे थे। 10 सितंबर को भोपाल के लोकभवन स्थित सांदीपनि सभागार में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। एडिशनल सालिसिटर जनरल सुनील जैन, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह व हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने नए सीजे कोगजे का व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया।

#### गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत

जबलपुर पहुंचने पर चीफ जस्टिस कोगजे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद कोर्ट रूम नंबर-एक में आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह में हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में चीफ जस्टिस ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी न्यायिक संस्था की मजबूती उसके सभी अंगों के सामूहिक प्रयास से होती है। उन्होंने बार और बेंच के बीच संवाद और सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका का अंतिम उद्देश्य आम नागरिक को न्याय उपलब्ध कराना है और इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी।

#### विधिवत संभाला पदभार

स्वागत समारोह के बाद कोगजे ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही हाईकोर्ट की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था की औपचारिक कमान उनके हाथों में आ गई। उनका कार्यकाल न्यायिक सुधार, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जस्टिस कोगजे का न्यायिक और विधिक अनुभव करीब तीन दशक का है। उन्होंने 1993 में वकालत शुरू की थी। गुजरात में सरकारी अधिवक्ता और विशेष लोक अभियोजक के रूप में भी उन्होंने जिम्मेदारियां संभालीं। 2002 के गोधरा दंगा मामलों से जुड़े प्रकरणों में भी वे विशेष लोक अभियोजक रहे। अप्रैल 2016 में गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए और मार्च 2018 में स्थायी न्यायाधीश बने। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनके सामने जबलपुर मुख्यपीठ के साथ इंदौर और ग्वालियर खंडपीठों के न्यायिक एवं प्रशासनिक संचालन की जिम्मेदारी होगी।

## हाईकोर्ट बार में आज हरियाली दिवस

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन परिसर स्थित आदर्श मुनि सभागार में आज प्रातः 11 बजे 'हरियाली दिवस' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सांस्कृतिक आयोजक हाईकोर्ट बार की महिला कार्यकारिणी है। इसमें सभी महिला अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेन्द्र सिंह, सचिव असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष विश्वास पलिया एवं सत्येन्द्र ज्योतिषी, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, सहसचिव रूपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, पुस्तकालय सचिव अजय शुक्ला सहित कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, अर्नव तिवारी, विभा पाठक, अभिजीत सोनी, शांति तिवारी, अतुल द्विवेदी, आरती शर्मा एवं वरुण दुबे उपस्थित रहेंगे।

## क्या बचाया जा सकता है एक साल, ग्रेस मार्क्स का प्रविधान है या नहीं

### मेडिकल छात्र के एक अंक पर हाईकोर्ट का सवाल, मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के चांसलर से मांगा जवाब

**जबलपुर।** सिर्फ एक अंक की कमी से मेडिकल छात्र का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होने की स्थिति पर हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। ग्वालियर के गजरा राजा मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र राम नरेश कुशवाहा की याचिका पर जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के चांसलर से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा कि क्या मेधावी छात्र को महज एक अंक ग्रेस देकर उसका साल बचाया जा सकता है। अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।

याचिका में छात्र ने बताया कि वह सेकंड प्रोफेशनल की नियमित कक्षाएं अटेंड कर रहा है। प्रथम वर्ष में केवल एक अंक की कमी के कारण उसके सामने आगामी परीक्षा में शामिल होने से वंचित होने और शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होने का संकट है। उसने ग्रेस मार्क्स देने के निर्देश की मांग की है। कोर्ट के समक्ष मध्यप्रदेश यूनिवर्सिटीज कामन आर्डिनेंस नंबर-6 के क्लाज 32 का प्रविधान रखा गया। इसके तहत कुलाधिपति को असाधारण और कठिन मामलों में ग्रेस मार्क्स देने की शक्ति होने की बात बताई गई। इस पर कोर्ट ने चांसलर से स्पष्ट जवाब मांगा है कि क्या संबंधित प्रविधान के तहत छात्र को एक अंक ग्रेस दिया जा सकता है। कोर्ट ने फिलहाल ग्रेस देने का आदेश नहीं दिया है।

### नेशनल लोक अदालत आज

## प्रदेश में 1427 खंडपीठों पर सुलझेंगे 4.30 लाख से अधिक मामले

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर शनिवार, 12 सितंबर को प्रदेशभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। उच्च न्यायालय से लेकर जिला, तहसील, श्रम, कुटुम्ब न्यायालयों सहित अन्य न्यायालयों में समझौता योग्य मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पूरे प्रदेश में 1427 खंडपीठों का गठन किया गया है। इनमें उच्च न्यायालय की तीन पीठों में सात और अधीनस्थ न्यायालयों में 1420 खंडपीठ शामिल हैं।

नेशनल लोक अदालत में करीब 1.30 लाख लंबित प्रकरण तथा लगभग तीन लाख प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे गए हैं। इनमें लंबित दीवानी व आपराधिक शमनीय मामले तथा बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, ई-चालान, संपत्तिकर सहित अन्य समझौता योग्य विवाद शामिल हैं। इस तरह प्रदेशभर में करीब 4.30 लाख मामलों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया है।

#### सहमति से विवाद का समाधान

लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की सहमति से मामले का निराकरण किया जाता है। इसके चलते लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलने के साथ पक्षकारों के समय और धन की बचत होती है। समझौते के आधार पर विवाद समाप्त होने से आपसी संबंधों में भी कटुता कम होने की संभावना रहती है।

#### कोर्ट फीस भी होगी वापस

लोक अदालत में मामले का निराकरण होने पर पक्षकार द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस नियमानुसार वापस की जाती है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है और उसके आदेश के विरुद्ध सामान्यतः अपील अथवा पुनरीक्षण का प्रावधान नहीं होता। यही वजह है कि समझौता योग्य मामलों के पक्षकारों के लिए लोक अदालत विवाद समाप्त करने का प्रभावी माध्यम मानी जाती है। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने पक्षकारों से अपील की है कि न्यायालय में लंबित चिन्हित प्रकरणों अथवा प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराने के इच्छुक पक्षकार संबंधित न्यायालय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क करें। वहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रकरण को 12 सितंबर की नेशनल लोक अदालत में निराकरण के लिए रखा जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मप्र हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे तथा प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## 200 पन्नों के दस्तावेज पर भरोसा क्यों, याचिका में नहीं बताया

### हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

- हरदा के किसानों को पानी नहीं मिलने का मामला
- कोर्ट ने कहा- अब भी दिक्कत है तो किसान स्वयं आएं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने याचिका के साथ पेश किए गए दस्तावेजों पर याचिकाकर्ता किस उद्देश्य से भरोसा कर रहा है, इसका स्पष्ट उल्लेख आवेदन में नहीं होने पर दस्तावेजों पर विचार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने हरदा के किसानों को पानी की आपूर्ति से जुड़े मामले की याचिका खारिज कर दी।

हरदा निवासी रामशंकर अंजाने ने वर्ष 2025 में याचिका दायर कर कहा था कि ग्राम उदा के टेल एरिया में तवा नदी की केनाल से पानी नहीं मिलने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। याचिका में संबंधित अधिकारियों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि याचिका के साथ वर्ष 2024 में दिए गए अभ्यावेदन की प्रति लगाई गई है। याचिका करीब दो वर्ष बाद पहली सुनवाई के लिए आई और इस दौरान तीन-चार फसल मौसम गुजर चुके हैं। याचिकाकर्ता ने करीब 200 पन्नों के दस्तावेज रिकार्ड पर लेने के लिए आवेदन दिया, लेकिन यह नहीं बताया कि वह इन दस्तावेजों पर किस उद्देश्य से भरोसा कर रहा है।कोर्ट ने दस्तावेजों पर विचार करने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यदि किसानों को अब भी पानी की समस्या है तो वे स्वयं या याचिकाकर्ता के माध्यम से नई याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव

## सात प्रत्याशी निर्वाचित, 97 चुनावी दौड़ से बाहर

### एलिमिनेशन राउंड का 24 वां दिन समाप्त

**जबलपुर।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 के द्वितीय चरण की मतगणना के एलिमिनेशन राउंड का 24वां दिन पूरा होने तक 122 प्रत्याशियों में से 97 चुनावी दौड़ से बाहर हो चुके हैं। वहीं सात प्रत्याशी निर्धारित कोटा हासिल कर निर्वाचित हो चुके हैं। शुक्रवार को एलिमिनेशन राउंड में दिनेश नारायण पाठक (शहडोल) के शेष मतों की गिनती पूरी हुई, जबकि खिलाड़ी लाल गंगोरे (इंदौर) चुनाव से बाहर हुए। अब तक राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, आरके सिंह सैनी, विवेक सिंह, संदीप मेहता, नित्यानंद मिश्रा और हितोषी जय हार्डिया निर्धारित कोटा पार कर निर्वाचित हो चुके हैं। मतगणना में पुरुष प्रत्याशियों में नरेंद्र कुमार जैन, अखंड प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, सुनील कुमार मिश्रा और जितेंद्र कुमार शर्मा बढ़त बनाए हुए हैं। महिला प्रत्याशियों में अब केवल अन्नू पटेल (सिंगरौली) मैदान में हैं। परिषद के चुनाव में पांच महिला प्रत्याशियों का आरक्षण निर्धारित है। नियम के अनुसार मतगणना में चुनाव से बाहर होने वाली महिला प्रत्याशी भी यदि अंतिम पांच महिला प्रत्याशियों की श्रेणी में रहती हैं तो अंतिम परिणाम में आरक्षण के आधार पर निर्वाचित होंगी।

## विद्याभारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ

**जबलपुर।** विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ संस्कारधानी जबलपुर स्थित सरस्वती शिक्षा परिषद कार्यालय के श्री रोशनलाल सक्सेना सभागार में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज ने की। मुख्य अतिथि मप्र उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्याभारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, संगठन मंत्री गोविन्द चन्द्र महंत एवं महामंत्री देशराज शर्मा रहे। प्रारंभ में देश के दिवंगत प्रतिष्ठित नागरिकों तथा असम और नेपाल में बाढ़ से मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए गोविन्द चन्द्र महंत ने कहा कि विद्याभारती का कार्य 1952 में प्रारंभ हुआ था और अब 75 वर्ष की यात्रा की ओर बढ़ रहा है। संस्था का लक्ष्य राष्ट्रभक्ति एवं संस्कार आधारित शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्र निर्माण को गति देना है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल ने कहा कि विद्याभारती के कार्यकर्ता भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग के संदेश की भावना से कार्य करते हुए राष्ट्र के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भारत-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्याभारती के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि विवेक, ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय से व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य विद्याभारती कर रही है। शिक्षा में सनातन संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रभाव का समावेश आवश्यक है। अतिथियों का स्वागत सुधीर अग्रवाल एवं नितिन चौधरी ने किया। संचालन विवेक शेण्डेय ने किया। बैठक में देश के सभी प्रांतों से करीब 200 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। कार्यकारिणी बैठक 13 सितंबर की शाम तक चलेगी।



## 50 साल बाद मिले मॉडलियन, यादें हुईं ताजा

**जबलपुर।** उमंग, उल्लास और आत्मीयता से भरे माहौल में 77 बैच के मॉडलियंस का पुनर्मिलन समारोह आयोजित हुआ। पांच दशक बाद मिले विद्यालयीन मित्रों ने पुरानी यादें साझा कीं और गुरुजनों को स्मरण किया। इस दौरान गीत-संगीत, गायन, नृत्य, कविता, शेर-शायरी की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। समारोह में सर्वसम्मति से 5 सितंबर 2027 को मॉडल 77 बैच का स्वर्ण जयंती उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। देश-विदेश में रह रहे सभी मित्रों को परिवार सहित आमंत्रित करने के लिए कक्षावार सूची तैयार की जा रही है। इस अवसर पर सुधीर पांडे, कुलदीप प्रभाकर एवं अजय तोमर का जन्मदिन केक काटकर, मोमबत्तियां जलाकर एवं पुष्पहार पहनाकर मनाया गया। डिनर के दौरान संजयनाथ अग्रवाल, देवेंद्र व्यास, प्रदीप सिंह भोगल, शैलेश कुमार जैन, विश्वनाथ दत्ता, रीम एवं संतोष श्रीवास्तव आदि ने सुर-ताल, कविता और शेर-शायरी से कार्यक्रम को यादगार बनाया। तय किया गया कि मित्र प्रत्येक माह होटल कृष्णा में परिवार सहित मिलेंगे और स्वर्ण जयंती समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन पंडित अंशुमन शुक्ला ने किया तथा आभार सुनील धगट ने व्यक्त किया।



## श्रीकृष्ण प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा तोड़े जाने, जन्माष्टमी आयोजन में बाधा डालने तथा करीब 300 श्रद्धालुओं के लिए तैयार भोजन को फैलाने की घटना के विरोध में यादव महासभा ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव सहित दिनेश यादव, शिव यादव, राम रतन यादव, घनश्याम यादव, मधु यादव, मनोज यादव, सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## भेड़ाघाट से महाकौशल को मिलेगी 600 मेगावाट अतिरिक्त बिजली

**जबलपुर।** महाकौशल क्षेत्र की विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एमपी ट्रांसको ने पावर ग्रिड के 765 केवी भेड़ाघाट पूलिंग सबस्टेशन से 600 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उपलब्ध कराने की योजना पर काम तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने भेड़ाघाट क्षेत्र में चल रहे परियोजना कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भेड़ाघाट पूलिंग सबस्टेशन से लिलो प्वाइंट तक बन रही 220 केवी लाइन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने रबी सीजन से पहले शेष कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। योजना के तहत 220 केवी जबलपुर-नरसिंहपुर लाइन के दोनों सर्किटों को भेड़ाघाट सबस्टेशन में लिलो किया जा रहा है। लम्हेटी गांव से भेड़ाघाट तक करीब 7 किलोमीटर लाइन के लिए 45 टावर लगाए जा रहे हैं। परियोजना पूरी होने पर नयागांव और नरसिंहपुर सबस्टेशन को 300-300 मेगावाट अतिरिक्त पारेषण क्षमता मिलेगी। इससे महाकौशल क्षेत्र की उपलब्ध स्थानांतरण क्षमता बढ़ने के साथ विद्युत आपूर्ति अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय होगी। भेड़ाघाट पूलिंग सबस्टेशन में 500-500 एमवीए क्षमता के दो 400/220 केवी ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं, जिससे करीब 1000 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उपलब्ध होगी। वहीं एनटीपीसी चीचली से मध्यप्रदेश के हिस्से की 756 मेगावाट बिजली की निकासी भी अधिक प्रभावी हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता डी.के. अग्रवाल एवं एस.के. दुबे, अधीक्षण अभियंता आर.एस. पांडेय, कार्यपालन अभियंता हर्ष श्रीवास्तव, ए.पी.एस. चौहान, जितेंद्र तिवारी तथा सहायक अभियंता राजेश तिवारी उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240